kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-349 ❑ मंगलवार, 23 जनवरी 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की राजनीतिक साधना और शास्त्रोचित नियमों के पालन के बाद अयोध्या में राम लला विराजमान की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ है और इससे सनातन संस्कृति का नया अध्याय प्रारंभ होगा।

राजनाथ सिंह

देश का सबसे बड़ा पर्यटक केंद्र होगा अयोध्या : रिपोर्ट 11

देश भर से श्रीराम मंदिर निर्माण में मिला है योगदान : चंपत राय 12

# बाल रूप में विराजमान हुए रामलला

## पीएम नरेंद्र मोदी ने किया दंडवत प्रणाम

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**अयोध्या/लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर में श्री रामलला के नवीन विग्रह की सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इससे संबंधित अनुष्ठान में भाग लिया।

सुनहरी रंग का कुर्ता, क्रीम रंग की धोती और उत्तरीय पहने प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री इस दौरान अपने हाथ में लाल रंग के कपड़े में लिपटा हुआ चांदी का छत्र भी लेकर आए। गर्भगृह में मोदी ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान शुरू किया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए 'संकल्प' लिया । अनुष्ठान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल हुए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मध्यान्ह में साढ़े बारह बजे (12-29) बजे रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने मंदिर परिसर पर पुष्प वर्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक क्षण हर किसी को भाव-विभोर करने वाला है। इस दिव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनना मेरा परम



सौभाग्य है। जय सियाराम।

उधर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यानी 23 जनवरी से राम मंदिर में रामलला की पूजा का विधान तय हो गया है। इसके लिए श्री रामोपासना नाम से संहिता बनाई गई है। नियम के तहत सुबह 3 बजे से पूजन और श्रृंगार की तैयारी होगी। 4 बजे रामलला को जगाया जाएगा। पहले पांच बार

- ❑ प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में अयोध्या में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा
- ❑ आज से राम-मंदिर में पूजा का विधान
- ❑ सुबह 3 बजे से पूजन-श्रृंगार की तैयारी होगी, रामलला 4 बजे जागेंगे
- ❑ रोज 14 घंटे होंगे दर्शन

आरती होती थी, आगे भी वैसे ही होगी।


ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला को हर घंटे फल-दूध का भोग लगेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए मंदिर में दर्शन की अवधि 14-15 घंटे हो सकती है। राम मंदिर के पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि 1949 में प्रकट हुए श्रीरामलला के वस्त्रों का रंग दिन के अनुसार रहा। ये परंपरा नए मंदिर में जारी रहेगी। रामलला सोमवार को सामान्य दिनों में सफ़ेद वस्त्र धारण करते हैं, लेकिन विशेष अवसर पर पीले वस्त्र धारण करेंगे। मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को हल्का पीला या क्रीम कलर, शनिवार को नीला और रविवार को गुलाबी रंग के ● शेष पेज 11 पर

## हमारे राम आ गए नये कालचक्र का उद्गम हुआः मोदी

# भारत के उत्कर्ष, अभ्युदय और सिद्धी का साक्षी बनेगा श्रीराम मंदिर

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संजीवनी योग में मंत्रोच्चार के बीच श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंच पर आते ही कहा कि हमारे राम आ गए। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं दिव्य मंदिर में रहेंगे। यह क्षण अलौकिक है। यह कैलेंडर की तारीख नहीं बल्कि नए कालचक्र का उद्गम है। हमारी चेतना का विस्तार राम से राष्ट्र तक होना चाहिए। अब देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार करना है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर की भूमि पूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढता ही जा रहा था। निर्माण कार्य देख देशवासियों में हर दिन नया विश्वास पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों के धैर्य की धरोहर मिली है। आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा होता राष्ट्र अतीत के हर दौर से हौसला लेता है और राष्ट्र ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी लोग आज की इस तारीख की चर्चा करेंगे। यह कितनी बड़ी रामकृपा है कि हम सब



इस पल को जी रहे हैं इसे घटित होते देख रहे हैं। आज दिन, दिशाएं और सब दिव्यता से परिपूर्ण है। यह सामान्य समय नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रही स्मृति रेखाएं हैं। हम सब जानते हैं कि जहां राम का काम होता है, वहां पवन पुत्र हनुमान होते हैं, इसलिए मैं रामभक्त हनुमान व हनुमान गढ़ी को प्रणाम करते

### शरीर स्पंदित है कंठ अवरुद्ध है

मंदिर परिसर में विशिष्टजनों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सदियों के धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग व तपस्या के बाद प्रभु राम आ गए हैं। इस शुभ घड़ी की समस्त देशवासियों बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि मैं अभी गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके सामने आया हूं। कितना कुछ कहने को है लेकिन कंठ अवरुद्ध है। मेरा शरीर अभी भी स्पंदित है। चित अभी भी उसी पल में लीन है। मेरा विश्वास व श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश व विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। यह क्षण अलौकिक है। यह पल पवित्रतम है। यह माहौल यह वातावरण यह ऊर्ज़ा यह घड़ी प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है। 22 जनवरी 2024 का यह सूर्य एक अद्भुत आभा लेकर आया है।

हुए माता जानकी सहित सभी को नमन करता हूं। ● शेष पेज 11 पर

# रामलला के साथ ही भारत का सम्मान लौट आया: मोहन भागवत

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**अयोध्या/लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख व सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने कहा है कि श्रीरामलला के साथ ही भारत का सम्मान लौट आया है। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष के पराभव काल के कलंक को मिटाकर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम नए प्रतिमान गढ़ते हुए देश को विश्वगुरु बनाने के नए सोपान की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने जनमानस को हर्ष की इस घड़ी में चार नव प्रण दिलाकर यह आशा जताई कि इनका पालन कर मंदिर निर्माण का काम पूरा होने के भीतर ही भारत विश्वगुरु बनकर पूरी दुनिया में अपनी आभा बिखेरने लगेगा। हमें क्लेश-कलह नहीं बल्कि उच्च आचरण से देश की तरक्की में योगदान देना होगा।

उन्होंने सोमवार को प्राणप्रतिष्ठा के बाद कहा कि आज का आनंद शब्दों में वर्णातीत है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का सम्मान लौटकर आया है। संपूर्ण



- ❑ श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के संघर्ष को नमन कर जनमानस को दिया 'नव प्रण'
- ❑ श्रीराम की नीतियों से हम भारत को विश्व गुरु बनाने का काम कर सकेंगे
- ❑ हमें क्लेश-कलह नहीं बल्कि उच्च आचरण से देश की तरक्की में योगदान देना होगा

विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत उठ खड़ा होगा, इसका यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साक्षी बन रहा है। सब में आनंद है, सब में उमंग है। हमने सुना इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कठिन व्रत रखा, जो कि उनके तपस्वी ● शेष पेज 11 पर

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर युगों-युगों तक सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में सोमवार को श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा को करोड़ों राम भक्तों के लिए अविस्मरणीय दिन करार दिया और कहा कि यह मंदिर युगों-युगों तक सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा।

शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जय श्री राम- ३5 सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा आज पूर्ण हुई। उन्होंने कहा, ''आज का दिन करोड़ों रामभक्तों के लिये कभी ना भूलने वाला दिन है। आज जब हमारे रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तब असंख्य रामभक्तों की तरह मैं भी भावविभोर हूं। इस भावना को शब्दों में समेट पाना संभव नहीं है। शाह ने कहा कि इस पल की प्रतीक्षा में न जाने कितनी पीढ़ियां खप गईं लेकिन कोई भी डर और आतंक रामजन्मभूमि पर फिर से मंदिर बनाने के संकल्प और विश्वास को डिगा नहीं पाया। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने राम मंदिर के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले सभी लोगों को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अनेक ● शेष पेज 11 पर

## श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत सीएम ने प्रकट किए अपने मनोभाव


# भाग्यवान है हमारी पीढ़ी, जो राम-काज के साक्षी बन रहे

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**अयोध्या/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के लबे अंतराल के बाद इस चिरप्रतीक्षित मौके पर अंतर्मन में भावनाएं कुछ ऐसी हैं कि उन्हें व्यक्त करने को शब्द नहीं मिल रहे हैं। मन भावुक है, भाव विभोर है, भाव विह्वल है। आज वह समय आ गया है, जिसकी प्रतीक्षा थी। संतोष है कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की समाप्ति के लिए, हमारे संकल्प पूर्णता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार और अभिनंदन।

यह भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा

मुख्यमंत्री ने अयोध्याधाम में श्रीरामलला के बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक नगर या तीर्थ भर का विकास नहीं है। यह उस विश्वास की विजय है, जिसे 'सत्यमेव जयते' के रूप में भारत के राजचिह्न में अंगीकार किया गया है। यह



लोकआस्था- जन विश्वास की विजय है। भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है, यह राष्ट्र मंदिर है। निःसन्देह! श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है। अवधपुरी में रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है। उन्होंने कहा कि 'रामराज बैठे त्रैलोका। हर्षित भये गए सब सोका।। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चिंत रहिए! ● शेष पेज 11 पर

- ❑ मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था: योगी
- ❑ जिस अयोध्या को अवनि की अमरावती'' और ''धरती का वैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त रही
- ❑ हर मन में राम नाम है, हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है, रोम रोम में राम रमे हैं, पूरा राष्ट्र राममय है
- ❑ सांस्कृतिक, आयुष्मान, स्वच्छ, सक्षम, सुरम्य, सुगम्य, दिव्य और भव्य अयोध्या के रूप में रामनगरी का हो रहा पुनरोद्धार
- ❑ सीएम योगी ने प्रधानमंत्री व सर संघचालक को भेंट किया राम मंदिर का रजत मॉडल

## अयोध्या से लौटकर 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की मोदी ने की घोषणा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में सोमवार को राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अपने पहले निर्णय के तहत देश भर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने का एक नया कार्यक्रम ' प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करने की घोषणा की। श्री मोदी ने डिजिटल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह घोषणा करते हुये कहा, इससे गरीब और मध्य वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। प्रधानमंत्री ने लिखा, सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्त गण सदैव ऊर्ज़ा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा यह संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारत वासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम हो। उन्होंने कहा, अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारम्भ करेगी।

## जय श्री राम के साथ आतिशबाजी की गूंज, प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाई गई दीवाली


# गगनचुंबी आतिशबाजी से सराबोर रहा लखनऊ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा होते ही ऐसी आतिशबाजी हुई जैसे दिन में ही दीवाली मनाई जा रही है। पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष के साथ आतिशबाजी के धमाकों से गूंज उठा। हालात यह थे कि शाम को लोग आतिशबाजी खरीदने के लिए भटक रहे थे। शाम को भी आतिशबाजी के रोशनी और आवाज से आसमान गूंज रहा था।

लोगों की भावनाओं को देखते हुए प्रशासन ने आतिशबाजी की दुकानें लगाने के लिए विशेष अनुमति प्रदान की थी। आतिशबाजी के लिए दीवानगी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जीआईसी परिसर में लगी आतिशबाजी की दुकानें दिन में ही खाली हो गई थीं। होल सेलरों ने गोदामों रखी आतिशबाजी खूब बेची। यहियागंज में रहने वाले आतिशबाजों के घरों से भी खूब बिक्री हुई।

सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का



जैसे ही लाइव प्रसारण शुरू हुआ। बच्चे घर की छतों पर चढ़गए और आतिशबाजी करने लगे। यही नहीं सड़कों पर पटाखों की लड़ियों की आवाज गूंजने लगी। सिंगारनगर, भीमनगर, गोमतीनगर विस्तार, कैसरबाग में खूब आतिशबाजी हुई। चारबाग सब्जी मण्डी में 20 हजार पटाखों की लड़ी में जब आग लगाई गई तो पूरा वातावरण देर तक धमाकों से गूंजता रहा। चौक राजाबाजार के सड़क पर आतिशबाजी के कारण आवागमन बंद हो गया। आरडीएसओ में संजीव गोसाईं, डीपी सिंह, केके सिंह समेत तमाम कर्मचारियों ने राजधानी हॉल के पास आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा। अहिमामऊ के पास गुड्डू आतिशबाज ने तो दीवाली में बचे सारे पटाखे जला दिए। मवैया में भी देर तक आतिशबाजी हुई। चारबाग में लोकनिवास में भी भण्डारे के अलावा आतिशबाजी हुई।

खुशी से उत्साहित बच्चे और बड़े घरों के बाहर हाथों में श्रीराम का झण्डा लेकर निकलकर सड़कों पर निकल पड़े। पटाखे फोड़ कर खुशी जतायी। राम भक्त श्रीराम के जयकारे लगाने के साथ ही आतिशबाजी करने लगे। आशियाना, आलमबाग, चौक, सीतापुर रोड, खदरा, त्रिवेणीनगर, डालीगंज समेत शहर भर में रामभक्तों ने श्रीराम के जयकारे गूंज देखने को मिली। मोहल्ले में इकट्ठा हुए रामभक्त हाथों में भगवा तो शरीर में गरूआ वस्त्र धारण किये थे। युवकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। मोहल्लों में स्थित मंदिरों में भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की गई। बिजली के छोटे-छोटे बल्बों की आकर्षक झालरों से सजाया था। पूजा के लिए महिलाएं भी एकत्रित हुईं। उनका कहना था कि वर्षों का इंतजार खत्म हो गया। देश में नए युग की शुरुआत हुई है। महिलाओं ने कहा कि पांच सौ वर्ष के इतिहास मे पहली बार यह अवसर आया है।

# समृद्ध आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत होगी उत्तर प्रदेश पर्व की थीम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार 24 जनवरी से तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश पर्व की शुरुआत होगी। वैसे तो इस अवसर पर प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम होंगे। मगर मुख्य आयोजन लखनऊ, नोएडा और नई दिल्ली में होंगे। बताते चलें कि तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक की पहल पर उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर उत्तर प्रदेश पर्व के आयोजन की परम्परा शुरू हुई थी।

प्रदेश के संस्कृति विभाग ने इन कार्यक्रमों की जोरदार तैयारी की है। इस बार के उत्तर प्रदेश पर्व की थीम-'उत्तर प्रदेशःसमृद्ध आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत' रखी गई है। उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, नई दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बाबा खड़ग सिंह मार्ग और नोएडा हाट सेक्टर-32 में शिल्पोत्सव के आयोजन होंगे। शिल्पोत्सव की शुरुआत तो मंगलवार 23 जनवरी से ही हो जाएगी। इसमें प्रदेश के

- ❑ कल से शुरु होंगे तीन दिवसीय आयोजन, लखनऊ, नोएडा और नयी दिल्ली में होंगे मुख्य आयोजन

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत जिलों के उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत अन्य राज्यों के भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रदेश के हर जिले में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी और लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी संग्रहालय निदेशालय और पुरातत्व विभाग की ओर से आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी की ओर से उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत पर चित्रकला शिविर और प्रदर्शनी का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश राज्य अभिलेखागार उत्तर प्रदेश के इतिहास पर प्रदर्शनी लगाएगा। ● शेष पेज 11 पर

# श्रीराम भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीरामोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसया,कुशीनगर। प्रभु श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को साखोपार में हर्षोल्लास के साथ रामोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में गांव के देव स्थानों पर भजन कीर्तन के बाद मुख्य मार्गों से झांकी निकाली गई जो साखोपार से बहोरापुर बड़ीपुल का फ़ेरा लगाकर पुनः साखोपार वापस आकर समाप्त हो गई। इस अवसर पर श्रम पंजीयन अंशदान एवं नवीनीकरण समिति के अध्यक्ष व बीओसीडबल्यू बोर्ड श्रम मंत्रालय उत्तरप्रदेश सरकार के सदस्य भाजपा नेता अभय प्रताप नारायण सिंह ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ आज से देश में राम राज स्थापित हो गया,प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में पांच सौ साल बाद यह शुभ घड़ी आई है,उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी का मार्मिक उद्बोधन दिल को झकझोर कर रख दिया है वास्तव में राम भक्ति में हनुमान जी के बाद दूसरा स्थान पीएम मोदी को मिलेगा।

झांकी जुलूस में भाजपा नेता अभय प्रताप नारायण सिंह,ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, दिनेश प्रताप सिंह,वशिष्ठ जायसवाल,राकेश जायसवाल, कुशल प्रताप सिंह एडवोकेट,अभिषेक सिंह, कौशल कुमार सिंह,राजेश दुबे,निशांत सिंह,किन्नरेश चौबे,बृजेश जायसवाल, संतोष उर्फ बबलू जायसवाल,अमन सिंह, त्रिपुरेश सिंह,सत्यम सिंह, अशोक जायसवाल,उमेश जायसवाल,बांके लाल सोनी,संतोष सिंह प्रधान प्रतिनिधि शामपुर हटवा, ईश्वर जायसवाल,सौरभ सिंह,रामकृपाल यादव, महंत पटेल,सुंदरम सिंह, शशांक सिंह,शिवम सिंह, करुणेश सिंह,ओम सिंह, मणि कंचन चौबे,ब्रजेश चैबे,भुवनेश प्रताप सिंह, सूरज देव सिंह,धर्मेंद्र चौहान,श्री रावत, त्रयंबकेश्वर सिंह,राघव मद्धेशिया आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। श्रीराम के जय घोष के बीच निकाली गई श्रीराम की शोभा यात्राअयोध्या मे भव्य मंदिर में श्रीराम के अनुवाईयों द्वारा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। पीएम मोदी और सीएम योगी के निर्देशन में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में भगवा फहराया गया तथा विभिन्न धार्मिक स्थानों पर पूजा अर्चन किया गया।जनपद कुशीनगर के जानकी नगर में श्रीराम जानकी मंदिर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के समूह में हाथी,घोड़ा,केसरिया ध्वज लहराते हुए कार्यक्रम को भव्यता का रूप दिया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी हिन्दू धर्म के अनुवाईयों ने शोभा यात्रा मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जानकीनगर में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बोलते हुए समाज सेवी विनोद सिंह ने कहा कि 500 वर्षों की तपस्या का फल आज मिला है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के लगभग सभी मंदिरों में भजन,कीर्तन,जागरण और भंडारे का आयोजन कर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया गया।

इसी क्रम में ग्राम रहसू के श्रीराम भक्तों द्वारा पूरे गांव में झंडा ढोल ताशे के साथ जय श्री राम के नारी के साथ जुलूस निकाला गया। गांव में अलग-अलग मंदिरों पर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिवाकर मिश्र सोनू, जग्गू मिश्रा, पप्पू मिश्रा, सत्य प्रकाश, संजय मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, आर.के.भट्ट सहित बड़ी संख्या में गांव के युवा बच्चे एवं बालिकाएं उपस्थित रही।

# आज अटेवा पेंशन बचाओ मंच भिटौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । फतेहपुर के तत्वावधान में अटेवा भिटौरा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक संयोजक मनीष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आज की इस बैठक में अटेवा भिटौरा के ब्लॉक अध्यक्ष मनीष गुप्ता जी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।जिला मीडिया प्रभारी उदित कुमार सचान जी ने 25 जनवरी को मतदाता/पेंशन जागरूकता मार्च मे अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करने के लिए एंव 28 जनवरी को होने वाले ट्विटर अभियान के बारे में बताया तथा अधिक से अधिक ट्वीट करने के लिए कहा एवं अटेवा के आन्दोलनों को सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए कहा। अटेवा के जिला महामंत्री महेन्द्र मौर्य ने कहा कि निजीकरण मध्यमवर्ग के लोगों के खिलाफ खड़यंत्र बताया और 4फरवरी को लखनऊ में होने वाले रन फार ओपीएस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने के लिए कहा। संगठन मंत्री मुकेश मौर्य ने कहा पेंशन हक है लेकर रहेंगें। सेवानिवृत्त शिक्षक रामखेलावन जी ने भी आंदोलन का समर्थन किया ।एडवोकेट इन्द्रजीत सिंह एवं एडवोकेट अश्विनी यादव ने कहा कि निजीकरण एवं पेंशन की इस लड़ाई में हम हमेशा अटेवा के साथ हैं।जिला संयोजिका डॉक्टर असफिया मजहर जी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ रन फार ओपीएस में चलना है।जिला सह संयोजिका मनोज अंजू सचान जी ने कहा कि हमें अपने ब्लॉक में एन पी आर सी स्तर पर टीम बनाकर लोगों को आन्दोलन के बारे में जागरूक करना है। ब्लाक अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने शिरीष शुक्ला को आई टी सेल प्रभारी नियुक्त किया।आज की बैठक में ब्लॉक संयोजिका विमलेश कुमारी,संध्या गुप्ता,अन्नपूर्णा जी,नागेन्द्र प्रताप सिंह, लालचन्द्र मौर्य,विपिन श्रीवास्तव, आशीष सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पत्रकार ने बाटें कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। भगवान श्रीराम के अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश के उत्सव का माहौल है। गाँव के हर मंदिर में पूजन

**श्रीराम काज करने वालों को राम बचाते है : संयोग**

संकीर्तन भजन सुनाई पड रहें हैं। इसी माहौल को और सुंदर बनाने के प्रयास से एडवोकेट/वरिष्ठ पत्रकार संयोग श्रीवास्तव ने अपने गाँव के गरीब व असहाय लोगों में कंबल वितरण किया। वैसे पत्रकार श्रीवास्तव द्वारा बीते कुछ वर्षों से अपने गाँव के गरीबों में कबंल वितरण किया जाता रहा है। इस संबंध में पत्रकार संयोग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष तो मकर संक्रांति के दिन अपनी क्षमता के अनुसार कुछ जरूरतमंदों की जरूरत ईश्वर की कृपा से पूरा करने का प्रयास करता रहा हूँ लेकिन इस बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन ये कार्यक्रम करना था ताकि ये पावन दिन हमें प्रभु काम की याद दिलाएँ।उन्होंने अपने द्वारा लिखित भजन जो कि प्रसिद्ध डिवोशनल सिंगर रोहित तिवारी बाबा द्वारा गाया गया है उसके लाइनों को भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए कहा कि हम राम दिवाने रघुनंदन पर जान लुटाते है वो मर्यादा पुरुषोत्तम उनको शीश नवाते है।कंबल वितरण के दौरान राकेश श्रीवास्तव, यशराज,ओम,अवध खरवार, श्यामसुंदर गुप्ता, बेचू गोड, आदि अनेक लोग उपस्थित रहें।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का नगर में जगह जगह किया गया सीधा प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । अयोध्या में सोमवार को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पडरौना नगर के सभी प्रवेश मार्गो व मंदिरों में नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में एलईडी स्क्रीन पर किया गया। नगर के सुभाष चौक, तिलक चौक, बावली चौक, बेलवा चुंगी सहित रामधाम पोखरा पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से हजारों की संख्या में लोगों ने रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का साक्षी बने। तत्पश्चात नपाध्यक्ष ने अपने हाथों से लोगों को प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा नगर के जनरल बिपिन रावत नगर मानस कॉलोनी स्थित श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में भव्य भजन कीर्तन व जागरण का आयोजन भी हुआ।

नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि लगातार पड़ रही भीषण ठण्ड के बीच आज सूर्य का प्रकाश इस बात का सूचक है कि मानव सहित देवताओं ने भी आज रामलला प्राणप्रतिष्ठा का दर्शन किया है। करीब पांच शताब्दियों की सबरी प्रतीक्षा के बाद राजाराम पुनः अपने राजमहल में विराजमान हुए हैं यह खुशी का त्योहार भारत ही नही, सम्पूर्ण विश्व मना रहा है। उन्होंने कहा कि नगर की हर गलियों में श्रीराम ध्वज, पटाखों और श्रीरामज्योति के प्रकाश ने आज पूरे पडरौना को अयोध्याधाम जैसे रंग में रंग दिया है। महिला, पुरुष, नौजवान, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी सहित सभी वर्गो ने श्रीराम का स्वागत अपने अपने घरों में किया है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा लोकसभा विस्तारक मनोज पाण्डेय,

**श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा से देश नही पूरा विश्व उत्साहित : विनय**

भाजपा नेता विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन आनन्द, ईओ सन्तराम सरोज, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल सुसील टिबरेवाल अनूप गौड़ अभय मारोदिया, अशोक अग्रवाल राजेश जायसवाल आकाश वर्मा संतोष चौहान अमित जायसवाल, बृजेश शर्मा, धर्मेंद्र मद्धेशिया जय वर्मा, मनोज जायसवाल मुकेश पासवान, नन्हे पाण्डेय, प्रिंस शर्मा, हरिमोहन जायसवाल राहुल कन्नौजिया, रोहन विश्वकर्मा, रितेश जायसवाल शैलेश पाण्डेय, विजय शाह, विकास मद्धेशिया, भास्कर शर्मा, संजय सिंघल नीरज मिश्र, अमित तिवारी राजेश कुशवाहा, संदीप निगम, अभिषेक चौधरी, महेंद्र चौधरी, मानस मिश्रा गौतम गुप्ता के अलावा हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 22 जनवरी श्री हनुमान मंदिर बसस्टैंड परिसर की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया गया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। फतेहपुर के श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट फतेहपुर के पुजारी बाबू तिवारी ने द्वितीय वार्षिकोत्सव को भव्यता पूर्ण मनाने में कलश यात्रा सुंदरकांड पाठ हवन पूजन मंगल आरती सहित देश की खुशहाली हेतु विशेष पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन प्रसाद वितरण व भंडारा में खिचड़ी बूंदी लड्डू किया गया है, साथ ही दिव्य स्थान अयोध्या में श्री राम सीता दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंगल प्रार्थना मंगल गीत दीप ज्योति प्रज्वलित करके खुशियों को बाटकर मनाया जाएगा, व जय श्री राम जय श्री हनुमान का गगन भेदी उद्घोष किया गया श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के मुख्य न्यासी किशन मेहरोत्रा न्यासी मनोज साहू राजेन्द्र साहू रामभक्त सन्तोष तिवारी सन्दीप श्रीवास्तव प्रेमदत्त उमराव आशीष सिंह श्रवण कुमार दीछित अभिषेक रायजादा सलोनी मेहरोत्रा सीमा सिन्हा श्रीमती यादव गुड़िया सहित सैकडो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# महर्षि में हुआ श्रीराम मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। फतेहपुर के नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में आज महर्षि विश्व शान्ति आन्दोलन के तत्वावधान में सुन्दर काण्ड पाठ, भजन कीर्तन व दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के शिक्षक व छात्रों द्वारा संगीतमय गायन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 चन्द्र कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन देश के लिए ऐतिहासिक होने वाला है क्योकि आज भगवान राम सनातन धर्म के आस्था के सबसे बड़े प्रतीक के रूप में अपने भव्य महल में विराजमान हो रहे है। भगवान राम व्यक्ति में बसने व रमने वाले है। प्रत्येक धड़कन में राम विराजमान है। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अशोक तपस्वी जी ने कहा कि राम एक राजा के रूप में कुशल प्रशासक, समाज सेवक मार्गदर्शक ही नही जीवन के कण-कण में विद्यमान एक सत्ता है। महर्षि विश्व शान्ति आन्दोलन के पूर्व अध्यक्ष श्री करुणाशंकर मिश्र जी ने कहा कि यदि हम राम का आचरण अपने जीवन में उतार लें तो धरती स्वर्ग तुल्य हो जायेगी। वह प्रत्येक व्यक्ति में रमने वाली एक परम सत्ता है जो सम्पूर्ण सृष्टि को संचालित कर रही हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी जी ने आगत अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होनें कहा कि 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है। हम परम सौभाग्यशाली है जो इस क्षण के साक्षी हो रहे है। ''जय श्री राम' के उद्घोष से पूरे विद्यालय परिसर गुंजायमान रहा। जिससे एक उत्सव का वातावरण रहा।

# भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मां आनंदी माता मंदिर में प्रसाद वितरण आयोजन किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर/थरियांव । थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बिलंदा में बने कई साल पुराना जय मां आनंदी माता के मंदिर में भक्तों के द्वारा आज भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी ग्राम सभा के ग्रामीणों ने राहगीरों को प्रसाद वितरित किए। वही बिलंदा मे कलश यात्रा नेवादा से निकलकर बिलंदा चौराहा होते हुए जय मां आनंदी देवी मंदिर पहुंची और भक्तों द्वारा बिलंदा चौराहा पर स्टाल लगाकर लोगो को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राहुल गुप्ता, संजू भईया, सोभीत गुप्ता,शिवम दुबे,राम जी गुप्ता,विकाश सोनी, अभय सोनी,अशोक वर्मा, पूरन चंद्र सोनी,आदि सभी भक्तो के द्वारा बिलंदा चौराहा पर स्टाल लगाकर भगवान के प्राण प्रतिष्ठा में प्रसाद वितरण किया गया।

वही थरियांव गांव कस्बे में अनूप सिंह जी के आवास में बने पोस्ट आफिस में श्री सुंदर काण्ड के आयोजन किया गया। सुंदर काण्ड में थरियांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

वही थरियांव थाना क्षेत्र के मलाव गांव में बहुत साल से पुराना बने भुइया बाबा मंदिर में भक्तो द्वारा सुंदर काण्ड वा भंडारा आयोजित किया गया।

# श्री रामोत्सव पर्व, रामधुन पर झूमा ज़िला, हुए भव्य कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर जनपद खीरी में उत्सव का माहौल है। घरों पर लहराते ध्वज, मंदिरों से लेकर बाजार, सरकारी भवनों, दफ्तरों, मोहल्लों में सजीं रंग-बिरंगी लाइटें, जगह-जगह पर होने वाले भंडारे आकर्षण का केंद्र बने हुई हैं।

शहर में जय श्रीराम... अंगना मैं सजाऊंगी राम आएंगे, सजा दो घर गुलशन सा, मेरे राम आए हैं जैसे भक्ति गीतों की धुनों पर नाचते-गाते भक्त... हर जगह यही नजारे थे। मंदिरों में जहां एक ओर सुंदरकांड, अखंड रामायण के पाठ चल रहे वही दूसरी ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। श्री रामोत्सव पर्व : डीएम आवास द्वार पर हुआ भव्य भंडारा, डीएम ने परिवार संग परोसा प्रसाद अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा'' पर डीएम आवास के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य भंडारा हुआ, जिसका डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अल्पना सिंह, दोनों पुत्री मिशिका और मायरा के साथ पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर भव्य भंडारे का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम गोमाता और कन्याओं को भोजन प्रसाद कराके भंडारे की शुरुआत हुई। डीएम में पत्नी संग स्वयं भंडारे का प्रसाद परोसा। इसके बाद डीएम ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के कुष्ठ आश्रम हाथीपुर, वृद्ध आश्रम नौरंगाबाद और जिला चिकित्सालय ओयल में फल और कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह सहित अपनी पूरी प्रशासनिक अफसरो की टीम संग हाथीपुर कोठार मोहल्ले में संचालित कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर कुष्ठरोगियों को फल और कंबल वितरित किए। डीएम ने कुष्ठ रोगियों तथा उनके परिजनों का कुशल क्षेम पूछा। इस दौरान कुष्ठ पीड़ितों ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए अफसर का अभिवादन किया। इसके बाद अफसरों की टीम वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्ध व असहाय लोगों को मिष्ठान, फल व कंबल आदि वितरित कर हालचाल लिया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने वृद्धजनों को हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। इसके बाद जिला चिकित्सालय ओयल में पहुंचकर मरीज व उनके तीमारदारों को फल वितरित किया।

शहर के श्री जानकी मंदिर में गत दिवस को शुरू हुई श्री रामचरितमानस अखंड पाठ आज पूर्ण हुई। इस मोके पर डीएम की धर्मपत्नी, जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह, एसपी की पत्नी कोमल साहा ने राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या जी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह के साथ अखंड पाठ पूर्ण होने पर श्री रामचरितमानस की आरती करके प्रसाद वितरण किया।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबांकी। भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की मौके पर जिले के मित्तई गाँव के इंद्रा नहर पर सुंदरलाल यादव, अहमर उस्मानी व फैसल के तत्वाधान में एक भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर भगवान राम जी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अहमर उस्मानी और सुंदर लाल द्वारा श्री राम जी की पूजा अर्चना के साथ की गई। श्री राम मंदिर के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मितई में राम भक्तों के बीच काफी उत्साह दिखा। साथ ही जगह-जगह श्री राम भक्तों द्वारा प्रभु श्री राम की झांकिया निकालने के अलावा श्री राम नाम के नारों के साथ लोगो मे काफी उत्साह भी देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

राम भक्तों द्वारा विभिन्न जगहों पर मंदिरों एंव घरो में सुंदरकांड एवं रामचरितमानस का पाठ भी किया। जिसमें राम भक्तो ने बढ़ चढ़कर कर सहयोग किया। इससे पूर्व श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर हनुमान चालीसा पाठ एंव विधि-विधान से पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतीक अहमद समेत छेत्र के अन्य वरिष्ठ लोग एवं आयोजक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मड़ियांव में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन, रामगीतो पर झूमे राम भक्त

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या में प्रभू श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा शहर जय श्रीराम नारों से गूंजता रहा। वहीं पूरे शहर में जगह जगह भव्य भंडारो के साथ सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों से भव्य झांकी भी निकाली गई। तो वहीं थाना मड़ियांव क्षेत्र के अन्तर्गत थाने के ठीक सामने शंकरपुर गांव में राजपूत परिवार के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए भव्य भंडारे में सुबह से ही चाय का वितरण किया गया। वही शाम को तहरी वितरण का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रामभक्त राम गीतो पर झूमते नजर आए। राजपूत परिवार की महिलाओं ने भव्य रंगोली बनाई और दीप प्रज्जवलित किया। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजपूत परिवार की महिलाओं ने कहा कि हमें ना जाने कितने वर्षो से इस दिन का इंतजार था वह घड़ी आज खत्म हो गई है पूरा देश राममय हो चुका है। इस मौके पर अनूप राजपूत, रेखा वर्मा, कमल वर्मा, अर्जुन वर्मा, रानी वर्मा, संतोष वर्मा, पुनीत, मनीषा, अशोक वर्मा व शिखा राजपूत समेत बड़ी संख्या में शंकरपुर गांव के निवासी मौजूद रहे।

## भाजपा के जिला महामंत्री बीरू मिश्रा ने बांटी 151 किलो बूंदी

नगराम , लखनऊ। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगराम क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भक्तिमय माहौल बना रहा। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण मंदिरों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को भाजपा के जिला महामंत्री (किसान मोर्चा) वीरेन्द्र शंकर मिश्रा ने अपने पैतृक आवास शाह मोहम्मद पुर अपैया पहुंचे गांव स्थित शिव मंदिर व जय बीर बाबा कनेरी स्थित आलदेव मंदिर बजरंग बली मंदिर पर साफ-सफाई कर अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद 151 किलो बूंदी भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान समेसी , नगराम हरदोइया, बहरौली, करोरा , बलसिंग खेड़ा समेत कई मंदिरों पर भक्तों ने साफ-सफाई कर प्रसाद वितरण किया, मंदिरों में देर शाम तक घंटे घड़ियाल बचते रहे और जगह-जगह भंडारे भी लगायें गये।

# अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में जगह-जगह हुए पूजा-अर्चना के साथ भंडारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सरोजनी नगर के अमौसी स्थित श्री बाला जी महाराज संकट मोचन धाम में सुंदरकांड के बाद महा भोग तहरी का लगाया गया। मन्दिर परिसर जय सिया राम के जयकारों से गुंजायमान रहा जिसके बाद भव्य तहरी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर मन्दिर महंत तीर्थराज त्रिपाठी, अंश बाजपेई पुजारी सुरेश सिंह चौहान, वार्ड नंबर प्रथम की पार्षद गीता देवी रुद्रप्रताप सिंह चौहान (स्वतंत्र सिंह) समाजसेवी, अमर सिंह चौहान, अमन सिंह चौहान पूर्व जिलाध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी भारत, आनन्द सिंह चौहान आशीष सिंह चौहान के अलावा तमाम लोग उपस्थित रहे वहीं इसके अलावा हरौनी के झाड़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भाजपा नेता पुष्पेंद्र पासी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी ग्रामीणों को दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। विधायक के साथ क्षेत्रीय भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, शिव शंकर सिंह शंकरी, गंगाराम भारती, सुभाष पासी, संदीप रावत के साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में सैदपुर पुरही में ग्राम प्रधान मुरलीधर दीक्षित द्वारा गांव में ही एक प्रतिष्ठित मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस के पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नारायनपुर गांव में भी श्री सुकाली बीर बाबा मंदिर में 24 घंटे के श्री राम नाम जाप के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## जगह जगह हुये भंडारे लगे जय श्री राम के नारे

गोसाईंगंज। अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज कस्बे को फूलों और गुब्बारे से सजाया गया।जगह-जगह मंदिरों व घरों में लोगो ने सुंदर कांड पाठ किया। लोगो ने टोली बनाकर कस्बे में धर्म ध्वज के साथ निकलकर जय श्री राम के नारे लगाए। गोसाईंगंज के काली मंदिर मोहनलालगंज मोड,ब्लॉक गोसाईगंज, स्टेट बैंक के पास, हनुमान मंदिर,डॉ गौतम, कन्या पाठशाला स्कूल, राम जानकी मंदिर, कमलकांत मेडिकल स्टोर,ठाकुरद्वारा, स्वामीनारायण ठाकुरद्वारा,सतभईया धर्मशाला,चतुर्भुजी माता मंदिर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया गया।अमेठी कस्बे के कई मंदिरों में लोगो ने अखंड रामायण पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया। इसके साथ ही सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के खुर्दही बाजार एचसीएल अर्जुनगंज, अहिमामऊ सरसवां के साथ कई जगहों पर भंडारे के साथ राम भजनों का आयोजन किया गया।सूर्यास्त के बाद लोगो के दीवाली से घरों व मंदिरों को सजा कर पटाखे जलाए दीवाली मनाई।

# सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के संस्थापक जगदीश गांधी का सोमवार को हृदय गति रुक जाने से मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे करीब 88 वर्ष के थे और बीमार चल रहे थे। उन्हें 28 दिसंबर को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि जगदीश गांधी के दिल और फ़ेफड़ों ठीक से काम नहीं कर रहे थे। गंभीर स्थिति में उन्हें आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। सोमवार तड़के जगदीश गांधी ने अंतिम सांसें ली। जगदीश गांधी अपने पीछे पत्नी डॉ. भारती गांधी, बेटा विनय गांधी, बेटियां सुनीता गांधी तथा प्रो. गीता गांधी किंगडन, प्रो नीता गांधी फारूही को छोड़ गए हैं। निधन की सूचना पर शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सीएमएस की सभी शाखाओं में शोकसभा आयोजित की गई।

## हजरतगंज व्यापारियों ने किया भंडारे का आयोजन



लखनऊ। हजरतगंज में व्यापारियों द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर भंडारे का आयोजन किया गया। आपको बता दे की राजधानी लखनऊ में जहां एक तरफ देखने को आया कि अयोध्या में हो रहा है राम मंदिर के भाव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर व्यापारियों द्वारा हजरतगंज स्थित जीपीओ के पास एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया तो इस भंडारे का संचालन व्यापारी शिवम अग्रवाल द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी भी शामिल हुए इस दौरान सैकड़ो की संख्या में राम भक्तों ने भंडारे में हिस्सा देते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

## रामभक्तों ने निकाली ध्वज यात्रा

लखनऊ। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर चिनहट क्षेत्र स्थित आरुषी विहार कालोनी के साईं धाम मंदिर से रामभक्तों ने ध्वज यात्रा निकाली। श्रीराम लला उत्सव यात्रा को लेकर पिछले कई दिनों से अलख जगा रहे हैं। साईं धाम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी प्रवीन सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी का दिन सनातनधर्मियों के लिए त्योहार से कम नहीं है। पवन अवस्थी ने बताया कि उत्सव यात्रा दोपहर 12 बजे सिटी इण्टर नेशनल स्कूल, एवरग्रीन कैम्पस, शिवमंदिर से शुरू होकर मटियारी चौराहे से होते हुए आरुषी विहार स्थित साईं धाम मंदिर पहुंची। दस किलोमीटर की इस यात्रा में हजारों भक्तों के साथ राम दरबार झांकी, घोड़े, बग्घी पर सवार बाल कलाकार व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

## सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार ने धूमधाम से मनाया रामोत्सव

लखनऊ। सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षकाओं एवं कर्मचारियों ने मिलकर राम उत्सव का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने इस पल को अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ पल बताया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने विद्यालय परिवार के सभी लोगों के साथ मिलकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सभी के साथ विधिवत आरती की, दीए जलाए और मंगल गीत गाए। वहीं अंत में आतिशबाजी भी की गई।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के निराला नगर स्थित कार्यालय पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा के द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव एलईडी स्क्रीन पर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 51 किलो मोती चूर के लड्डू का वितरण किया गया एवं आतिशबाजी के साथ-साथ ढोल नगाड़े बजाकर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी का इजहार किया।

## 501 दीपक जलाकर रामभक्तों ने मनाया दीपोत्सव



लखनऊ। राजाजीपुरमः अयोध्या में भगवान श्रीराम की विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार शाम को ठाकुरगंज फरीदीपुर में अर्न्तराष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत की ओर से 501 दीपक जलाकर विश्व के कल्याण की कामना की। वहीं आचार्य देवेन्द्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराकर भगवान श्रीराम की आरती की और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील ने कहा कि सभी सनातनियों का सपना साकार हुआ है साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग भी की। इस मौके पर अनिल शुक्ला, संतोष त्रिपाठी, कृष्ण मोहन मिश्रा, अंकित निगम, मंगल पाण्डेय, गोविन्द अग्निहोत्री, राजू सहित तमाम रामभक्त मौजूद थे।

# अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर में गूंजा जय श्रीराम का नारा, पूरे शहर में झूमते नाचते नजर राम भक्त

## जगह-जगह हुए भव्य भंडारे एवं सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को लाटूश रोड स्थित होटल पर रामभक्तो द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस मौके पर सभी रामभक्तों ने सुन्दरकाण्ड पाठ व दीपोत्सव का भव्य कार्यक्रम किया। वहीं इस मौके पर भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।

वहीं आशा म्यूजिकल ग्रुप के प्रसिद्ध भजन गायक पंडित पंकज मिश्रा ने सुंदरकांड का गायन बहुत ही मनमोहक तरीके से किया, जिससे वहां पर उपस्थित सभी जनसमुदाय मनमुग्ध हो गया एवं पूरा माहौल राम मय हो गया। वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश तथा हिंदू महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम बहुत ही भव्य व सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

इंदिरा उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया। वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार ने प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता तथा हनुमान जी की झांकी पर माला पहनाकर आरती उतारी। इसके बाद सभी भक्तों का स्वागत किया। इस मौके पर कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें बताया कि जिस दिन को देखने के लिए कई सदियाँ बीत गई, कई पीढ़ियों ने अपना बलिदान दिया आज हम सबके लिए यह गौरव का पल है कि हम सब इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी बने है। आयोजको के मुताबिक कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से लखनऊ मध्य से विधायक रबिदास मेहरोत्रा, श्याम कृष्ण गुप्ता, कौशल किशोर गुप्ता, संदीप निगम प्रदीप ज्वेलर्स, आशीष कुकरेती भास्कर कॉम्प्लेक्स, दिलीप कसौंधन, धीरज गुप्ता, गौरीशंकर अग्रहरी वरिष्ठ समाजसेवी, डॉ अनिल गुप्ता, पिंटू गौड़, महेश गुप्ता, माताप्रसाद शिमला, अजय लक्ष्मी, बबिता चौरसिया, शैलेन्द्र मौर्या, सोनू मिश्रा, राजेंद्र कसौंधन, राकेश कसौंधन, रोहित तिवारी, मयंक गुप्ता, प्रमोद अग्रहरी, प्रतीक सिंह व शालिनी त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जल निगम के कर्मचारियों की ओर से की सरकारी आदेश की अवहेलना

## शासकीय अवकाश घोषित हो के बाद भी दिन चलता रहा काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 22 जनवरी 2024 के दिन जल निगम लखनऊ के कर्मचारियों की ओर से सरकारी आदेश की अवहेलना की गई। मौके पर मौजूद कर्मचारी और लेबरों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो सभी लंच का बहाना करते हुए मौके से लापता हो गए।

इन दिनों गांवों में जल निगम ढकी ओर से पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। ग्राम पंचायत नूरपुर बेहटा में भी का प्रगति पर है।22 जनवरी के दिन जब अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए सरकारी और गैर सरकारी सभी संस्थाओं में अवकाश घोषित कर दिया गया इसके बावजूद बेहटा में चल रहा टंकी निर्माण का कार्य बंद नहीं हुआ। काम कौन करवा रहा है?यह प्रश्न सुनते ही कार्यस्थल पर मौजूद कर्मचारी वहां से लापता हो गया।काम संपन्न कराने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लादे एस पी एम मोहन रेड्डी ने मोबाइल फोन पर हुई बातचीत चीत में कहा कि गलती हो गई है।कंधों पर है। आगे ऐसा नहीं होगा।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंडल अध्यक्ष ने 250 क्विंटल लड्डुवों का किया वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लखनऊ में बड़ी संख्या में लोग अपने घरों पर पूजन एवं भंडारे का कर रहे हैं आयोजन मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा स्थित श्री हनुमान मंदिर में राम मंदिर के निर्माण में गए कार सेवक श्री सुरेश सिंह जादव, श्री रमेश बहादुर सिंह को मोहनलालगंज विधायक श्री अमरेश रावत ने साल और मिष्ठान एवं एवं रामायण देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उसके बाद मण्डल कार्यालय मोहनलालगंज में सुंदरकांड का आयोजन किया तथा सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण करवाया इस मौके पर मोहल्लागंज मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री सुधांशु सिंह ,महामंत्री अंजनी शुक्ला एवं प्रदीप गुप्ता, हिमांशु सिंह ,मोहन सिंह भोला यादव, बाबा यादव ,दिलीप सिंह प्रदीप सिंह, सुशील सिंह एवं अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थिति रही जिसमें सुधांशु सिंह मंडल अध्यक्ष के द्वारा लगभग दो कुंतल लड्डुओं का वितरण किया गयाइसी क्रम में सिसेंडी स्थित वृद्धेश्वर मंदिर में भी पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष तथा बच्चों ने लिया भाग।

# अयोध्या मे रामलला के प्राण प्रतीष्ठा के दिन को पूरे भारत में जमकर मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पारा जगह जगह रामकथा, भंडारा और दीपोत्सव... जय श्रीराम के जयकारों से गूंजे मंदिर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो रहा था इसी खुशी मे पूरे भारत मे जगह जगह शोभायात्रा , भजन , और भंडारे लगाकर लोगो ने इसे धूमधाम से मनाया प्राण प्रतीष्ठा के दिन यूपी के लखनऊ में मंदिरों में दिवाली जैसा उत्सव मनाया जा रहा है. यहां मंदिरों में सैकड़ों दीपक हर रोज जलाए जा रहे हैं. लोगों में भरपूर उत्साह है. जय श्रीराम के नारों के साथ भक्तों ने खुशी का इजहार किया है लखनऊ के विश्व प्रसिद्ध बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के गेट नंबर दो पर भी भंडारे मे लोगो ने प्रसाद लेने के लिए बढ चढ कर हिस्सा लिया बुद्धेश्वर मंदिर के गेट नंबर दो पर हो रहे भंडारे मे पहले राजकुमार गुप्ता व बुद्दिलाल ने सहयोगियों संग बुद्धेश्वर महादेव मंदिर जाकर भगवान को भोग लगाया फिर पूजा अर्चना करने के पश्चात भंडारा जय श्री राम के नारे के साथ प्रारम्भ किया गया बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के गेट पर चल रहे भंडारे मे करीब छः हजार लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया मंदिर के गेट पर भंडारे का आयोजन राजकुमार गुप्ता व बुद्धीलाल चौरसिया ने किया सहयोगियो मे रेहान , नीरज , रवी , अभिषेक कुमार , रिंकू , विशाल , किशोरीलाल , कल्लू , शीलू पटेल , आकाश गुप्ता , मोनू राजपूत , राजेश , आदि लोग रहे उत्तर प्रदेश के लगनऊ में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले हर तरफ हर्ष और उल्लास का माहौल है जहा एक ओर 22 जनवरी को अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा हो रहा था वही इसकी खुशी में भगवान के भक्तो ने 22 जनवरी को दीपोत्सव कार्यक्रम कर घरों में दीपक जला कर इसे त्योहार की तरह मनाया लखनऊ के मंदिरों में आरती के साथ-साथ श्रीराम नाम की धूम और दिवाली जैसा माहौल देखने को मिला श्रद्धालु मंदिरों में जाकर दीपक जला रहे हैं और उत्सव मना रहे हैं लखनऊ में बुद्धेश्वर में स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में राम नाम की धूम रही । बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आरती के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर दीपावली जैसा माहौल बना दिया ।

# जय श्री राम के नारे से गूंजी बीकेटी ,भंडारे सहित अन्य कार्यक्रम हुए आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

स्वरूप,बीकेटी सोमवार को अयोध्या में प्रभू राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के इटौंजा महोना,छठामील,बीकेटी सहित कई जगहों पर विशाल भंडारा सहित अन्य विभिन्न भक्ति कार्यक्रम आयोजित हुए।क्षेत्र के मंदिरों पर रामायण पाठ, भजन,कीर्तन,सुंदरकाण्ड का भी आयोजन राम भक्तों द्वारा किया गया। बख्शी का तालाब थाना पर थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना परिसर मे दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां 1001दीपक सरसो के तेल से प्रज्वलित किए गए,वहीं कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर के पास प्राचीन पातालपुरी पंचमुखी हनुमान गढ़ी मंदिर पर शुद्ध सरसों के तेल से इक्यावन सौ दिए प्रज्वलित किए गए,इस सम्बन्ध मे मंदिर के महंत निर्मल दास ने बताया कि इस अवसर पर सामूहिक रूप से सुंदर काण्ड का पाठ,वृहद सीताराम जाप सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ,जिसमें भक्तो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता संजेश सिंह ने अपने प्रतिष्ठान श्री पति मेडिकल स्टोर पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जहां बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,जिलाध्यक्ष लखनऊ विनय प्रताप सिंह ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।ट्यूबवेल कालोनी एयरफोर्स रोड़ पर बख्शी का तालाब सांस्कृतिक विकास मंच द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ,भजन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।बीकेटी बड़ी बाज़ार में व्यापारियों द्वारा हवन पूजन किया गया तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह,मीडिया प्रभारी प्रदीप,शैलेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसाद वितरित किया।सीतापुर रोड़ स्थित अर्चना गैस सर्विस पर अरुण सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने पहुंचकर प्रसाद वितरित किया।सोनवां स्थित बाराही देवी मंदिर पर सोमवार सुबह सुंदरकाण्ड पाठ व शाम को दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां नन्हे राम भक्त ने राम आएंगे तो अग्ना सजाऊंगी भजन प्रस्तुत किया।वहीं छठामील पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष वर्मा द्वारा सुंदरकांड पाठ तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।बीकेटी क्षेत्र के इटिया शहीद हनुमान मंदिर सहित इटौंजा,महोंना, कुम्हरावां क्षेत्र के अन्य मंदिरों व कस्बों में सुंदरकांड,भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए।

# मटियारी चौराहे पर कोमल स्वीट पर भंडारे का किया गया आयोजन




लखनऊ। सोमवार को अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मटियारी चौराहे कोमल स्वीट हाउस पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भक्तगण को श्री राम और बाला जी के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया गया,और विशाल गुप्ता जी के बच्चो के द्वारा शाहपुर गांव के प्रेम बाग कालोनी से मटियारी चौराहे तक श्री राम जी की भव्य झांकी भी निकली गई जिसमे अनन्य राम भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विशाल गुप्ता जी ऋषभ जी,विनोद वर्मा जी,कृष्ण मौर्य जी ,रंजीत राजपूत जी,राहुल पटेल जी,जय कुमार जी, हेमन्त कुशुवाहा आर एस एस के विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह सूरज,सोनू सिंह,गुरसरण मौर्य व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

# समेसी में एक सड़क मार्ग शीघ्र बनेगा , खत्म होगी चलने की समस्या : ब्लाक प्रमुख

## विधायक ने ग्राम प्रधान अशोक रावत को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित






कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत समेसी व शाह मोहम्मद पुर अपैया गांव में पशु चिकित्सा,आंगनवाड़ी, कृषि केंद्र सहित कई विभागों के स्टाल लगाये गए,जिसमे पशुपालकों को निःशुल्क दवाइयां वितरित कर अन्य जानकारियां दी गई जिसमे अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। विधायक द्वारा ग्राम प्रधान अशोक रावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सोमवार को ग्राम पंचायत शाह मोहम्मद पुर अपैया में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला (विंधेश्वरी) और समेसी में मुख्य अतिथि विधायक अमरेश रावत ने दीप प्रज्वलित कर मौजूद ग्रामीणों को योगी और मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारियाँ दी। इस दौरान समेसी ग्राम पंचायत के मजरा रसूल पुर में शीघ्र एक मार्ग बनाए जाने की घोषणा ब्लाक प्रमुख ने किया कहा कि आने जाने वालों को राहत मिलेगी । कार्यक्रम का संचालन युवा नेता बीजक प्रकाश ने किया। बेसिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुत की गई। पशु चिकित्सा, कृषि केंद्र सहित अन्य स्टाल लगाये गए, पशुपालकों को दवाइयां वितरित की गई और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों के पालन पोषण की जानकारी दी गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड,मनरेगा श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के महापर्व पर अपने - अपने घरों और गांव के मंदिरों में दीप जलाकर पूजा-अर्चना करने की अपील की गई। समेसी में अशोक व शाह मोहम्मद पुर अपैया में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र जायसवाल व विनीत जायसवाल ने मुख्य अतिथि समेत अतिथियों को माला पहनाकर श्रीराम की प्रतिमा देकर अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह , एडीओ पंचायत अशोक यादव, सचिव सुशांत शुक्ला, केपी सिंह, नगराम चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू, प्रधान प्रतिनिधि दिलीप रावत , प्रधान सूर्यकुमार द्विवेदी , प्रधान सुनील पटेल , विकास पटेल, बृजेश वर्मा, विनोद कुमार सहित ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीय राम मय सब जग जानी ,करहुँ प्रणाम जोरि जुग पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा /सीतापुर ।अयोध्या में मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समूचे देश मे भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा वही कस्बा

**मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भक्ति में सराबोर हुआ कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र।**

**दीपावली से भी अधिक उत्साह रामोत्सव देखने को मिला**

मछरेहटा व ग्रामीण क्षेत्रो में बड़ी धूमधाम देखने को मिली जगह जगह राम चरित मानस ,हनुमान चालीसा ,सुंदरकांड ,व भजन कीर्तन राम धुन पर भक्त नाचते गाते रहे ,कस्बे में मा शीतला मंदिर समेत ,बड़ा हनुमान मंदिर ,राम दरबार शहीद स्मारक,माँ भारसैनी माता मंदिर ,व कस्बे में सभी छोटे बड़े मंदिरों पर अनुष्ठान व भंडारों का आयोजन किया गया इसी क्रम में मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम बीहट बीरम पर्यटक स्थल घोषित स्थित शिव मंदिर पर हवन पूजन ,अखंड पाठ व भंडारे का आयोजन प्रयास फॉउंडेशन के प्रयास से बीहट बीरम गांव वासियों के द्वारा किया गया , वही संकट मोचन मंदिर बारेपारा गांव में ग्रामीणों ने 1100 दीप जलाकर खुशियां मनाई ,कस्बा स्थित शिव मंदिर पर सँयुक्त प्रयासों से भव्य व विशाल भंडार का आयोजन किया गया वही जलालपुर चौराहा राम जानकी मन्दिर पर अनवरत भंडारा प्रसाद वितरण जगह जगह किया गया ,ग्राम पंचायत भदेभर में ब्रह्मदेव स्थान पर राम चरित मानस व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया । इसी क्रम में राम मंदिर आंदोलन में जेल जाने वाले कार सेवको को भी राम भक्तों द्वारा अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया । कस्बा मछरेहटा क्षेत्र में रामोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ गुंजायमान रहा।



# ग्रामीण अंचलों में भी रही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। जहां पूरा राष्ट्र आज के दिवस को अपने अपने तरीके से बड़ी खुशी और हर्षोल्लास के साथ भक्ति भाव से एक देवोत्सव के रूप में मना रहा है उसी क्रम में जहंगीराबाद क्षेत्र में भी इस उत्सव की बड़ी धूम रही। जहां मुख्य चौराहे पर स्थित शिव मंदिर को सजाकर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सजीव लाइव प्रसारण किया गया। शाम को घरों और मंदिरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दीप जलाकर दीपावली मनायी गई।इस मौके पर आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर भक्तों ने दोपहर प्राण प्रतिष्ठा के समय जोरदार जयकारों से पूरा? वातावरण गुंजायमान कर दिया।खुशी में ?खूब गोले पटाखे दागे व आतिशबाजी की गयी। शाम को विशाल भण्डारा हुआ।इस मौके पर शिव कमेटी के अमन श्रीवास्तव, शिवम् गुप्ता (पोला), आशीष गुप्ता, रितिक जायसवाल, लवी श्रीवास्तव,रजत श्रीवास्तव आदि दर्जनों कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गांव के मध्य स्थित शिव मंदिर व गांव के पश्चिम स्थित रोहिताय शिव मंदिर पर भी सुंदर काण्ड और भण्डारे का आयोजन किया गया।इस मौके आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय मुरारी महाराज ने भव्य राम कथा सुनाई तथा भजन गाये। निकटवर्ती देवरिया खुर्द गांव से मां भगवती कमेटी द्वारा भगवान राम की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें दर्जनों दुपहिया और चौपहिया वाहनों की भगवान लगी कतारों की शोभा देखते ही बन रही थी।इस दौरान राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के नगर अध्यक्ष आशीष उपाध्याय, उपाध्यक्ष अनुज, महासचिव प्रदीप,सचिव मोहित, अभिषेक, अर्जुन,शुभम, सचिन व लकी हिन्दू सहित पूंजीखेरा प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इस यात्रा ने जहंगीराबाद सहित क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों में भ्रमण किया। जगह जगह भक्तों ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। शाम को गांव में मंदिर के समीप विशाल भण्डारा हुआ।

**मठ मंदिरों को भव्यता के साथ गया सजाया।**

**सुन्दर काण्ड, रामायण और भजन कीर्तन एवं भण्डारों का हुआ आयोजन।**

**घरों व मंदिरों पर दीप जलाकर मनायी गई दीपावली।**

मवासेपुर गांव में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डाक्टर श्याम किशोर वर्मा एवं सेवा भारती के जिलाध्यक्ष महानारायण वर्मा के निवास पर स्थित मंदिर पर सुंदर काण्ड पाठ और भण्डारे का आयोजन किया गया। फरदापुर गांव के चौराहे पर बजरंग दल के सुशील कुमार वर्मा द्वारा भण्डारा किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा देर रात तक चलता रहा।

# अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया गया श्री रास बिहारी का मन्चन कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा, सीतापुर। बसंतापुर,ब्लॉक बेहटा की ग्राम पंचायत बसंतापुर में 22 जनवरी को श्री राम मन्दिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सुन्दर कंाड का पाठ एवँ व्रन्दावन से आए हुए श्री ठाकुर जी महाराज के द्वारा रासबिहारी राधा कृष्ण का समस्त ग्राम वासियो द्वारा पूजन अर्चन करने के बाद श्री राधा कृष्ण को विराजमान कर रथ यात्रा के लिये प्रस्थान किया गया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया रथ यात्रा बसंतापुर से ननुही केउटाना मुगलापुर सहित विभिन्न गांवों से गुजरते हुए रथ यात्रा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ एव रात्रि मेमनोरंजक झांकियों सहित पूरा गाँव राममय ध्वनि में लीन रहा इस मोके पर कार्यक्रम आयोजक राजबहादुर सहित रण धीर सिंह, पंकज सिँह रन बहादुर सिंह राजेश सिंह मधुप किशोर द्वबेदी रामजी मिश्रा कन्हैया सिंह अभय मिश्रा पंकज तिवारी सहित काफी ग्रामीण उपस्थित रहे

## नैमिषारण्य तीर्थ में प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

नैमिषारण्य / सीतापुर। 22 जनवरी दिन सोमवार,देश ही नहीं पूरे विश्व में ये दिन इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया है आज अयोध्या में हुए प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ है। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विश्व विख्यात तीर्थ नैमिषारण्य में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये साथ ही प्रसाद वितरण किया गया इसी क्रम मे गयात्री पीठ पंचमुखी हनुमत धाम मे प्रवंधक अमरनाथ शास्त्री के सयोंजन मे

# हजारों श्रद्धालुओं के जय श्रीराम जयकारों से गुंजायमान हुआ परिवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलां-खीरी। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के हो रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ पलिया शहर में भी पूजन अर्चन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ भाजपा विधायक रोमी साहनी के आवास से किया गया। शोभा यात्रा में महिला पुरुष सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल राम भक्त भगवान श्री राम के गगन चुंबी जयकारे लगाते चल रहे थे।

अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 22 जनवरी को आयोजित भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर पलिया शहर में भी कई दिनों से तैयारी चल रही थी। राम भक्तों के द्वारा जगह-जगह राम कथा सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था। इसी क्रम में भाजपा विधायक रोमी साहनी के आवास पर भगवान श्री राम के भव्य पूजन अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान श्री राम के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सैकड़ो की संख्या में राम भक्तों की भीड़ विधायक के आवास पर जा पहुंची। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। हिंदू हो या मुस्लिम,सिख हो या इसाई सभी भगवान श्री राम के आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



पलियाकलां विधायक रोमी साहनी ने अपनी धर्म पत्नी डाली साहनी आदि के साथ भगवान की आरती वंदना की जिसके बाद शोभा यात्रा का आगाज किया गया। विधायक रोमी साहनी के आवास से गाजे बाजे के साथ शुरू हुई शोभा यात्रा दुधवा रोड, सम्पूर्णानगर रोड, स्टेशन पर से होकर स्टेशन चौराहे पर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल राम भक्त भगवान श्री राम के भजनों पर झूमते हुए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में विधायक रोमी साहनी के साथ बड़ी संख्या में सिख समुदाय के भी लोग शामिल हुए। शोभा में शामिल लोगों के लिए राम भक्तों द्वारा जगह-जगह स्टाल लगाए गए थे जहां पर हलवा, पूरी सब्जी, सब्जी चावल व बिस्कुट आदि का प्रसाद वितरित किया जा रहा था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल विवेक उपाध्याय

**पलिया विधायक रोमी साहनी के आवास पर पूजन अर्चना कर निकली विशाल शोभा यात्रा**

पुलिस बल के साथ शामिल रहे। विधायक आवास से शुरू हुई शोभायात्रा का पुनः विधायक आवास पर पहुंचकर समापन किया गया। शोभा यात्रा समापन पर विधायक के द्वारा राम भक्तों के लिए चावल सब्जी व हलवे की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में चेयरमैन के.बी गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, श्याम आनंद, वासुदेव आनंद, वरुण गुप्ता, राजू चौरसिया, विकास कपूर, विजय महेंद्रा, निरंजन लाल अग्रवाल, शशि शंकर शुक्ला, राकेश गर्ग पप्पी, मोनू कोयली, अभिनव मिश्रा, सलिल अग्रवाल, जगत चौधरी, सोनू साहनी के लगावा विधायक रोमी साहनी की धर्म पत्नी डाली साहनी, बीना गुप्ता, रत्ना बाजपेई सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष व सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल की छात्राएं व छात्र मौजूद रहे।

# श्री रामोत्सव पर्व, रामधुन पर झूमा ज़िला, हुए भव्य कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। सप्त पुरियां में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर जनपद खीरी में उत्सव का माहौल है। घरों पर लहराते ध्वज, मंदिरों से लेकर बाजार, सरकारी भवनों, दफ्तरों, मोहल्लों में सजीं रंग-बिरंगी लाइटें, जगह-जगह पर होने वाले भंडारे आकर्षण का केंद्र बने हुई हैं।

शहर में जय श्रीराम... अंगना मैं सजाऊंगी राम आएंगे, सजा दो घर गुलशन सा, मेरे राम आए हैं जैसे भक्ति गीतों की धुनों पर नाचते-गाते भक्त... हर जगह यही नजारे थे। मंदिरों में जहां एक ओर सुंदरकांड, अखंड रामायण के पाठ चल रहे वही दूसरी ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही। श्री रामोत्सव पर्व : डीएम आवास द्वार पर हुआ भव्य भंडारा, डीएम ने परिवार संग परोसा प्रसाद अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा'' पर डीएम आवास के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य भंडारा हुआ, जिसका डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अल्पना सिंह, दोनों पुत्री मिशिका और मायरा के साथ पूरे विधि विधान से

**शहरभर में देखा गया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण**

**मंत्रोच्चार, जय श्रीराम उद्घोष से गुंजायमान हुआ वातावरण, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु**

पूजन अर्चन कर भव्य भंडारे का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम गोमाता और कन्याओं को भोजन प्रसाद कराके भंडारे की शुरुआत हुई। डीएम में पत्नी संग स्वयं भंडारे का प्रसाद परोसा। इसके बाद डीएम ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के कुष्ठ आश्रम हाथीपुर, वृद्ध आश्रम नौरंगाबाद और जिला चिकित्सालय ओयल में फल और कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह सहित अपनी



पूरी प्रशासनिक अफसरो की टीम संग हाथीपुर कोठार मोहल्ले में संचालित कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर कुष्ठरोगियों को फल और कंबल वितरित किए। डीएम ने कुष्ठ रोगियों तथा उनके परिजनों का कुशल क्षेम पूछा। इस दौरान कुष्ठ पीड़ितों ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए अफसर का अभिवादन किया। इसके बाद अफसरों की टीम वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्ध व असहाय लोगों को मिष्ठान, फल व कंबल आदि वितरित कर हालचाल लिया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने वृद्धजनों को हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। इसके बाद जिला चिकित्सालय ओयल में पहुंचकर मरीज व उनके तीमारदारों को फल वितरित किया। श्री जानकी मन्दिर में एसडीएम श्रद्धा सिंह ने कराया कन्या भोज

शहर के श्री जानकी मंदिर में गत दिवस को शुरू हुई श्री रामचरितमानस अखंड पाठ आज पूर्ण हुई। इस मोके पर डीएम की धर्मपत्नी, जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह, एसपी की पत्नी कोमल साहा ने राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या जी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह के साथ अखंड पाठ पूर्ण होने पर श्री रामचरितमानस की आरती करके प्रसाद वितरण किया। इसके बाद उन्होंने कन्याओं का पूजन अर्चन कर प्रसाद परोसा और उनका आशीर्वाद लिया।

# जिलाध्यक्ष भाकियू (जनमंच) ने चौकी प्रभारी को दिया प्रशंसा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा/सीतापुर । पुलिस प्रशासन की चौकसी से क्षेत्र में चोर,उचक्कों,लुटेरों के आतंक से किसानों,मजदूरों, असहायों को मुक्ति मिली है ,जब से नवनियुक्त चौकी

**कानून का राज कायम करने में कामयाब कोतवाली पुलिस बिसवां**

प्रभारी सांडा उग्रसेन सिंह आए हैं क्षेत्र में कानून का राज स्थापित हुआ है।जिसको लेकर आज भारतीय किसान यूनियन(जनमंच) के जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह कछवाह ने चौकी प्रभारी सांडा को संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रशंसा पत्र दिया।भाकियू जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह कछवाह ने प्रभारी चौकी के द्वारा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जब कानून को हाथ मे लेने वालों के खिलाफ कानून के रखवाले कड़ाई से पेश



होंगे तो अराजकतत्वों द्वारा हो हल्ला आम बात है,जिसका पूर्व में पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया पर साँच को आंच कहाँ की कहावत को चरितार्थ करते चौकी प्रभारी सांडा बधाई के पात्र हैं। संगठन के रोहित सिंह राठौड़, संतोष सिंह राठौड़, राकेश सिंह राजपूत,प्रमोद वर्मा,सुशील राज आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि से श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । श्रीरामोत्सव प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत जनपद के अत्यात्मिक स्थलों, राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों आदि में भव्य आयोजन कराये गये। इस दौरान अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि से श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का सजीव प्रसारण कराया गया, जिसे सभी ने पूरी श्रद्धा के साथ देखा। इसके साथ ही रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन, शोभा यात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे महौल को भक्तिमय कर दिया।

नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा सरोजिनी वाटिका उद्यान सिविल लाइन में श्री रामोत्सव प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एल0ई0डी0 के माध्यम से सजीव प्रसारण कराया गया, जिसे जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष



नेहा अवस्थी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित सभी गणमान्य नागरिकों एवं उपस्थित आमजनमानस ने देखा एवं लाभान्वित हुए। सभी अतिथियों ने सरोजिनी वाटिका उद्यान परिसर में बच्चों के लिए लगाये गये उच्च स्तरीय झूले, ट्वॉय ट्रेन, फूड जोन, फन जोन आदि का भ्रमण करते हुये अवलोकन भी किया एवं सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बाल बटुकों ने अत्यन्त मधुर स्वर में स्वस्ति वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या आम जन मानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राममय हुआ खैराबाद घर-घर हुआ अयोध्याः अभिषेक गुप्ता

## लगभग पचास हजार से अधिक राम भक्तों ने निकाली राम रथ यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । नगर क्षेत्र में सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता और बबलू भैया तथा अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता की अगुवाई में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोहल्ला भूलनपुर स्थित माता गौरी देवी मंदिर से विशाल शोभायात्रा श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई यात्रा के दौरान नगर विकास मंत्री माननीय राकेश राठौर पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा डीएम व एसपी ने पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का स्वागत किया जो की गौरी देवी मंदिर से होकर बीसीएम मार्ग अल्लामा फजले हक चौराहा होती हुई हटौरा पहुंची तथा वहां से मोहल्ला माखूपुर पहुंची शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया तथा शोभा यात्रा में निकाली गई झांकियों की आरती उतारी गई ।शोभायात्रा जोशी टोला से होकर कमाल सराय पहुंची वहां से बड़ी संगत होती हुई पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर से होकर पुनः खैराबाद विश्व मार्ग पर आई वहां से नगर पालिका होती

**यात्रा के दौरान नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु जी, पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा सहित डीएम एसपी रहे मौजूद**

**प्रभु श्री राम जी के गर्भ ग्रह स्थित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से सारा नगर व ग्रामीण क्षेत्र हुआ राम मय**

हुई लतीफ मार्केट नया बाजार की ओर प्रस्थान कर गई यात्रा इतनी लंबी थी की यात्रा को जाने तथा वापस आने में शाम हो गई 6 घंटे से अधिक 60 से 70 हजार श्रद्धालुओं से पूरा नगर क्षेत्र भर गया शोभायात्रा में नगर विकास मंत्री माननीय राकेश राठौर गुरु पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अखिल मेहरोत्रा युवा जिला भाजपा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा नगर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता समाजसेवी



अभिषेक गुप्त सभासद आलोक बाजपेई राकेश चंद्रगुप्त कुलदीप जायसवाल अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त अंकित गुप्त अमित पुरी अंकुर पुरी के महेंद्र आदि मौजूद थे इस अवसर पर महेंद्र टोला में श्रद्धालुओं के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया यात्रा के सम्मान में रवाइश छोड़ी गई तथा स्थानीय महिलाओं के द्वारा नृत्य करके शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भुइंया ताली तीर्थ में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा कटरा स्थित हनुमान मंदिर में पालिका अध्यक्ष के द्वारा प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा शाम कौ की जाएगी।

# राम भक्तों को सीओ सिटी ने बांटे लंच पैकेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न प्रांतो से आने वाले राम भक्तों को पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर शिवम मिश्रा ने घूम-घूम कर लंच पैकेट बांटे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बंद किए गए मार्ग की वजह से जनपद में विश्राम हेतु रोके गए राम भक्तों को क्षेत्राधिकारी नगर शिवम मिश्रा ने उनके बीच पहुंचकर उन्हें लंच पैकेट बांटे व उनको होने वाली समस्याओं का निस्तारण किया। श्रद्धालुओं ने पुलिस को अपने बीच पाकर खुशी जताते हुए जनपद के पुलिस प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सूत्र बताते है कि सीओ सिटी शिवम मिश्रा अपने साथ हजारों लंच पैकेट गाडी में रखकर आने-जाने वाले राम भक्तों को दिया और उनकी कुशमक्षेम जानी। शिवम मिश्रा ने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आपको यदि कोई समस्या हो तो फौरन पुलिस से संपर्क स्थापित कर अपनी परेशानी को अवगत कराएं। आपकी समस्या अविलंब निष्तारित की जाएगी।उन्होनें कहाकि पुलिस आपके साथ है, आप हमारे अतिथि है,आपकी सेवा हमारा दायित्व है और हम अपने कर्तव्य को हरहाल में निभाएंगें।

# राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से देशवासियों के हृदय में बसे पीएम : मेनका

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्ति भाव में डूबीं रही कुश की नगरी,राममय रहा माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर।अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ 80 किमी.दूर कुश की बसाई नगरी कुशभवनपुर खुशी और भक्ति के माहौल में सराबोर रही। गांव-गांव गली-गली में एक साथ कीर्तन व संकीर्तन हुए, मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा। त्रेता युग में लंका से वापसी बाद अयोध्या से पहले जहां प्रभु श्रीराम ने स्नान किया, रात्रि निवास किया उस कुश की नगरी में रामायणकालीन स्थलों में शामिल तीर्थराज धोपाप, सीताकुंड, विजेथुआ महावीरन सहित विभिन्न स्थलों पर राममय माहौल दिखाई दिया।जिले के लंभुआ क्षेत्र में स्थित तीर्थराज धोपाप में सांसद मेनका संजय गांधी ने राम दरबार मन्दिर पर पूजा- अर्चना की।इसके बाद स्वरोजगार से जुड़े धोपाप ब्रांड का उद्घाटन किया।तत्पश्चात सड़क, स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरा, आरओ वाटर सिस्टम समेत मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए लाखों रुपए की परियोजना का लोकार्पण किया। प्रातःकाल मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। यहां पर श्रीमती गांधी ने अयोध्या में हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट एलईडी के माध्यम से देखा।इस अवसर पर बांदा से आए रमेश पाल की टीम द्वारा लोकनृत्य दिवारी की मनमोहक प्रस्तुति, ब्रज के कलाकारों द्वारा फूलों की होली प्रयागराज से आए मनोज गुप्ता की टीम द्वारा भजन-कीर्तन और काशी के कलाकारों द्वारा तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया।इन कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।राम से जुड़े धोपाप मन्दिर व परिसर को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया है।पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद मेनका ने कहा सदियों की प्रतिक्षा के बाद राम आए हैं।यह क्षण अलौकिक व पवित्र है।

राम आएंगे यह सच हुआ है उन्होंने कहा श्रीराम का मंदिर एवं पीएम मोदी देशवासियों के हृदय में बस गए हैं।हिंदुस्तान के लिए आज ऐतिहासिक और शुभ दिन है।उन्होंने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश समृद्धि एवं उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।यदि हम लोग अमन व शांति से रहे तभी रामराज्य स्थापित हो पाएगा।धोपाप के जीर्णोद्धार से गदगद दिखी मेनका ने कहा यह भगवान राम से जुड़ा स्थल देश में बहुत प्रसिद्ध होगा।जो काम दो-तीन साल में होता वह 15 दिन में पूरा हुआ है।शाम को यहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर आतिशबाजी हुई और 51 हजार दीपों से घाट और परिसर जगमगा गया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्सव मनाने के लिए इस स्थल का चयन सांसद की ओर से किया गया था। मान्यता है कि रावण के वध बाद प्रभु श्रीराम ने ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति के लिए ऋषियों की सलाह पर यहीं स्नान किया था जो कालांतर में धोपाप के नाम से प्रसिद्ध हुआ।यहां गंगा दशहरा में लाखों की संख्या में लोग डुबकी लगाने आते हैं।इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, विजय त्रिपाठी, रणजीत कुमार ब्लाक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अंगद सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, स्थानीय प्रधान शुभम सोनकर, संजय सिंह, रमाकांत तिवारी,सुरेन्द्र पाल,प्रसून पाण्डेय,राजू सिंह बाबी सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय ने बलबा के आरोप में पांच लोगों को अर्थदण्ड के साथ सजा सुनाई

अमेठी । पुलिस,अमेठी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करके बलबा करने के मामले में न्यायालय द्वारा पांच लोगों को छह माह का सश्रम कारावास एवं पांच पांच सौ रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी है। थाना मोहनगंज में प्रश्नगत अभियोग में वादी मुकदमा उपरोक्त द्वारा दिनांक चार अक्टूबर 2005 को तहरीरी सूचना के आधार पर वादी को शोभनाथ पुत्र माताफ़ेर,रामनरेश पुत्र रामफ़ेर, सुरेश पुत्र पंचम,नकछेद,जोखू पुत्रगण सुकुरु निवासीगण ग्राम सीताराम दुबे का पूरवा मजरे कूरा थाना मोहनगंज द्वारा एक राय होकर गाली गलौज व मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने की सूचना पर मुकदमा दर्ज कर उप निरीक्षक आनन्द कुमार राय द्वारा विवेचना की गयी।विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने के उपरांत आरोप पत्र संख्या: ए-74 दिनांक तीस नवम्बर 2005 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण मे अपराधियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में चल रहे अभियोगों में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करके आपरेशन कानविकेशन अभियान के अन्तर्गत माननीय न्यायालय रायबरेली में बलवा के आरोप में शोभनाथ पुत्र माताफ़ेर, रामनरेश पुत्र रामफ़ेर,सुरेश पुत्र पंचम,नकछेद,जोखू पुत्रगण सुकुरु निवासीगण सीताराम दुबे का पूरवा मजरे कूरा थाना मोहनगंज को दोष सिद्ध कराने में सफलता प्राप्त हुई परिणाम स्वरूप माननीय न्यायालय एसजे रायबरेली द्वारा इन पांचों लोगों को बलबा में छह छह माह का सश्रम कारावास व पांच पांच सौ रुपया अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं अर्थदण्ड न अदा करने पर प्रत्येक को एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी एवं उक्त लोगों को अन्य धाराओं में दोष मुक्त किया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धर्मयात्रा निकली

बांदा। अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह के आवाहन पर संघ कार्यालय से विशाल धर्मयात्रा निकाली गई। जिसकी शुरुआत जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद द्वारा भगवा झण्डा फहराकर हुई। धर्म यात्रा में प्रभु श्री राम दरबार की झांकी के साथ साथ घोड़े हाथी भी चल रहे थे। धर्म यात्रा ने बाँदा भ्रमण किया इस दौरान पुष्प वर्षा हुई। धर्म यात्रा सैकड़ों की तादाद मे भक्त रहें। साथ ही भ्रमण के दौरान भव्य पूजन, आरती, भंडारा महाप्रसाद वितरण किया गया। जिसकी शुरुआत प्रातः 10 बजे से हो गई एवं दीपोत्सव का भव्य कार्यमक्रम के साथ तरह तरह की आतिशबाजी सम्पन्न हुई। इस मौके पर संस्थापक प्रवीण सिंह ने हर्ष के साथ बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है, यह 'राष्ट्र मंदिर' है। निःसंदेह, श्री रामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे जो संकल्प हमारे पूर्वजों ने लिया था, उसकी सिद्धि आज पूर्ण हुई है। कार्यक्रम में बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन की बांदा इकाई के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें दिलीप गुप्ता, शशांक परमार, कार्तिक निगम, प्रशांत सिंह, सारथी हनी गुप्ता, तुषार द्विवेदी, अभय सिंह, हिमांशु सिंह, मोहित सिंह, गौतम श्रीवास्तव, रामजी तिवारी, समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे!

## प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पूजा के बाद निकली श्रीराम शोभायात्रा

हमीरपुर । भाजपा के नगर इकाई ने जिला अस्पताल रोड पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विशेष पूजा कराई। यहां राम दरबार लगाकर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन कराया गया, फिर शाम तक भंडारा आयोजित कर आम लोगों को प्रसाद बांटा गया। शहर में श्रीराम की शोभायात्रा भी धूम धड़ाके साथ निकाली गई। शाम तक सड़कों पर जय श्रीराम के नारे लगते रहे। हमीरपुर शहर के अस्पताल रोड पर भाजपा के नगर अध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सुन्दरकांड का पाठ कराया। पूजा में बड़ी संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन कराकर आम लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। शहर के पटकाना मुहाल में प्राचीन शिव मंदिर में सुन्दरकंाड का पाठ कराकर लोगों को प्रसाद बांटा गया। मंदिर में मां दुर्गा, पार्वती, गौरादेवी व श्रीराम भक्त हनुमान की प्रतिमा विराजमान है। धर्मेन्द्र दीक्षित ने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर धार्मिक अनुष्ठान कराया जिसमें पड़ोस के तमाम लोग शामिल हुए। शाम को श्रीराम की शोभायात्रा बैंडबाजे के साथ सड़कों पर निकाली गई। शोभायाभा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे जय श्रीराम के नारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा शहर के नौबस्ता, रहुनियां, कालपी चौराहा, बस स्टाप, सुभाष बाजार समेत पूरे नगर में धूमधाम से निकाली गई। इसके अलावा खंडेह गांव में एतिहासिक राम जानकी मंदिर में भी आज विशेष पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं विदोखर गांव में राम जानकी मंदिर में आज रात दो दिवसीय रामलीला शुरू होगी। यहां दिन भर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।

# सफदर हत्याकांड के हत्यारोपियों पर गैंगेस्टर तामील, जेल में बंद हैं हत्यारोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। रिटायर्ड दरोगा के पुत्र 'सफदर हत्याकांड' में पांच माह बाद बड़ी कार्रवाई हुई है। डीएम कृतिका ज्योत्सना के अनुमोदन पर जेल में निरुद्ध चारों हत्यारोपियों पर गोसाईंगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। बीते अगस्त में बदमाशों ने सिर में गोली मारकर सफदर को मौत के घाट उतारा था।

बता दें कि गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत सुरौली गांव निवासी रिटायर्ड दरोगा मो. हसनैन के पुत्र सफदर इमाम की बीते 20 अगस्त की सुबह बरुई गांव की सड़क पर सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड से लोगों में काफी आक्रोश था। परिवार वालों का कहना था कि मृतक से बराबर रंगदारी मांगी जा रही थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में 24 अगस्त को खुलासा करते हुए राज सिंह उर्फ राजा पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह निवासी बरुई, नीरज सिंह उर्फ भोलू पुत्र अनिल कुमार सिंह, पंकज कुमार पुत्र अम्बिका निवासीगण जासापारा व बरुई निवासी राजन कुमार गौतम उर्फ राजेन्द्र पुत्र रघुवीर गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चारों आरोपी करीब पांच महीनों से जेल में बंद हैं। सत्र न्यायालय से आरोपियों की जमानत भी खारिज हो चुकी है। हालांकि आमतौर से हत्या के मामले में बुलडोजर लेकर पहुंचने वाली पुलिस इस मामले में ऐसा करने से अपने को अंत तक बचाती रही। लेकिन अब डीएम कृतिका ज्योत्सना के अनुमोदन पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई पुलिस ने किया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया जिलाधिकारी के अनुमोदन के उपरांत हत्या के चारों आरोपितों के ऊपर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है।

# संतोष मौत मामले में एक लड़की समेत कई संदिग्ध हिरासत में, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। हैदराबाद से आना संतोष को रास नहीं आया। घर पहुंचने के ठीक 18 घंटे बाद उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उसकी कनपटी पर गोलियां दागी गई थी। ये हत्या है आत्महत्या इसमें अभी केस उलझा हुआ है। हालांकि पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। संतोष की कॉल रिकॉर्ड से मामले का खुलासा होगा। बताया जा रहा है इसी आधार पर पुलिस ने एक लड़की और कुछ संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। दरअस्ल कादीपुर कोतवाली के जवाहरनगर मोहल्ले का निवासी संतोष कुमार निषाद (18) शनिवार को दो बजे के आसपास हैदराबाद से घर लौटा। एक घंटे बाद ही वो शमशाद कुरैशी के बाग में हैंडपंप की बोरिंग करने गया। जहां काम खत्म होने के बाद शाम को वो घर लौटा और रात 7:30 बजे के आसपास किसी ने उसके मोबाइल पर कॉल किया इस पर वह घर से निकला और लौटकर नहीं आया। रातभर परिजन उसे तलाशते रहे लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह मोहल्ले के बच्चे जब क्रिकेट खेलने गए तो कस्बे के बाईपास से लगभग 200 मीटर दूर झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना कस्बे के लोगों को दी। घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मृतक की बाईं कनपटी पर गोली के निशान थे। उसी तरफ एक असलहा पड़ा था। दाहिने हाथ में मोबाइल था। मौके पर संतोष के परिजन भी पहुंचे। परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पिता ने बताया कल दो बजे संतोष हैदराबाद से आया। तीन बजे घर से काम के लिए निकला। शाम 7:30 बजे फोन आया तो ये काम पर से निकल गया। तब से ये लापता था, पता चला कालोनी पर सो रहा है। लेकिन सुबह ढूंढा गया तो कालोनी पर नहीं मिला। उसके बाद 9:30 बजे के आसपास पता चला कि गिरा पड़ा मिला है। इसकी फोन पर बुलवाकर हत्या की गई है। पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने संतोष के मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि कॉल डिटेल से हत्या की वजह पता चल सकती है। सूत्रों की माने तो वो लड़की जो संतोष के घर अक्सर आती जाती थी उसके साथ कुछ संदिग्ध को हिरासत में पुलिस ने लिया है। केस अब ऑनर किलिंग और सुसाइड के बीच जा पहुंचा है।

# समाजसेवियों ने महिला व पुरुष अस्पताल में मरीजों को बांटे 51 किलो लड्डू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे जिले में खुशी व धार्मिक माहौल के बीच समाजसेवियों ने महिला व पुरुष चिकित्सालय में मरीजों को मिष्ठान वितरित किया। मौके पर ठेकेदार रविंद्र दूबे, लोकेश सिंह''बल्ला'', राम सिंह, बलराम, अवनीश सिंह सहित दर्जनों समाजसेवियों की मौजूदगी रही। ठेकेदार रविंद्र दूबे ने बताया कि आजका दिन जीवन में स्वप्न जैसा है, उन्होनें बताया कि हमसब साथियों ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात अस्पताल में मरीजों के साथ ही सभी कर्मियों को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मिष्ठान वितरित किया। वही लोकेश सिंह''बल्ला''ने कहाकि जिसदिन का लंबे समय से बांट जोह रहे थे आज भगवान श्रीराम अयोध्या में पूरे विधान से स्थापित है,जिसके उपलक्ष्य में हमसभी साथियों ने आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरित किया।

# गौरीगंज में निकली शोभा यात्रा में जय श्री राम का गूंजा नारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज अमेठी । अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व जिला मुख्यालय पर लगभग दो किलोमीटर लम्बी शोभा यात्रा निकाली गई।केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने सर पर कलश रखकर भव्य श्रीराम शोभायात्रा की अगुवाई की। केन्द्रीय मंत्री के साथ हजारों की संख्या में भक्तगण जय श्रीराम और बजरंग बली की जय के गगनभेदी नारे लगाकर नगर के वातावरण को राम मय बना दिया। शोभा यात्रा में भक्तिमय गीतों पर तमाम युवा और महिलाएं थिरकते रहे।कस्बा में चारों तरफ लगे हुये भगवा रंग के गुब्बारे सनातन हिन्दू संस्कृति और प्रभु राम की जय जयकार करते नजर आये। शोभायात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ रही थी आम जनमानस का उत्साह और बढ़ता जा रहा था। शोभा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा रहा। शोभायात्रा में सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, रश्मि सिंह,दीपक सिंह पचहरी, दुर्गेश त्रिपाठी,सुधांशु शुक्ला,विषुव मिश्रा के साथ युवाओं की बड़ी टीम रामराज्य की परिकल्पना के साकार होने का संदेश देते नजर आई।

## प्राण प्रतिष्ठा पर निकली शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

तिलोई अमेठी,क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरौता और बसंतपुर में अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मे मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे जैसे भक्तिमय गीतों पर प्रभु श्रीराम के भक्तों ने खूब धमाल मचाया और मनमोहक झांकियां आकर्षण का केन्द्र बिंदु बनी रही। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरौता के रामगंज चौराहे से निकली शोभा यात्रा गांव के लगभग दो दर्जन मंदिर पर होते हुये गली गलियारों का भ्रमण किया। गांव बसंतपुर स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर से निकली शोभा यात्रा बाबा मेडई दास की तपोभूमि से बाबा उजियार नाथ मंदिर और राम जानकी मंदिर सेमरौता में पूजन किया गया और समापन के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

# पुलिस ने जनपद की सीमा पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा।क्षेत्राधिकारी के साथ ही विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों व जनपद की सीमा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अयोध्या धाम में एतिहासिक श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देशन में सोमवार को मुसाफिरखाना के क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह द्वारा अयोध्या जाने वाले प्रमुख मार्ग एवं जनपद अमेठी सुलतापुर के थौरी बार्डर थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर, गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी द्वारा रेलवे स्टेशन गौरीगंज पर एवं थाना इन्हौना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मुख्यमार्गों, चौराहों आदि व जनपद की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गयी।सुरक्षा व्यवस्था व बार्डर गस्त,पिकेट में तैनात पुलिस कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों के अनुपालन व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये।

## डीएम और एसपी ने रीछ घाट बार्डर का भ्रमण किया


अमेठी । अयोध्या में एतिहासिक श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अमेठी अयोध्या के रीछ घाट बार्डर का भ्रमण किया गया।अयोध्या धाम में होने वाले एतिहासिक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान जनपद अयोध्या से लगने वाले रीछ घाट बार्डर थाना क्षेत्र बाजार शुकुल का भ्रमण किया गया एवं विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मुख्यमार्गों, चौराहों आदि पर सुरक्षा व्यवस्था एवं रूट डायवर्जन ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ करते हुये आवश्यक आदेश निर्देश दिया है।

# तिलोई में मंदिरों के साथ चहुंओर गूंजी मानस की चौपाइयां

## हनुमानगढ़ी तिलोई में राज्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखा

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हर घर में दीवाली जैसा रहा नजारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तहसील तिलोई क्षेत्र की मंदिरों पर श्रीराम चरित मानस की चौपाइयां गूंजी और प्रसाद वितरित किया गया।प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी तिलोई में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ में आरती पूजन किया और अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण देखा। ब्लाक प्रमुख तिलोई ने रामजानकी मंदिर में आरती पूजन कर प्रसाद वितरित किया।आम जनमानस द्वारा अपने अपने मकानों और दुकानों पर श्रीराम ज्योति जलाकर दीपोत्सव मनाया। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित प्राचीनतम हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह और ग्राम प्रधान अमिता गौतम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया और अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखा।रामजानकी मंदिर जमुरवां में आयोजित कार्यक्रम में तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह ने पूजा पाठ किया और प्रसाद वितरित किया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।रामजानकी मंदिर सेमरौता में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ में ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई ने पूजन कर प्रसाद वितरित किया। आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में रामचरित मानस पाठ समापन पर हवन पूजन किया गया और मंदिर के व्यवस्थापक राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह,ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल,राहुल पाठक,अमरीश जायसवाल,रवि सोनी द्वारा प्रसाद के रुप में हलुवा वितरित किया गया।सिंहपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा में रामचरित मानस पाठ के बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्रा द्वारा हवन पूजन के साथ ही विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।तिलोई विकास खण्ड की ग्राम पंचायत नसरतपुर के मंदिरों में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुंवर दिनेश सिंह उर्फ गुडडू सिंह द्वारा सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित ने गांव पीढ़ी स्थित अपने आवास पर स्थापित मंदिर पर पूजा पाठ किया।श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आम जनमानस द्वारा अपने अपने मकानों और दुकानों पर श्रीराम ज्योति जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,उत्कर्ष शरण सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,ग्राम प्रधान अमिता गौतम, मोहनलाल मौर्या, दिग्विजय सिंह उर्फ फांसू, नितेश कुमार यादव, विजय सिंह, राहुल सिंह, दिवाकर सिंह, सोनू सिंह, हिमांशु चौरसिया सहित अन्य तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

## श्रद्धालु भजन कीर्तन,सुंदरकंाड से लेकर हनुमान चालीसा का किया पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। गोण्डा राममय है और प्रत्येक स्थान पर श्रद्धालु भगवान राम की भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं।लोग भजन कीर्तन,सुंदरकांड से लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।लोगों ने अपने घरों को खूब सजाया है।मंदिरों में साज-सज्जा देखकर सभी अभिभूत हो गए।लोगों में आज खुशी की लहर है।हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे सुनाई दे रहे हैं।

### भक्ति में डूबा पूरा शहर गूंजे भजन और ढोल नगाडे

अयोध्या के भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक बन उठा।सोमवार को सुबह से ही घर मंदिर, प्रतिष्ठान में राम भजन गूंजे।सड़कों पर जगह जगह प्रोजेक्टर की मदद से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। रेलवे स्टेशन रोड, बहराइच रोड समेत कई मार्गों पर युवा जय श्री राम के जयघोष लगाते रहे।समाजसेवी सुशील मिश्रा के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों पर जमकर डांस किया।आतिशबाजी की गई।पूरा जिला राममय दिखाई दिया।सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए।

### जिला प्रशासन ने 132 स्थान पर लगाए एलसीडी

जिला प्रशासन द्वारा 132 स्थान पर 132 एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधे श्री



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया जा रहा है।पूरे गोंडा जिले में हर्षोल्लास के साथ लोग जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रसाद वितरण भी कर रहे हैं। लोगों द्वारा अपने घरों सहित आसपास की मंदिरों को भी फूलों से सजाया गया है।पूरे गोंडा शहर को भगवा पताके से भगवा कर दिया गया है और लगातार पूरे जिले में भगवा पताका लहरा रहा है।पर्यटन विभाग द्वारा भी जिले के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों पर भी अखंड रामायण पाठ और सुंदर कांड का आयोजन किया गया है।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद सभी लोगों को प्रसाद वितरित किए गए जिसको लेकर के जिला प्रशासन और विभिन्न संगठन के लोगों ने सारी तैयारियां की थीं।और वही साथ ही देर शाम दीपोत्सव को लेकर भी जगह-जगह तैयारी की जा रही है। और वही जिले में शाम को यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है।जिला प्रशासन द्वारा 132 स्थान पर 132 एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया है।

### कदम कदम पर भंडारे, ग्रहण किया प्रसाद

प्राण प्रतिष्ठा का दिन दिवाली से भी भव्य तरीके से मनता दिखा।सुबह से ही सड़कों पर कदम कदम पर भंडारे आयोजित किए जाने लगे।कही पूड़ी हलवा तो कहीं सब्जी पूड़ी प्रसाद में बांटी गई।प्रसाद ग्रहण करने को भारी भीड़ जुटी रही।वही प्रोजेक्टर पर देख बने ऐतिहासिक पल के साक्षी अयोध्या में चल रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह प्रोजेक्टर लगाए गए थे।यही से अयोध्या के भव्य पूजन को देख रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### घरों से लेकर मंदिरों में लोगों ने देखा रामलला प्राण की प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

आखिर लोगों का लंबा इंतजार आज खत्म हो गया।शहर वासियों ने अपने घर में बैठकर टीवी और मंदिरों में लगी एलईडी आदि पर भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा।लोगों ने भगवान की मनमोहिनी मूरत देखकर बहुत ही अच्छा महसूस किया।जगह-जगह लगी एलईडी पर लोग प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखते नजर आए।

### समाजसेवी सुशील मिश्रा ने रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन किया

वहीं गोंडा जिले के ऊंचे झंझरी गांव निवासी सात समुंदर पार समाजसेवी सुशील मिश्रा ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले के कई मंदिरों में राम भक्त सुशील मिश्रा के लोगों द्वारा अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है।बड़ी ही धूमधाम से लोगों द्वारा अखंड रामायण पाठ और सुंदरकांड पाठ कहा गया बड़ी ही धूमधाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाया गया।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किए गए।

### अयोध्या से सटे गोंडावासियो ने मनाई दिवाली

भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही थी लेकिन गोण्डा में लोगों ने दिन में ही दिवाली मनाई। जगह-जगह आतिशबाजी की गई।इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया मुंह मीठा किया भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होते ही पूरा शहर भगवान श्री राम के जयकारों से गूँजे उठा।इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को गले मिलकर इस मंगल दिन की शुभकामनाएं दीं।

### जिला प्रशासन ने सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर के 132 से अधिक स्थानों पर एलसीडी के माध्यम से लोगों को सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया है और जगह-जगह पर धार्मिक कार्यक्रम भंडारा का भी आयोजन किया गया है जिसको लेकर के पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।कहीं भी किसी भी प्रकार की दिक्कत लोगों को नहीं होने दी गई है और रूट डायवर्जेन भी किया गया है।श्री राम के नाम से एक दीया अवश्य जलाएं आज पूरे गोंडा जिले में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर के अवकाश घोषित किया गया है और सभी लोगों से निवेदन किया गया कि सभी लोग अपने घरों में ही रहकर के और धार्मिक स्थलों पर मंदिरों पर रहकर के धूमधाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मनाए और शाम को भगवान श्री राम के नाम से एक दीया अवश्य जलाएं।

## अखंड रामायण पाठ व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जगह-जगह हुआ विशाल भंडारा, मंदिरो मे अखंड रामायण पाठ, व राम भक्तो ने निकली भव्य रैली

जरवल बहराइच। जरवल नगर सहित क्षेत्र के तमाम मंदिरों में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुबह से ही रामायण पाठ, सुंदर कांड पाठ व हनुमान चालीसा पाठ कर भक्त राम नाम की धुन मे रहे मगंन, दोपहर से लेकर शाम तक तमाम मंदिरों व चौक चौराहों पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन, जिसमे तमाम भक्तो ने किया प्रसाद ग्रहथण, जय जय श्री राम के नारों से पुरा क्षेत्र गुँजायमान रहा,
प्रभु श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष पर नगर के संगत मंदिर, खाकी दास मंदिर शिवाला मन्दिर पर यज्ञ हवन व पूजन हुआ ब्लॉक मुख्यालय पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं ने रामायण पाठ का मंत्र मुक्त होकर उच्चारण किया। लगभग12:00 बजे के उपरांत हवन का कार्यक्रम किया गया। प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया था।जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने जमकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र बरवालिया हनुमान मन्दिर, परसा हनुमान मन्दिर पर प्रसाद का वितरण किया गया, मुस्तफाबाद से निकली बाइक रैली मे सैकंडो राम भक्त रहे शामिल, लखनऊ बहराइच हाईवे पर आशीष कुमार यज्ञसैनी मुकेश कुमार गुप्ता विकास अग्रवाल के सौजन्य से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सायंकाल से ही सभी देवालयों में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया।तथा भजन कीर्तन कर भक्तों ने राम गुण गए।

## आर.एन.पाण्डेय हॉस्पिटल में फुली ऑटोमेटिक मशीनों का हुआ उद्घाटन



गोण्डा। अयोध्या धाम में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में सोमवार को आईटीआई रोड स्थित आर.एन.पाण्डेय अस्पताल में पैथोलॉजी अत्यधिक मशीनों का उद्घाटन डॉक्टर राजेश पाण्डेय ने फीता काट कर किया।फिर मशीनों का पूजन किया और प्रसाद वितरण किया डॉ.पाण्डेय ने बताया कि इस पैथालॉजी मशीन से मंडल के लोगों को जल्द सुविधा मिलेगी।इस दौरान डॉ.संतोष वर्मा डॉ.सरस्वती शुक्ला चंद्र मोहन मिश्रा,विशाल शुक्ला अरविंद श्रीवास्तव बंशीधर नीतीश कुमार,पवन तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोंडा के युवक को अंबाला में जीटी रोड पर तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर,अस्पताल में हुई मौत

गोण्डा। गोंडा जिले के एक युवक की हरियाणा के अंबाला में एक बुजुर्ग की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई।मृतक की शिनाख्त गोण्डा जिले के गांव भड़सड़ा निवासी मंगल (70) के रूप में हुई है।हादसा दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर अंबाला कैंट में शास्त्री कॉलोनी के पास हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।यूपी के गांव फतेहपुर कोहना गोण्डा निवासी अमर सिंह ने बताया कि वह अंबाला कैंट में किराए पर रह रहा है।गांव भड़सड़ा निवासी उसका दोस्त मंगल भी हलवाई बाजार अंबाला कैंट में रहता था।जोकि उनके साथ ही लोडिंग रेहड़ी चलाने का काम करता था। डीआरएम कॉलोनी से वापस लौट रहा था वही मंगल शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रविवार दोपहर 12 बजे अपनी लोडिंग रेहड़ी को हलवाई बाजार से लोड करके डीआरएम कॉलोनी अंबाला कैंट छोड़ने के लिए गया था। उसका दोस्त मंगल डीआरएम कॉलोनी से सामान छोड़कर वापस हलवाई बाजार की तरफ आ रहा था।कि दोपहर बाद पौने तीन बजे जब उसका दोस्त लोडिंग रेहड़ी लेकर नेशनल हाईवे पर शास्त्री कॉलोनी से थोड़ा आगे रेलवे पुल के पास पहुंचा तो दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने सीधी टक्कर मारी दी और टक्कर लगते हीमंगल रेलिंग पर जा गिरा।और आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।एक्सीडेंट की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने गंभीर हालत में मंगल को सिविल अस्पताल अंबाला कैंट पहुंचाया।जहाँ पर डॉक्टरों ने उसके दोस्त को मृत घोषित कर दिया। पड़ाव थाने की पुलिस ने अज्ञात आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे की जगह सीटेट की परीक्षा दे रहे सॉल्वर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोण्डा। जिले में सीटेट की परीक्षा के दौरान केंद्र से नगर पुलिस ने द्वितीय पाली में दुसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे साल्वर अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। वे दूसरे के जगह परीक्षा दे रहे थे।मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।वादिनी रीना मिश्रा ने कोतवाली नगर पर सूचना दिया कि सीटेट के द्वितीय पाली की परीक्षा में परीक्षा साल्वर राहुल पुत्र अरविन्द प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट जियर थाना अस्थावा जिला नालंदा बिहार अपने मित्र उदय शंकर को परीक्षा में पास करने के लिए पैसे लेकर परीक्षा दे रहा था।जिसे पकड़ कर लाया गया है।उक्त सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने थाना स्थानीय थाने पर राहुल और उदय शंकर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आधार कार्ड,प्रवेश पत्र,ओएमआर सीट,परीक्षा पुस्तिका बरामद कर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## राममय रहा पूरा गोरखपुर

पादरी बाजार ,गोरखपुर । प्रभु राम के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर सोमवार को पूरा पादरी बाजार क्षेत्र राममय रहा । क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व स्थानों पर रामचरित मानस पाठ,सुंदर कंाड,शोभायात्रा,भण्डारे व जागरण का आयोजन तथा शाम होते ही घर-घर दीपोत्सव मनाया गया । क्षेत्र के पादरी बाजार पप्पू कटरा से गीतावाटीका तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मुख्यरूप से पूर्व राज्यमंत्री जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भइया,भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष दयानन्द शर्मा,मंडल अध्यक्ष आनंद अग्रहरी,पार्षद रितेश सिंह ,राजेश शर्मा सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर जायसवाल,मंत्री सतीश सिंह,उपाध्यक्ष रघुनन्दन सिंघानिया,सूरज सिंह,भलई प्रसाद , भोला चौहान,मुन्ना दुबे,उमेश यादव सम्मिलित रहे । श्रीराम जागरण व भव्य भण्डारे का भी आयोजन व्यापार मंडल पादरी बाजार द्वारा किया गया था ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड मुजेहना क्षेत्र के पेडारन गांव राजगढ़ बजार में स्थित जूनियर हाई स्कूल विद्यालय परिसर में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत चौपाल का आयोजन हुआ।
इसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।जिला महामंत्री श्री तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं से गांव के लोगों को भी शहरी सुविधाए मिल रही हैं।
किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजी जा रही है।उन्होंने कहा कि विधवा,दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को समय से पेंशन मिलने के साथ सभी को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए हर घर जल योजना के तहत सभी परिवारों में पानी पहुंचाया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने के कार्य हो रहा।उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास,शौचालय, निशुल्क राशन, निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन,आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं की जानकारी दी।इसके बाद चौपाल में लगे कृषि,आंगनवाड़ी,इफ्को,स्वास्थ विभाग,खाद आपूर्ति, बेसिक शिक्षा विभाग आदि की तरफ से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया चौपाल को भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री रामजन्म वर्मा,भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्य समिति के सदस्य प्रमोद पाण्डेय,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव आदि ने संबोधित किया।चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवधेश वर्मा ने किया।इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव अनिल गौतम,ग्राम प्रधान बृजेश कुमार,अमरीश वर्मा,सुरेश वर्मा,इतेंद्र नाथ त्रिपाठी,जवाहर यादव,लक्ष्मी, मायाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र अपने अतीत के अनुरूप विश्व गुरु की गरिमा से गौरवान्वित हो रहा है :डां. कौशलेन्द्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । संत कुटी पलटूराम मंदिर सतरिख रोड चिनहट लखनऊ में श्री मद् भगवद् फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस डां-कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहां की नंद उत्सव के पश्चात भी बधाइयां देने का हर्षोल्लास बना रहा तब कंस के आदेश पर पूतना नाम की राक्षसी अपने स्तनों में जहर लगाकर भगवान कृष्ण को मारने आई उसे देखकर भगवान ने नेत्र बंद कर लिए पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग में ले गई भगवान ने दूध के साथ पूतना के प्राणों को भी पी लिया और उसका उद्धार कर दिया। महाराज जी ने कथा के प्रसंग में श्री राधा जन्मोत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया और शिक्षा प्रदान की की बेटा बेटी में भेद नहीं समझना चाहिए। एक समान दृष्टि रखना चाहिए शहनाई उसी के घर बजती है जिसके यहां बेटी का जन्म होता है। महराज जी ने कहा कि बचपन से ही घर के बड़े-बुजुर्गों से प्रभु श्री राम की कीर्ति, शौर्य और प्रभुता की बातें सुनता रहता था। हमारे आराध्य और रोम-रोम में बसने वाले भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर हुआ आक्रमण सनातन और हमारी आस्था पर आक्रमण था। लेकिन जब आज राम लला आपने भवन में विराजमान तो मन और हदय दोनों गदगद हो उठा।राष्ट्र अपने अतीत के अनुरूप विश्व गुरु की गरिमा से गौरवान्वित हो रहा है
कथा के मुख्य यजमान राजेश पाठक खूशबू दिनेशानंद ज्योतिष गुरू पंडित अतुल सूरज शास्त्री आदि लोगों ने 56 भोग भी लगाएं।

## हैंडपंप रिबोर के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट,हुई शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता


गोण्डा। जिले के विकास खंड इटिया थोक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सरकारी धन के बंदरबांट और घोटालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। यहाँ अब हैंडपंप के रिबोर के नाम पर घोटाला होने का मामला सामने आया है। मामले में हरदैया भटपुरवा पंचायत निवासी विश्वनाथ गौतम ने जिलाधिकारी गोंडा से लिखित शिकायत कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक गांव में एक- दो नहीं बल्कि कई हैंडपंपों का रीबोर दिखाकर लाखों रूपये डकार लिए गए हैं,जबकि उन सभी जगहों पर अभी भी वर्षों पुराने हैंडपंप ही लगे हैं। यही नहीं हर घोटाला जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी काम को किस तरह कागजों पर दिखाकर पैसे को डकार लिया जाता है यह किसी से छुपा नही है। अभी कागजों पर हुए लाखों के घोटाले की जांच में ब्लाक के दो कर्मचारियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुए कुछ ही महीने बीते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार बेखौफ अधिकारी,कर्मचारी कोई सबक नही ले रहे हैं। यहाँ अब हैंडपंप रिबोर घोटाला चर्चा का विषय बना है। बताया जाता है कि पूरा खेल कागजों पर कर लिया गया है। इस खेल में पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान और जेई व ठेकेदार की मिलीभगत सामने आ रही है।

### हैंडपंप रिबोर करने के लिए यह है नियम/मानक-

विभागीय जानकारों की मानें तो जिस स्थान पर हैंडपंप खराब होता है उस जगह के समीप ही एक नई बोरिंग कर दी जाती है ।पुराने हैंडपंप को पहले उखाड़ लिया जाता है और पुराने हैंडपंप मे जो सामान सही होता है उसे नई बोरिंग मे प्रयोग किया जाता है ।शेष जो सामान खराब होता है उसके बदले नया सामान डाला जाता है। इसके लिए जल निगम के जेई मौके पर सत्यापन करके एमबी करते हैं,जिसमें प्रयोग किए गए नए सामान का पैसा तय कर एमबी की जाती है ।किसी भी सूरत में पूरा नया हैंडपंप नहीं लगाया जा सकता है ।इस संबंध में एडीओ पंचायत परमात्मा दीन ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नही है।

## रिसिया पार्क व केला टिश्यूकल्चर लैब का डीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शनिवार को देर शाम राजकीय स्वर्ण जयन्ती पार्क/पौधशाला बभनी, रिसिया का निरीक्षण कर पार्क हेतु प्रस्तावित ओपेन जिम, बच्चों के झूले, प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट की स्थापना एवं पाथ-वे के लिए चिन्हित स्थल तथा पौधशाला में स्थापित केला टिश्यूकल्चर लैब का अवलोकन करते हुए मौके पर मौजूद जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व प्रभारी आर.के. वर्मा से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। केला टिश्यूकल्चर लैब के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 01 लाख पौध को समय से तैयार किया जाय। जिससे केला उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जनपद बहराइच के किसान अपनी उपज को और बढ़ा सके।
जिला उद्यान अधिकारी श्री चौधरी ने जनपद में केला उत्पादन की अपार संभावना को देखते हुए बताया कि केला टिश्यूकल्चर लैब की स्थापना नीति आयोग द्वारा की गयी है, उद्यान विभाग के मुख्यालय को छोड़कर प्रदेश में कही भी टिश्यूकल्चर लैब स्थापित नही है। जनपद बहराइच में प्रदेश में प्रथम बार केला टिश्यूकल्चर लैब की स्थापना कर पौधों का उत्पादन किया जा रहा है जिससे जनपद के किसानों को रोग-रहित केला टिश्यूकल्चर पौधें उपलब्ध होने से उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 7.00 से 8.00 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में केले की खेती हो रही है। प्रतिवर्ष लगभग जनपद में 20.00 से 25.00 लाख पौधों की मांग होती है, जिसे धीरे-धीरे प्रयोगशाला की क्षमता बढ़ाकर आगामी वर्षो में स्थाानीय स्तर पर पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर राम जानकी मंदिर में लगा 56 प्रकार का भोग

हमीरपुर। हमीरपुर के विकास खण्ड मुस्करा के ग्राम पहाड़ी भिटारी में अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समूचा ग्राम पहाड़ी भिटारी राम मय हो गया। यह यात्रा बड़ी देवी भूरी दाई मंदिर स्टैंड से होते हुए मुहल्ला उपरोष, होरी दाडा, पुराना बाजार, तरोष रामजानकी मंदिर, रामलीला मैदान, चंदेल बंशीय अंडरग्राउंड मठ भेवरो होते हुए अपने यथास्थान पर सम्पन्न हुई।इस यात्रा में गोपाला नंद महाराज की संत समागम टोली के साथ महिलाएं कलश सजाए हुए चल रही थी तो वहीं पुरुषों की टोली डीजे की रामधुन में जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं तरोष मुहाल में रामजानकी मंदिर में भी श्रीराम सीता, लक्ष्मण जी की प्रतिमा को मंदिर के पुजारी कमलाकंात महाराज द्वारा गंगाजल से स्नान करा विधिवत पूजन अर्चन कर 56 प्रकार का भोग लगाया गया। तदुपरांत मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इन दौरान समूचे गांव में लोग राममय हो ईश्वर का नाम लेते दिखे तो वहीं जगह-जगह भजन कीर्तन का भी आयोजन होता दिखा।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा लखनऊ मण्डल के पतरंगा से सफदरगंज रेलखण्ड स्टेशनों के नई दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण**

लखनऊ मण्डल के **पतरंगा से सफदरगंज सेक्शन (28.43 किमी)** में नव–निर्मित दोहरीकरण लाइन इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालन के लिए शीघ्र ही खोली जायेगी। विशेष ट्रेन द्वारा खण्ड का उच्चगति परीक्षण रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा दिनांक **24.01.2024** को ट्राली निरीक्षण के बाद किया जायेगा। उसके बाद **पतरंगा से सफदरगंज** सेक्शन में दोनों दिशाओं से दोहरी लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइनों से दूर रहें। ट्रैक को केवल लेवल क्रासिंग से पार किया जाना चाहिए। लेवल क्रांसिग के अलावा किसी भी अन्य स्थान से ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 250/24

# करोड़ों रामभक्तों के लिये कभी ना भूलने वाला दिन बना 22 जनवरी : चेयरमैन

## समूचा नगर राम नाम की पट्टी,होर्डिंग और शोभायात्राओं से पटा रहा पूरे दिन गुजते रहे रामलीला मैदान रामलला के भजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पुरनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने अयोध्या धाम का लाइव प्रसारण रामलीला मैदान में बड़े धूमधाम से कराया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 का दिन देश के लिए बहुत बड़ा दिन साबित हुआ।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर समेत पूरा देश जश्न में डूबा हुआ नजर आया।

वाकई यह देश के लिए ऐतिहासिक क्षण साबित हुआ।राम मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर पूरा पूरनपुर राम मय नजर आया। जगह-जगह आयोजन हुए।भंडारा और सुंदरकांड के पाठ हुए। सड़कों पर शोभा यात्राओं के तांते लगे हुए हैं पूरा शहर राम नाम से गूंज रहा है। समूचा नगर राम नाम की पट्टी और होर्डिंग पोस्टर से पटा पड़ा है।

इस मौके पर युवा व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने कहा कि कमलनयन प्रभु श्रीराम अयोध्या धाम में नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ,अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में स्थापित हुए।एक नये युग का प्रवर्तन किया है। आज श्री अयोध्या के साथ हर गाँव,शहर,देश,विदेश,संपूर्ण विश्व राममय है।राइस मिलर स्वामी डिंपल ने कहा कि हम सभी भगवान श्री राम के आदर्शों,जीवन मूल्यों को आत्मार्पित करें और समाज व संस्कृति के लिए स्वयं को समर्पित करें। 5 सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा आज पूर्ण हुई। उन्होंने कहा, ''आज का दिन करोड़ों रामभक्तों के लिये कभी ना भूलने वाला दिन है। आज जब हमारे रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं,तब असंख्य रामभक्तों की तरह मैं भी भावविभोर हूं। इस भावना को शब्दों में समेट पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम में सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के पुरोधा थे पंडित जनेश्वर मिश्रा- वरिष्ठ सपा नेता राजू

पूरनपुर।सोमवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता राजकुमार उर्फ राजू ने अपनी टीम के साथ पण्डित जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्याणपर कर पुष्पांजलि अर्पित की है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सपा नेता ने कहा है।कि पण्डित जनेश्वर मिश्र समाजवादी पार्टी के पुरोधा थे।समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे अनेकों बार केन्द्र में मन्त्री रहे है।

सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी।और न ही बंगला।इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर लोहिया पार्क पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पूर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में से मुख्य रूप से आशीष भारती,वसीम खान,ठाकुर दास,भुवनेश कुमार,हरीश चंद्र,तौफीक खान,अमन, मोबिन अहमद,रफीक अहमद,अनवार अहमद,मोहम्मद सरताज,अरशद,मुस्ताक मंसूरी,नवी अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत जगह-जगह हुआ पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिछिया, उन्नाव। 500 वर्षों की प्रतिक्षा के बाद जन-जन के हृदय में बसने वाले प्रभु श्री राम के अयोध्या मे निर्मित मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगो की आस्था हिलोरे मार रही है। प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह मुख्यालय समेत चारों तरफ दिख रहा है। ब्लॉक क्षेत्र के गाँव पडरीकला मे ढकुलेश्वर मन्दिर, शक्तिपीठ मां बालेश्वरी धाम,लहिया गाँव की मां जालिपा देवी धाम, ओरहर मां साखो देवी मंदिर,नेवरना गाँव बहार देवी समेत क्षेत्र के सभी मंदिरों सहित सरकारी कार्यालय एवं अन्य देवालयों मे फूलों एवं बिजली की झालरों से सजाया गया है, घरों में भी दीपोत्सव की लोगों ने तैयारिया कर रखी है हर तरफ प्रभु श्री राम के चित्र वाले भगवाध्वजो ने क्षेत्र को राममय कर दिया है। क्षेत्र के तमाम स्थान पर अयोध्या धाम पर हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण को देखने के लिए लोगो ने एलईडी लगाई जिसमें लोगों ने सीधा प्रसारण देखा। और अपने घरो मे टीवी पर भी लोगों ने देखा एक हफ्ते पूर्व से ही मंदिरों की साफ सफाई के साथ उन्हें रंग रोगन कर नया रूप देते हुए फूलों की लड़ियों और बिजली की झालरों के साथ रोशनी का इंतजाम राम भक्तों ने किया। क्षेत्र में गाँव - गांव भंडारे के साथ-साथ मंदिरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन की व्यवस्था राम भक्तों ने कर रखी है। इसी कड़ी में जरगांव गाँव मे अयोध्या धाम की तर्ज पर हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ गणेश जी,हनुमान जी समेत 16 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गाँव समेत क्षेत्रीय हजारों भक्तों के राम मय के जयकारों से मन्दिर परिसर गूंजायमान होता रहा। इस दौरान बाबा विजय दास,सूरज सिंह ,अनिल पांडेय समेत हजारों भक्त मौजूद रहे। इसी क्रम में मां जालीपा देवी मंदिर में रामचरितमानस का पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया माता के मंदिरअन्य गांव से लोगों ने सैकड़ो गाड़ियों से रामलला की यात्रा निकाली जो माता जालीपा माता के मंदिर मैं आकर श्रद्धा पूर्वक माता के दर्शन व आशीर्वाद लिया वा प्रसाद को ग्रहण किया जिसका आयोजन जिसका आयोजन समाज सेवी संजय सिंह लहिया, बसंत पाल सिंह प्रधान प्रतिनिधि, राजेश पाल, गोपाल तिवारी माता रानी के मंदिर के पुजारी अनिल पांडा व अन्य सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न कराया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बच्चो ने बनाई रंगोली



उन्नाव। सोमवार को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। शहर में भी विभिन्न स्थानों पर राम भक्तों ने विविध आयोजन में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया। स्थानीय निराला नगर स्थित भीमा शंकर महादेव मन्दिर में बच्चों द्वारा भगवान राम सीता माता व लक्ष्मण जी की कलाकृति उकेर बच्चों ने रंगोली बनाने का काम किया। विविध प्रकार की रंगोलियों द्वारा बच्चों ने अपने कला कौशल की अद्भुत झलक दिखाने का काम किया।

## कड़ाके ही ठंड में भी भारतीय किसान यूनियन का धरना 10 वे दिन भी जारी

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन रेलवे-स्टेशन पूरनपुर परिसर में जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में दसवें दिन भी जारी रहा।धरना-प्रदर्शन में किसान लगातार चौबीसों घंटे दिन रात कड़ाके की ठण्ड में रेलवे-स्टेशन पर अपनी माँगों को लेकर आन्दोलन करने को मजबूर हैं। रेलवे विभाग की घोर लापरवाही के कारण लाखों किसान अंडरपासों में कई कई फुट पानी भरने की समस्या से परेशान हैं।किसान लगातार धरना-प्रदर्शन में भूखे प्यासे नारेबाजी कर रहे हैं।किसानों की समस्याओं के समाधान तक आन्दोलन जारी रहेगा।

## संतराम विश्वकर्मा बने सांसद प्रतिनिधि

पूरनपुर।ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से सांसद वरुण गांधी ने अपना लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रविवार को सांसद वरुण गांधी ने इस आशय का पत्र जारी किया। जिलाधिकारी को संबोधित जारी पत्र में उन्होंने लिखा कि संतराम विश्वकर्मा जो कि अपने समाज,गरीबों असहायों की मदद के लिए निरंतर संघर्षरत रहते हैं। पत्र में उन्होंने आगे लिखा कि में इनको ऐसे गरीबों सहयोग आदि दवे कुछ ले लोगों की मदद के लिए इनको अपना लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त करता हूं। ज्ञात हो कि संतराम विश्वकर्मा पुराने भाजपाई एवं ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव हैं।संतराम विश्वकर्मा भारतीय जनता पार्टी में कई अहम पदों की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। जो समाज एवं गरीबों मजलूमों की मदद के लिए हर समय तत्पर रहते हैं।और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास करते हैं।संतराम विश्वकर्मा का सांसद वरुण गांधी का प्रतिनिधि नियुक्त होने पर उनके रिश्तेदारों और समर्थकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर और उनको व्यक्तिगत मिलकर बधाइयां दे रहे हैं।

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया दीपोत्सव



उन्नाव। अयोध्या में आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में उत्सव का वातावरण बना हुआ है जिले में भी जगह जगह मंदिरों में भंडारे प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं घरों और मंदिरों में दीवाली मनाई जा रही है रामायण पाठ ,सुंदरकांड पाठ प्राण प्रतिष्ठा आयोजित हो रहे हैं इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री मंदिरों की स्वच्छता और सजावट करवा प्रसाद वितरण कर दीपोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव को भी झालरें लड़ी लाइटें लगाकर सजाया गया तथा जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, सांसद साक्षी महाराज, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक पंकज गुप्ता ,श्रीकांत कटियार, बम्बा लाल दिवाकर आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह सहित उपस्थिति पदाधिकारियों ने श्री राम के चित्र के सामने दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पर निकाली गयी श्रीराम रथ यात्रा

प्रयागराज। सम्पूर्ण विश्व के स्वामी भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के उपलक्ष्य में पूरे देश में दशहरे जैसा दृश्य दिखाई पड़ रहा था। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन, प्रयागराज के तत्वावधान में महर्षि भरद्वाज मुनि की प्रतिमा प्रयाग से भगवान राम, माता सीता एवं प्रभु हनुमान जी की भव्य श्रीराम-रथ यात्रा निकाली गयी।

ह रथ यात्रा आरती, पूजा एवं प्रसाद वितरण के पश्चात शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ।

# राम भक्तो ने 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम की ज्योति जलाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।''व्रज हुआ प्रभु श्रीराम मय''प्रभु श्रीराम लला विराजमान प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रसिद्ध त्रेतानाथ शिव मंदिर पर भव्य व दिव्य धार्मिक राधे राधे संकीर्तन का आयोजन पंडित श्रीमान नवल किशोर शास्त्री जी व उनकी टोली के माध्यम से किया गया साथ ही साथ बड़े पर्दे पर प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखवाया एक मुरादपुर गांव निवासी नवदम्पति जोड़ा की शादी भी कुशल पुरोहित द्वारा विधिविधान से सम्पन्न करायी गयी उपरांत विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रीराम भक्तों द्वारा 1100 दीपक प्रज्वलित कर श्रीराम ज्योति जलाई गई इस भव्य व दिव्य धार्मिक अनुष्ठान में प्रमुख रूप सेजिला कार्यसमिति सदस्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित'' राजू,मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित,पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी,जितेंद्र मोहन दीक्षित, पंडित अजय अवस्थी,अनुज दीक्षित,आशीष दीक्षित,अंकित दीक्षित,संतोष वाजपेयी,अमन अवस्थी,सुनील दीक्षित,महन्त रामगोपाल पांडेय,महन्त पुष्पेन्द्र वाजपेयी,अचलेन्द्र मिश्र,अचल मोहन पांडेय,वेदपाल सिंह,राजेन्द्र मिश्र,हिमांशु मिश्र,शिवांक मिश्र आदि बड़ी संख्या में माताओं बहनों व क्षेत्र वासियों ने पहुंचकर कार्यक्रम में भव्यता प्रदान की है।

# महिला शिक्षक संघ ने दूधिया मंदिर में रामचरितमानस सुंदर काण्ड का किया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जनपद पीलीभीत में मंडल अध्यक्ष द्वारा दूधिया मंदिर में राम चरित मानस के सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बरेली अनीता तिवारी,मंडल मीडिया प्रभारी आराधना कश्यप,विभा मिश्रा,वंदना द्विवेदी,मीनाक्षी मिश्रा,कोषाध्यक्ष डॉली यादव,संयुक्त मंत्री जयकिरण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती संतवानी सहित तमाम महिला शिक्षक और स्थानीय भक्त उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया है।

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किसान पैट्रोल पंप पर मंत्री ने किया मिष्ठान वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भगवान श्री राम की अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर परपेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन पीलीभीत द्वारा किसान फिलिंग स्टेशन पीलीभीत पर मिष्ठान वितरित करके व रामनामी दुपट्टा पहनाकर ग्राहकों व अतिथियों का स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीयू के चेयरमैन सुरेश कुमार गंगवार ने की है।जिलाध्यक्ष श्रीकांत सिंह ने सभी का स्वागत किया। महासचिव सतीश मिश्र,जिला सदस्यता प्रमुख रंजीत सिंह गिल,सह संगठन मंत्री अनुराग अवस्थी मोहित,डाक्टर दक्ष गंगवार, रंजीत सिंह रंधावा सहित कई डीलर्स मौजूद रहे।इसी प्रकार पीलीभीत जनपद के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर मिष्ठान बांटकर खुशियां मनाई गई हैं।

# प्रभु श्री राम की भक्ति में लीन कवियत्री ने लिख दिए 11 भजन

## प्रभु श्री राम की भक्ति में कवित्री ने लिख दिए दर्जनों भजन,मुक्तक,कविता और छंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।पुरनपुर निवासी कवियत्री सुगंध विकास बाजपेयी ने प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम की भक्ति में लगभग 11 भजन लिखे हैं। जिसमे एक भजन यह है। कि स्वागत मे रघु के अवध नगरिया,दुल्हन के जैसी निखर रही है।

चारो दिशाये है। जगमगाये आदित्य रश्मियाँ बिखर रही है।
स्वागत मे रघु के..........
दशरथ सुतम रघु, कौशल्या नंदन जय सूर्यवंशम,असुर निकन्दन।
मर्यादा पुरुषोत्तम की कृपा, मेरी माटी को स्वर्णिम सा कर रही है।
स्वागत मे रघु के.............
सियापति सुर अधिपति जगत पति,
अखिल अलौकिक पाताल त्रिलोक गति
रघु की बाल मूरत,अति खूबसूरत मेरी माटी को स्वर्णिम सा कर रही है।
स्वागत मे रघु......
प्रभु तारण हारम अत्चु युत बिभूषणाम
जय राम चंद्रम, नव कंज लोचनम
हे अंतर्यामी तेरा दर्श दिव्यं
चक्षु मे प्रेमाश्रु सा भर रही है
स्वागत मे रघु के अवध नगरिया,दुल्हन के जैसी निखर रही है।

इसके आलावा कौशल्या मां हुई है प्रफुल्लित रामलला जो अयोध्या पधारो द्वारा सजाओ वो,दीप जलाये वो राह तके लल्ला की नायरो गदगद होए वह सुध बुध खोये पुत्र स्नेह में सब कुछ बारो कितना अद्भुत क्षण होगा,जब राघव मैया काहेगो को दोवारो सहित अनेक छंद लिखे है। कवियत्री सुगंध विकास बाजपेयी कई कार्यक्रमों में अपने काव्य पाठ से मंचो को साझा कर चुकी हैं।

# राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर निकाली शोभा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। राम जन्म भूमि अयोध्या श्री राम मंदिर मे भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्थानीय कस्बा में भी माहौल राममय हो गया है। नगर पंचायत में जय श्री राम के जयकारों के साथ रामलीला कमेटी की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत तथा ऊगू आज राम मय हो गया।ऊगू कस्बे में आज रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल पटेल व महामंत्री अवधेश, पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित की अगुवाई में शोभा यात्रा रामलीला परिसर हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए कामाख्या माता मंदिर से गुजरी। यात्रा में प्रभु राम, माता जानकी, लक्ष्मण जी, बजरंग बली की झांकियां भी यात्रा में शामिल रही। नगर फतेहपुर चौरासी के माँ शीतला देवी मन्दिर, आनंदेश्वर महादेव मन्दिर, नेहरू नगर के श्री राम मन्दिर में सजावट पूजन अर्चन किया गया।

झूलूमऊ के फूलमती देवी मन्दिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर महेश दीक्षित, बीडीओ अनिल कुमार, ए डी ओ पंचायत हेमन्त कुमार,ग्राम सचिव विवेक कुमार
कृष्ण कुमार द्विवेदी नवीन पटेल आदर्श दीक्षित विवेक दीक्षित अजय द्विवेदी सुनील शास्त्री हर्ष शुक्ला, रमाशंकर तिवारी, अनुज दीक्षित, सूर्यप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के सभी गांवो मे अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओ ने जगह जगह रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया वहीं ग्राम पंचायत कुडीना मे प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार की अगुवाई में राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झांकी निकाल कर ग्राम पंचायत को राममय कर दिया।

## समाजसेवी अंशु गुप्ता ने मंदिर में किया प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम



उन्नाव। अयोध्या स्थित श्री रामचंद्र जी के मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले अद्वितीय और भव्य प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ ही पूरे प्रदेश में जगह जगह अनेकों भव्य मंदिरों का निर्माण के बाद उसी दिन प्राणप्रतिष्ठा के अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्थानीय समाजसेवी और व्यवसाई आर के जी परिवार के अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने करोवन रोड स्थित नवनिर्मित श्री रामेश्वर महादेव धाम में प्राण प्रतिष्ठा लिए लाई गई मूर्तियों की स्थापना का कार्यक्रम गत रविवार को बड़ी धूम धाम के साथ सैकड़ो भक्तों के जनसमूह के साथ शुरू किया गया था। कार्यक्रम संयोजक अंशु गुप्ता ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ होगा, दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आज से वैदिक मंत्रोचार के साथ कुशल आचार्यों द्वारा शुरू किया गया। जिसकी शुरुआत सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पूजन करके किया। इसके साथ ही राम जी के मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा। भंडारे में पूड़ी सब्जी और मिष्ठान में बूँदी प्रसाद के रूप में वितरित की गयी। पूजनपरान्त भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद पाने को लोगो की भारी भीड़ देखने को मिली।

# नन्ही धरित्री ने लिया प्रजापिता ब्रह्मा का रूप

## चिनहट में बाल कलाकारों की राम दरबार झांकी का प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पवित्र अवसर पर के राजधानी के चिनहट क्षेत्र स्थित आरुषी विहार कालोनी के साईं धाम मंदिर से रामभक्तों ने ध्वज यात्रा निकाली। श्रीराम लला उत्सव यात्रा को लेकर पिछले कई दिनों से अलख जगा रहे हैं। साईं धाम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी प्रवीन सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज 22 जनवरी का दिन सनातनधर्मियों के लिए त्योहार से कम नहीं है। हमारे भगवान राम अयोध्या धाम में विराजेंगे। उन्होंने बताया कि साईं धाम मंदिर के ट्रस्टी पवन कुमार अवस्थी, पण्डित अजय शास्त्री, कुसुम, पूनम अवस्थी, शिव प्रसाद मिश्र व अन्य सहयोगियों के साथ घर घर जाकर सैकड़ों निमंत्रण बांट चुके हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पवन अवस्थी ने बताया कि उत्सव यात्रा दोपहर 12 बजे सिटी इण्टर नेशनल स्कूल, एवरग्रीन कैम्पस, शिवमंदिर से शुरू होकर मटियारी चौराहे से होते हुए आरुषी विहार स्थित साईं धाम मंदिर पहुंची। दस किलोमीटर की इस यात्रा में हजारों भक्तों के साथ राम दरबार झांकी, घोड़े, बग्घी पर सवार बाल कलाकार व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।छोटे बच्चों द्वारा तैयार की गयी राम दरबार झांकी को दर्शकों ने बहुत सराहा।

इस बालझांकी में प्रजापिता ब्रह्मा की रूपसज्जा में सफ़ेद दाढ़ी धारण किये हुए आठ वर्षीया बालिका धरित्री मिश्रा ने बताया कि उसे पहली बार ऐसी सार्वजनिक यात्रा में भाग लेने का अवसर मिला है जिसका उसने पूरा आनंद लिया है । यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में आयोजित भव्य भण्डारे के आयोजन में हजारों रामभक्तों ने भक्तिपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## राजाजीपुरम में लगे रामनाम के जयकारे



लखनऊ। राजाजीपुरम क्षेत्र में आंचल समाजोत्थान सेवा समिति द्वारा अयोध्या राम मंदिर एवं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । संस्था के अध्यक्ष राधेश्याम दीक्षित, सचिव पूजा शुक्ला, उपसचिव आरती शुक्ला, संस्था के सदस्य हेमंत दीक्षित राखी सुबोध शुक्ला महेंद्र शुक्ला के साथ-साथ हरिओम एवं मंजू का भी सहयोग रहा। भक्तिभावयुक्त इस कार्यक्रम में रामनाम के जयकारों से वातावरण बहुत ही आनंददायक रहा

# पैरोल 'बाबा' राम रहीम

क्या कयामत है कि हत्या और बलात्कार जैसे संगीन जुर्मों के अपराधी डेरा सच्चा सौदा के बाबा राम रहीम को सरकारी रहमतों ने 'पैरोल बाबा' बना दिया है। पिछले चार साल के दौरान इस बाबा को नौवीं बार पैरोल पर छोड़ा जा रहा है। कानून की इस 'दरियादिली' को पूरे हिन्दोस्तानी हैरत से देख रहे हैं और कह रहे हैं कि 'या खुदा ऐसी रहमत पाने के लिए बाबा का चोला कितने फख्र का सबब बन सकता है'। बेशक भारत की जनता को धर्म प्राण कहा जाता है मगर वह बखूबी यह भी जानती है कि धर्म के नाम पर पाखंड को कैसे चमकाया जाता है। राम रहीम एक कातिल है जिस पर पत्रकार राम चन्द्र छत्रपति और डेरा मैनेजर रणजीत सिंह की हत्या की साजिश में शामिल होने का अपराध अदालत में साबित हो चुका है। इसके साथ ही वह अपने डेरे की ही एक साध्वी का बलात्कार करने के जुर्म में भी बीस साल की सजा काट रहा है। मगर चार साल पहले उसे सजा सुनाए जाने के बाद जिस तरह बार-बार पैरोल पर जेल से बाहर आने की छूट जेल नियमों के नाम पर ही दी जा रही है उससे आम जनता के दिल में यह शक पैदा होना वाजिब है कि उसे कानून की आड़ लेकर ही वह सुविधा दी जा रही है जिसकी छूट उस जैसा ही अपराध करने वाले दूसरे कैदियों को नहीं मिल पाती। आखिरकार यह माजरा क्या है? क्या इसके पीछे वोट की राजनीति है? क्योंकि जब भी चुनावी मौसम आता है उससे कुछ समय पहले बाबा को पैरोल से नवाज दिया जाता है और बहाना उसके परिवार में किसी समस्या का लगा दिया जाता है। जेल से बाहर आने पर बाबा संगतों को सम्बोधित करता है जिसमें नामी-गिरामी राजनीतिज्ञ भी शिरकत करते दिखाई पड़ते हैं और उसके दरबार में शीश झुकाते नजर आते हैं। सवाल यह है कि भारत जब कानून से चलने वाला देश है तो कानून बनाने वाले राजनीतिज्ञ क्यों कर कानून का ही मजाक उड़ाते नजर आते हैं? दरअसल वे कानून का नहीं बल्कि इस मुल्क का मजाक उड़ाते हैं और कहते हैं कि कानून को कानून की कलम से ही मार कर वे कानून की धज्जियां सरे राह उड़ायेंगे और उसको फिर धर्म का कलेवर चढ़ायेंगे। इसे हम 'कानून की त्रासदी' ही कहेंगे इसके अलावा और कुछ नहीं कह सकते। वरना क्या वजह है कि एक अपराधी का सम्बोधन सुनने के लिए राजनीतिज्ञों का जमावड़ा भी हो और दूसरी तरफ जेल के दरवाजे भी खुले हों। भारत गांधी का देश है और गांधी जी का सिद्धान्त था कि हर अपराधी को सुधरने का अवसर मिलना चाहिए मगर उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि अपराधी के अपराध को भी श्रद्धाभाव से देखा जाये। गांधीवाद के अनुसार अपराध को खत्म करने की जरूरत होती है और उससे घृणा करना जरूरी होती है जिससे कोई दूसरा व्यक्ति वैसा अपराध न कर सके। मगर जब अपराधी का महिमामंडन होने लगता है तो कहीं न कहीं अपराध का भी महिमामंडन होने लगता है और उससे समाज में अपराध को सामान्य व्यवहार मानने की चेतना जागृत होने का अन्देशा रहता है जिसकी वजह से अपराध के बढ़ने की संभावनाएं पैदा होती जाती हैं। राम-रहीम को पचास दिन का पैरोल दिया गया है। पैरोल पर वह अपने बागपत आश्रम में निवास करेगा और वहां जाकर वह अपनी कथित धार्मिक गतिविधियां भी करेगा जिससे धर्म के अधर्म बन जाने का खतरा मंडराता रहेगा। धर्म केवल कर्मकांड का नाम नहीं होता बल्कि वह व्यक्ति के हृदय को शुद्ध करने का कार्य भी करता है। यह कार्य वही कर सकता है जिसका आचरण और लोक व्यवहार भी शुद्ध हो। राम रहीम अपने हरियाणा के सिरसा आश्रम में तो नहीं जा पायेगा मगर उत्तर प्रदेश के बागपत आश्रम में जायेगा। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है। योगी जी स्वयं साधू हैं मगर शासक के पद पर बैठे हुए हैं। अतः उनकी सरकार को अपने क्षेत्र के अपराधियों को राम रहीम से प्रेरणा पाने की किसी भी घटना को तुरन्त रोकना चाहिए। राम रहीम को अपनी बीमार मां का हाल-चाल जानने के लिए इस बार पैरोल की सुविधा दी गई है। मगर वह तो बागपत आश्रम में विश्राम करेगा। यह स्वयं में ही बताता है कि प्रशासन उसके साथ करुणामय व्यवहार कर रहा है जिसे देख कर ऐसे ही अपराधों में जेल में बन्द अन्य कैदी प्रेरणा लेंगे।

# बेमिसाल है नेताजी की आजाद हिन्द फौज

## सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर विशेष

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इनकार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले।**

आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी की अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इनकार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतंत्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कंग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुंचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूंद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत की अंग्रेज शासकों को आक्रमण कर चुनौती दी। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतंत्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है। **–रमेश सर्राफ धमोरा**

# आमजन के राम

## के. विक्रम राव

**राम में रमना होगा, क्योंकि वे ''जन रंजन भंज न सोक भयं'' हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अंधेरे और निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि ''राम का असर करोड़ों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं।**

राम की कहानी युगों से भारत को संवारने में उत्प्रेरक रही है। इसीलिए राष्ट्र के समक्ष सुरसा के जबड़ों की भांति फैले हुए सद्य संकटों की रामकहानी समझना और उनका मोचन इसी से मुमकिन है। शर्त यही है राम में रमना होगा, क्योंकि वे ''जन रंजन भंज न सोक भयं'' हैं। बापू का अनुभव था कि जीवन के अंधेरे और निराश क्षणों में रामचरित मानस में उन्हें सुकून मिलता था। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि ''राम का असर करोड़ों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। आदमी तब उसी मिसाल के अनुसार अपने कदम उठाने लग जाता है। इन्हीं मिसालों से भरी राम की किताब को एक बार विनोबा भावे ने सिवनी जेल में ब्रिटेन में शिक्षित सत्याग्रही जेसी कुमारप्पा को दिया और कहा, ''दिस रामचरित मानस ईज बाइबल ऐंड शेक्सपियर कम्बाइन्ड।'' लेकिन इन दोनों अंग्रेजी कृतियों की तुलना में राम के चरित की कहानी आधुनिक है, क्योंकि हर नई सदी की रोशनी में वह फिर से सुनी, पढ़ी और विचारित होती है। तरोताजा हो जाती है। गांधी और लोहिया ने सुझाया भी था कि हर धर्म की बातों की युगीय मान्यताओं की कसौटी पर पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। गांधीजी ने लिखा था, ''कोई भी (धार्मिक) त्रुटि शास्त्रों की दुहाई देकर मात्र अपवाद नहीं करार दी जा सकती है।'' (यंग इण्डिया, 26 फरवरी 1925)। बापू ने नये जमाने के मुताबिक कुरान की भी विवेचना का जिक्र किया था। लोहिया तो और आगे बढ़े। उन्होंने मध्यकालीन रचनाकार संत तुलसीदास के आधुनिक आलोचकों को चेताया, ''मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, और न कूड़ा साफ करते समय मोती को फेंक देना। रामकथा की उल्लास-भावना से अनुप्राणित होकर लोहिया ने चित्रकूट में रामायण मेला की सोची थी। उसके पीछे दो प्रकरण भी थे। कामदगिरी के समीप स्फटिक शिला पर बैठकर एक बार राम ने सुन्दर फूल चुनकर काशाय वेशधारिणी सीता को अपने हाथों से सजाया था। (अविवाहित) लोहिया की दृष्टि में यह प्रसंग राम के सौन्दर्यबोध और पत्नीव्रता का परिचायक है, जिसे हर पति को महसूस करना चाहिये। स्वयं लोहिया ने स्फटिक शिला पर से दिल्ली की ओर देखा था। सोचा भी था कि लंका की तरह केन्द्र में भी सत्ता परिवर्तन करना होगा। तब नेहरू- कांग्रेस का राज था। फिर लोहिया को अपनी असहायता का बोध हुआ था, रावण रथी, विरथ रघुवीर की भांति। असमान मुकाबला था, हालांकि लोहिया के लोग रथी हुए उनके निधन के बाद। लोहिया रामचरितमानस के छोटे किस्सों का उद्धरण करते थे और आमजन की जिज्ञासा जगाते थे ताकि राम पर चर्चा व्यापक हो। मसलन बड़े भाई राम अकसर अनुज लक्ष्मण को उकसाते थे। जब धनुष टूटा तो नाराज परशुराम से लक्ष्मण का विवाद तीखा था। शूर्पणखा को टालने के लिए फिर राम ने लक्ष्मण को एवजी बनाया। दोनों में संवाद का आयमन क्या था? लोहिया ने अपने राम को साधारण मनुष्य जैसा ही देखा था। महात्मा गांधी के विषय में एक अचंभा अवश्य होता है। द्वारका के निकट सागर किनारे वे पैदा हुए पर जीवनभर सरयूतटी राम के ही उपासक रहे। वे द्वारकाधीश को मानो भूल ही गये। शायद इसलिए कि गांधीजी जनता के समक्ष राम के मर्यादित उदाहरण को पेश करना चाहते हों। रामराज ही उनके सपनों का भारत था, जहां किसी भी प्रकार का ताप नहीं था, शोक न था।

## सेहत मंत्र

# खाना बनाएं मूंगफली के तेल से, ब्लड प्रेशर डायबिटीज और दिल की बीमारियां रहेंगी दूर

मूंगफली सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। अगर आप मूंगफली के तेल यानी ग्राउंडनट ऑयल से रोज का खाना बनाएं, तो पूरे परिवार की सेहत के लिए ये तेल बहुत फायदेमंद साबित होगा। मूंगफली के तेल में मिनरल, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत ही लाभप्रद होते है। इसके साथ ही ये तेल आपको कई बड़ी और गंभीर बीमारियों जैसे- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक आदि से भी बचाता है। आइए आपको बताते हैं अगर आप रोज का खाना मूंगफली के तेल में बनाते हैं, तो आपको कौन-कौन से फायदे मिलते हैं। मूंगफली के तेल को बहुत सेहतमंद माना जाता है। इसका कारण यह है कि इस तेल में शरीर के लिए जरूरी बहुत सारे विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। 100 ग्राम मूंगफली में 567 कैलोरी, 49 ग्राम फैट जिसमें सात ग्राम सैचुरेटेड 40 ग्राम, अनसैचुरेटेड फैट, जीरो कोलेस्ट्रॉल, सोडियम 18 मिलीग्राम, पोटैशियम 18 मिलीग्राम, कार्बोहाइड्रेट, फोलेट, विटामिन, प्रोटीन, फाइबर आदि अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। बच्चों के लिए मूंगफली का तेल बहुत फायदेमंद होता है क?योंकि इसमें विटामिन बी-3 बहुत अधिक मात्रा में होता है, जो दिमाग के लिए फायदेमंद है। इसके सेवन से याददाश्त बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। मूंगफली का तेल कैल्शियम और विटामिन डी से समृद्ध होता है। इसलिए यह दांतों से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या को दूर करने में बहुत लाभकारी होता है। डायबिटीज की समस?या होने पर मूंगफली के तेल का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बनी रहती है। मूंगफली के तेल के सेवन से ब्लड़ ग्लूकोज का स्तर सामान्य रहता है और ब्लड शुगर स्तर भी कंट्रोल में रहता हैं। मूंगफली के तेल के सेवन से कोरोनरी ऑर्टरी डिजीज नहीं होती है और नर्वस में ब्लड का फ्लो अच्छे से होता है।

## धर्म मंत्र

# चिंतामण सिद्ध गणेश मंदिर में आने वाले भक्तों की हर चिंता दूर करते हैं बप्पा

प्रथम पूज्य भगवान गणपति की महिमा वैसे तो किसी से छिपी नहीं है, लेकिन कई बार हमें इसके साक्षात उदाहरण ही देखने मिल जाते हैं। गणपति बप्पा अपने जितने भी रूपों में जहां भी दर्शन दें, भक्त को उसका लाभ ही होता है। बप्पा के प्रत्येक रूप का अपना अलग ही महत्व है। फिर चाहे वह उज्जैन के स्थिरमन गणेश हों या फिर चिंतामण गणेश। सुप्रसिद्ध खजराना मंदिर भी दुनियाभर में फ़ेमस है, किंतु आज हम यहां बात कर रहे हैं एक ऐसे मंदिर की जिसकी महिमा और कथा सबसे निराली है। कहा जाता है कि भगवान गणपति आज भी यहां साक्षात मूर्ति रूप में निवास करते हैं। कहा जाता है कि बप्पा को यहां सच्चे मन से पूजने पर वे कभी भी अपने भक्तों को खाली हाथ नहीं जाने देते। इसी वजह से गणेश उत्सव के अतिरिक्त भी यहां सालभर भक्तों का तांता लगा रहता है। यह मंदिर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के समीप ही स्थित सीहोर में मौजूद है और इसे चिंतामण सिद्ध गणेश मंदिर के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि चिंतामण गणेश की चार प्रतिमाएं देशभर में मौजूद हैं, एक रणथंभौर सवाई माधोपुर राजस्थान दूसरी उगौन अवंतिका, तीसरी गुजरात के सिद्धपुर में और चैथी सीहोर में स्थित है। ये सभी स्वयं-भू बतायी जाती जाती हैं। इस मंदिर को लेकर एक कथा भी प्रचलित है जो कि राजा विक्रमादित्य से जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि विक्रमादित्य के पूजन से प्रसन्न होकर भगवान गणपति ने उन्हें दर्शन दिए और मूर्ति रूप में स्वयं ही यहां स्थापित हो गए और सदैव ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद दिया।

## पर्यटन



# सोनमर्ग में होती है सबसे अच्छी बर्फबारी

सर्दियों मौसम में देश के बहुत से हिस्सों में बर्फबारी होती है। खूबसूरत बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। अगर आप भी बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं तो पहाड़ी इलाकों में जाने का प्लान कर सकते हैं। जम्मू कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्नॉफॉल हो रहा है, लेकिन सोनमर्ग इन सब से बहुत अलग स्थान है जो अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। जम्मू कश्मीर में स्थित सोनमर्ग दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है, जहां बर्फबारी का दोगुना मजा ले सकते हैं। अगर आप बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो सोनमर्ग जरूर जाएं। सोनमर्ग की सबसे बड़ी खासियत है आपको यहां बर्फ से जमी हुई झीलों का नजारा देखने को मिलेगा। यहां पर स्नोबोर्डिंग करने का मजा ही कुछ अलग है। बर्फ के अलावा भी आप बहुत कुछ देख सकते हैं। थाजीवास ग्लेशियर, खीर भवानी मंदिर, गडसर झील, बालताल, उसमार्ग, बालताल वैली और गंगाबल झील जैसी खूबसूरत चीजों का आनंद ले सकते हैं। सोनमर्ग सिंद नाले नाम की नदी की घाटी में स्थित है। यह समुद्र तल से 3000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह खूबसूरत स्थान ऊंचे पहाड़ों व झीलों से घिरा हुआ है। यह एक ऐसा स्थान है जहां पर आप कभी भी जा सकते हैं। यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है। अगर यहां पर घूमने के लिए बेस्ट टाइम की बात करें तो अप्रैल से अक्टूबर सबसे अच्छा समय है। गर्मियों में सोनमर्ग का मौसम काफी सुहावना और ठंडा रहता है। तब यहां का तापमान 9 डिग्री से 34 डिग्री के बीच रहता है। इस मौसम में यहां कैम्पिंग और ट्रैकिंग जैसी ऐक्टिविटीज का आप ज्यादा आनंद ले सकते हैं। इसके साथ उसमर्ग, बालताल, गंगाबल झील और कृष्णासागर पार्क का नजारा बहुत सुंदर दिखता है। सोनमर्ग में भारी बारिश होती है और यहां पर सालभर में कभी भी बारिश हो सकती है। यह समय ट्रैकिंग और कैम्पिंग के लिए बेस्ट माना जाता है। सर्दियों के मौसम में मौसम बहुत सुहावना होता है। इस दौरान यहां का तापमान जीरो डिग्री तक चला जाता है और भारी बर्फबारी होती है। आप यहां पर नीला ग्रेड नदी, सतसर झील और थाजीवास ग्लेशियर में बर्फ का मजा ले सकते हैं।

# कुक इंग्लैंड की तैयारी की कमी से चिंतित पर सफलता के लिए 'बैजबॉल' पर भरोसा

एजेंसी



लंदन। पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की कठिन श्रृंखला से पहले भारत में इंग्लैंड की 'मैच तैयारी की कमी' एक 'समस्या' हो सकती है लेकिन रोहित शर्मा की टीम को पछाड़ने के लिए उन्हें टीम के 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये पर भरोसा है। कुक की अगुआई में ही इंग्लैंड ने 2012 में भारत के आखिरी टेस्ट श्रृंखला जीती थी। अबु धाबी की 'उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों' में एक महीने के ट्रेनिंग शिविर का विकल्प चुनने के बाद बेन स्टोक्स और उनकी टीम गुरुवार से होने वाले शुरुआती टेस्ट से ठीक चार दिन पहले रविवार को हैदराबाद पहुंची। वर्ष 2012-13 की श्रृंखला में भारत पर 2-1 की जीत के दौरान 562 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे कुक ने 'द संडे टाइम्स' में अपने कॉलम में लिखा, ''इंग्लैंड के लिए मैच की तैयारी की कमी एक समस्या होगी। उन्होंने कहा, ''यह आधुनिक दौरे की प्रकृति है। जब हमने 2012 में भारत में जीत हासिल की थी तो हमने अच्छी टीमों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेले थे। युवराज सिंह, अजिंक्य रहाणे और मुरली विजय भारत ए टीम में शीर्ष चार में शामिल थे जिनका हमने सामना किया था और चेतेश्वर पुजारा ने अन्य मुकाबलों में से एक खेला था। कुक ने कहा कि कम से कम एक अभ्यास मैच होना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''यह अच्छा होगा यदि दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छी परिस्थितियों में अच्छे अभ्यास मैच आयोजित करने के लिए देशों के बीच किसी प्रकार का अनौपचारिक समझौता हो। इस समय कई श्रृंखलाओं में घरेलू टीम का पूरी तरह से दबदबा है और मुझे नहीं लगता कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा है। इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में हार के बाद भारत 14 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय रहा है। हालांकि कुक को इंग्लैंड के बैजबॉल रवैये पर भरोसा है जो आक्रामक होकर खेलने की रणनीति है। टीम ने पिछले साल पाकिस्तान के सफल दौरे (3-0 की जीत) में ऐसा किया था। कुक ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंग्लैंड भारत में क्या करने की कोशिश करने जा रहा है और अब मुझे लगता है कि यह उनकी सफलता का सबसे अच्छा मौका है। वे उपमहाद्वीप में बल्लेबाजी के पारंपरिक नियमों का पालन नहीं करेंगे। मुझे हमेशा से लगा है कि शुरुआती 30 गेंद महत्वपूर्ण होती हैं जब आप सामंजस्य बैठाने का प्रयास कर रहे होते हो। कुक ने कहा कि इंग्लैंड टीम के पास सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम को अस्थिर करने वाला आक्रमण मौजूद है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह देखने में बहुत दिलचस्पी होगी कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टीम भारत के गेंदबाजों को सीधे दबाव में डाल सकती है। इससे उनकी लय खराब हो सकती है। वे इसके अभ्यस्त नहीं होंगे क्योंकि अधिकांश टीमें मुकाबले में बने रहने की कोशिश करती हैं लेकिन यह आम तौर पर घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ काम नहीं करता है। कुक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, ''उसने हाल के वर्षों में उपमहाद्वीप में श्रीलंका और भारत में बहुत सारे रन बनाए हैं। उसने बिना जोखिम उठाए ऐसा किया है। अन्य बल्लेबाज उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए फ्रेजर मैकगर्क और बार्टलेट ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

एजेंसी



मेलबर्न। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाले तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित कर दी गई है। टीम में युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और अनकैप्ड तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया गया है। ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया है और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए हैं। देश में सबसे रोमांचक बल्लेबाजी प्रतिभाओं में से एक माने जाने वाले फ्रेजर-मैकगर्क ने विक्टोरिया से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद शानदार घरेलू सत्र का आनंद लिया है। उन्होंने इस सीज़न की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया। मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल में 32.12 की औसत और 158.64 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाने से पहले फ्रेजर-मैकगर्क ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहला प्रथम श्रेणी शतक भी बनाया। कुछ दिन पहले उन्होंने आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए पदार्पण किया, जहां उन्होंने 25 गेंदों पर 54 रन बनाए। बार्टलेट, जो इस सीज़न के बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, ने रिचर्डसन की जगह ली है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में उन्हें साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जिससे उनका पर्थ स्कॉर्चर्स अभियान समाप्त हो गया था। उन्होंने अपनी तेज आउटस्विंग से सबका ध्यान खींचा है, जिससे हीट को पावरप्ले में महत्वपूर्ण विकेट मिले हैं, जबकि उन्होंने डेथ ओवरों में भी अहम भूमिका निभाई है। पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और मिशेल मार्श को तीन एकदिवसीय मैचों के लिए आराम दिया गया है। स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम- स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, लांस मॉरिस, मैट शॉर्ट, एडम ज़म्पा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी



मेलबर्न। भारतीय अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की 14वीं वरीयता प्राप्त डच-क्रोएशियाई जोड़ी को 7-6 (10-8), 7-6 (7-4) से हराकर अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के साथ ही, बोपन्ना ने पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और क्वार्टरफाइनल की जीत उन्हें रैंकिंग में शीर्ष पर ले जाएगी। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी अब छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से भिड़ने को तैयार है। 43 वर्षीय बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में एकमात्र भारतीय चुनौती बने हुए हैं।

# एएफसी एशियन कप: सऊदी अरब राउंड 16 में, थाईलैंड के आगे बढ़ने की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी



दोहा। सऊदी अरब ने रविवार को एएफसी एशियन कप में नौ खिलाड़ियों वाले किर्गिस्तान पर 2-0 से जीत दर्ज कर राउंड 16 में प्रवेश किया। अहमद बिन अली स्टेडियम में 39,557 प्रशंसकों के सामने, तीन बार के चैंपियन सऊदी अरब ने ग्रुप एफ में छह अंकों के साथ लगातार दूसरी जीत हासिल की। इससे पहले रविवार को, थाईलैंड ने ओमान के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला और ग्रुप में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जिससे नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने की उसकी उम्मीदें बढ़ गईं। साहस और तीव्रता के साथ खेलते हुए, किर्गिस्तान ने मैच की जोरदार शुरुआत की, लेकिन केवल नौ मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गया जब एज़ार अकमातोव को लाल कार्ड दिखाया गया। सऊदी अरब ने 35वें मिनट में मोहम्मद कन्नो के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। किर्गिस्तान की मुश्किलें दूसरे हाफ के छह मिनट बाद और बढ़ गईं जब किमी मर्क को भी हसन अल तम्बाकती की चुनौती के बाद लाल कार्ड दिखाया गया। गेंद पर नियंत्रण और संख्यात्मक लाभ में प्रभुत्व के साथ, सऊदी अरब को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन वे किर्गिस्तान की दृढ़ रक्षा पंक्ति से पार नहीं पा सके। सऊदी अरब के लिए दूसरा गोल सामान्य समय ख़त्म होने से छह मिनट पहले हुआ। सऊदी के स्थानापन्न खिलाड़ी फैसल अल गमदी ने बॉक्स के किनारे से एक लंबा शॉट लगाया, और गोलकीपर एर्ज़ान टोकोटाएव इसे रोकने में विफल रहे। इसी के साथ सऊदी ने मैच 2-0 से अपने नाम कर लिया। किर्गिस्तान ग्रुप चरण में अपने अंतिम मुकाबले में ओमान से खेलेगा। 12 जनवरी से 10 फरवरी तक चलने वाले एशियाई कप में छह समूहों में कुल 24 टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। समूह विजेता और उपविजेता चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों के साथ नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगे।

# पीसीबी द्वारा एनओसी देने से इनकार के बाद मोहम्मद हारिस ने छोड़ा बांग्लादेश प्रीमियर लीग

लाहौर। पाकिस्तानी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार करने के बाद स्वदेश लौट आए हैं। हारिस चैटोग्राम चैलेंजर्स टीम का हिस्सा थे, लेकिन पीसीबी द्वारा मिली अनुमति के अनुसार, जुलाई 2023 से जुलाई 2024 की अवधि के लिए वह पहले ही दो विदेशी टी20 टूर्नामेंट में खेल चुके थे। उन्होंने पिछले साल जुलाई-अगस्त में लंका प्रीमियर लीग और ग्लोबल टी20 कनाडा में हिस्सा लिया था। उन्होंने इन टूर्नामेंटों में क्रमशः बी-लव कैंडी और सरे जगुआर के लिए खेला। हारिस ने कहा कि वह टूर्नामेंट की तैयारी के लिए जल्दी देश आ गए थे लेकिन बाद में पता चला कि एनओसी जारी नहीं की जाएगी।

# गैरी स्टीड को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के लिए फिट हो जाएंगे विलियमसन

एजेंसी



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि कप्तान केन विलियमसन 4 फरवरी को माउंट माउंगानुई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे। विलियमसन ने पाकिस्तान के खिलाफ हालिया पांच मैचों की श्रृंखला में सिर्फ दो टी20 मैच खेले थे, लेकिन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया था। स्टीड ने ईसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, ''मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएगा। संभवतः उसे प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक या दो दिन का समय मिल गया होगा। उसे एक छोटी सी परेशानी थी, हम इसे बढ़ाना नहीं चाहते थे। वह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख खिलाड़ी है और हम यह जानते हैं और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमने उसे उपलब्ध रहने का हर मौका दिया है। स्टीड को यह भी उम्मीद है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगे। ब्लंडेल ने पिछले साल दिसंबर में नेपियर वनडे के बाद से न्यूजीलैंड के लिए नहीं खेला है। वह वर्तमान में शरीर के निचले हिस्से की चोट से उबरने के लिए काम कर रहे हैं, और यदि वे सुपर स्मैश नॉकआउट में जगह बनाते हैं तो संभवतः वेलिंग्टन फायरबर्ड्स के लिए एक्शन में लौट आएंगे। यदि ब्लंडेल माउंट माउंगानुई टेस्ट के लिए फिट नहीं हैं, तो ऑकलैंड के विकेटकीपर कैम फ्लेचर, या घरेलू क्रिकेट में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए खेलने वाले विलियमसन के चचेरे भाई डेन क्लीवर को मौका मिल सकता है। फ्लेचर और क्लीवर दोनों टेस्ट क्रिकेट में अनकैप्ड हैं। स्टीड ने कहा, ''हम 'यदि टॉम सही नहीं है तो क्या विकल्प हैं' इसी पर चर्चा कर रहे हैं। हमारे पास अलग-अलग विकल्प हैं, लेकिन फ्लेचर और क्लीवर हमारी सूची में सबसे ऊपर हैं।

# पेरिस 2024 के लिए प्रथम विश्व क्वालीफिकेशन में नौ सदस्यीय मुक्केबाजी दल का नेतृत्व करेंगे शिव, जैस्मीन

एजेंसी

नई दिल्ली। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। बॉक्सिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के पहले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय टीम की घोषणा की। विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बस्टो अर्सिज़ियो में होने वाला है। थापा (63.5 किग्रा) और जैस्मीन (60 किग्रा) के अलावा, युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल ( 92 किग्रा), 2023 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) भी अपनी-अपनी श्रेणियों में पेरिस 2024 कोटा के लिए लड़ेंगे। बीएफआई द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, विभिन्न प्रदर्शन मापदंडों के आधार पर उच्च प्रदर्शन इकाई द्वारा आयोजित एक व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में 50 ओलंपिक कोटा होंगे, जिनमें 22 महिला वर्ग में शामिल हैं, जबकि 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक में होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के माध्यम से 45 से 51 मुक्केबाज क्वालीफाई करेंगे। जिन देशों ने अपने महाद्वीपीय योग्यता टूर्नामेंट या पहले विश्व योग्यता टूर्नामेंट के माध्यम से किसी विशिष्ट भार वर्ग के लिए किसी एथलीट को योग्य नहीं बनाया है, वे प्रति वजन श्रेणी में एक एथलीट को प्रवेश देने के पात्र होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहवाल, मिताली ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शमिल होने पर खुशी जताई

**अयोध्या।** श्री राम की नगरी अयोध्या पहुंची देश की दिग्गज बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बेहद खुश नजर आईं। समारोह के दौरान साइना नेहवाल काले रंग की जैकेट और गले में राम नाम का पीला गमछा डाले हुए थी। वहीं मिताली राज भी हरे रंग के कुर्ता पहने हुए थी। नेहवाल ने कहा कि इतना भव्य मंदिर आज खुला है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमें श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। बस मूर्ति देखने की देरी है। क्रिकेटर अनिल कुंबले सपत्नीक समारोह में शामिल होने अयोध्या पहुंचे है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ऌइस दिव्य अवसर का हिस्सा बनकर आनंद और धन्य हूं। उल्लेखनीय है कि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, हरभजन सिंह और रविचंद्रन अश्विन को, अन्य खेलों से शतरंज के ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, महान एथलीट पीटी उषा और फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया, धनुर्धर दीपिका कुमारी, पूर्व बैडमिंटन स्टार गोपीचंद आदि प्रमुख खेल हस्तियों को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया।

### सोनी ग्रुप ने जी एंटरटेनमेंट के साथ विलय समझौता रद्द किया

**नई दिल्ली।** सोनी ग्रुप ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जी) के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को रद्द कर दिया है। सोनी ग्रुप ने इस संबंध में जी को पत्र भेजकर विलय प्रक्रिया को समाप्त करने जानकारी दी है। सोनी के इस फैसले से पिछले दो साल से जारी विलय की प्रक्रिया खत्म हो गई है। जी एंटरटेनमेंट ने सोमवार को रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट ने जी एंटरटेनमेंट के साथ होने वाले विलय समझौते को समाप्त कर दिया है। जी के मुताबिक सोनी ने जी एंटरटेनमेंट से टर्मिनेशन फ़ीस के तौर पर 748 करोड़ रुपये की मांग की है। सोनी और जी के बीच होने वाले इस समझौते से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का मीडिया उद्यम बनकर खड़ा होने की उम्मीद थी। सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन ने 22 दिसंबर, 2021 को इस समझौते का ऐलान किया था। सोनी ने जी के साथ इस समझौते को खत्म करने की वजह विलय समझौते की शर्तों को पूरा नहीं करना बताया है।

### बीमा ब्रोकरेज कंपनी लॉकटन ने भारतीय बाजार में किया प्रवेश

**नयी दिल्ली।** अमेरिका स्थित स्वतंत्र बीमा ब्रोकरेज कंपनी लॉकटन ने भारतीय बाजार में प्रवेश की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि लॉकटन के भारत में प्रवेश के लिए नियामक की मंजूरी की आवश्यकता होगी। कंपनी भारत में जोखिम संबंधी परामर्श और प्रबंधन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। लॉकटन के दुनियाभर में 135 कार्यालय हैं। बयान के अनुसार, संदीप दादिया को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और लॉकटन एशिया नेतृत्व दल का सदस्य नियुक्त किया गया है। लॉकटन दुनिया की सबसे बड़ी स्वतंत्र बीमा ब्रोकरेज कंपनी है।

### विकास लाइफकेयर दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का करेगी अधिग्रहण


**नयी दिल्ली।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी। कंपनी ने कहा, यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) के बीच शेयर अदला-बदली सौदा है। यह स्काई 2.0 क्लब व्यवसाय में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी और उद्यम से संबंधित व्यवसाय खंड में सभी भविष्य के व्यावसायिक उद्यम के अधिग्रहण के लिए किया गया है। उद्यम का व्यावसायिक मूल्यांकन करीब 13 करोड़ अमरीकी डॉलर है। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार स्काई 2.0 क्लब पश्चिम एशिया और एशिया का सबसे बड़ा नाइट क्लब है।

### सेलेरिटीएक्स ने अयोध्या में बेहतर संपर्क के लिए नेटएक्स पेश करने की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) के उद्यम व्यवसाय सेलेरिटीएक्स ने अयोध्या में बेहतर संपर्क के लिए नेटएक्स पेश करने की घोषणा की है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान संपर्क स्थापित करने में मदद करेगा। इससे इंटरनेट संपर्क प्रदान करने में स्थानीय संचालकों को भी मदद मिलेगी।

# कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर


एजेंसी




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.18 डॉलर यानी 0.23 फीसदी लुढ़कर 78.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की उछाल के साथ 73.41 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

# सरकार बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क में कटौती न करे: जीटीआरआई


एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार को आगामी बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं करनी चाहिए क्योंकि मौजूदा शुल्क संरचना अभी तक सफल साबित हुई है और उसे बदलने से स्थानीय विनिर्माण को नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, मौजूदा दरों को बनाए रखने से भारत के बढ़ते स्मार्टफोन बाजार में उद्योग की वृद्धि तथा दीर्घकालिक विकास को संतुलित करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया, '' वर्तमान में भारत में स्मार्टफोन के आयातित घटकों पर शुल्क 7.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत के बीच है। बजट में इन करों को बरकरार रखा जाना चाहिए। बजट में स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क में कटौती नहीं की जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्माण और निर्यात के लिए आवश्यक कच्चे माल या पूंजीगत सामान शुल्क-मुक्त आयात कर सकती हैं। ये एडवांस ऑथराइजेशन, एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स जैसी योजनाओं और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) या 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाइयों में संचालन के जरिए मुमकिन हो पाया है। इसके अतिरिक्त कंपनियां स्थानीयकरण आवश्यकताओं के बिना शुल्क-मुक्त आयात के लिए सीमा शुल्क बांड योजना का इस्तेमाल कर सकती हैं। जीटीआरआई ने रिपोर्ट में कहा, भारत का स्मार्टफोन उद्योग 2022 में 7.2 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 13.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) योजना तहत सबसे बेहतर करने वाला क्षेत्र बन गया है। भारत में बेचे जाने वाले 98 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन स्थानीय स्तर पर बनाए जाते हैं।

# मोदी ने सनातन संस्कृति का नया अध्याय प्रारंभ किया : राजनाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की राजनीतिक साधना और शास्त्रोचित नियमों के पालन के बाद अयोध्या में राम लला विराजमान की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ है और इससे सनातन संस्कृति का नया अध्याय प्रारंभ होगा।

श्री सिंह ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सोशल मीडिया मंच पर अपने पोस्ट में कहा कमलनयन प्रभु श्रीराम, आज अयोध्या धाम में नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ, अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में स्थापित हुए। हनुमान के राम, तुलसीदास के राम, निषादराज के राम, अहिल्या के राम, शबरी के राम, त्यागराज के राम, गाँधी के राम, हम सबके राम, अखिल मानवता के राम! उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कई दशकों की राष्ट्र प्रथम की राजनीतिक साधना एवं 11 दिनों के शास्त्रोचित यम-नियम के पालन के पश्चात रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का विशाल अनुष्ठान संपन्न हुआ। मोदीजी की यह सफल साधना, उन पर प्रभु श्री राम की कृपा से ही संभव हो सकती है। श्रीराम कृपा से मोदीजी ने आज सनातन संस्कृति के नये अध्याय का प्रारंभ किया है, एक नये युग का प्रवर्तन किया है। श्रीरामचरितमानस में कहा गया है कि जिस पर राम कृपा होती है, उस पर सब की कृपा होती है। श्रीराम कृपा से मोदी जी, भारतवासियों को सुख, समृद्धि और सफलता के शिखर तक ले जायें, ऐसी मेरी मनोकामना है। जय सिया राम ! उल्लेखनीय है कि श्री सिंह ने इस अवसर पर दरियागंज के एक मंदिर में पूजा अर्चना की ।

# सुप्रीम कोर्ट का मुख्यमंत्री शिंदे को नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) समूह की याचिका पर सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मुख्यमंत्री श्री शिंदे एवं अन्य विधायकों से दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने यूबीटी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत इसी तरह के एक मामले में उच्च न्यायालय विचार कर ही है और साथ ही पूछा कि ऐसे में इस क्या इस अदालत को इस मामले पर विचार करना चाहिए। इस पर श्री सिब्बल ने कहा कि मामला इस अदालत के आदेश की व्याख्या से जुड़ा है।इसके बाद पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह के बाद करेगी। शीर्ष अदालत में यूबीटी समूह के सुनील प्रभु की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई है कि विधानसभा अध्यक्ष का आदेश गैरकानूनी और विकृत थे। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को सभी अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर और शिंदे के समूह को असली शिवसेना घोषित कर दिया था।




याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के श्री प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि निर्णयों की 'पूर्ण विकृति' इस तथ्य से स्पष्ट है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर भी विचार नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को गिराना था। याचिका में कहा गया, अयोग्यता का इससे स्पष्ट मामला नहीं हो सकता था। श्री शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात की और 30 जून 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सभी प्रतिवादी विधायकों ने इस निर्णय का समर्थन किया, जो स्वयं स्वेच्छा से हार मानने के समान था। याचिका में कहा गया है कि दसवीं अनुसूची का उद्देश्य उन विधायकों को अयोग्य ठहराना है, जो अपने राजनीतिक दल के खिलाफ काम करते हैं। ल्हालांकि, यदि अधिकांश विधायकों को राजनीतिक दल माना जाता है, तो वास्तविक राजनीतिक दल के सदस्य बहुमत विधायकों की इच्छा के अधीन हो जाते हैं। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता निशांत पाटिल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, विधायक दल एक कानूनी इकाई नहीं है। यह केवल एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों के समूह को दिया गया एक नाम है, जो अस्थायी अवधि के लिए सदन के सदस्य होते हैं। याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष का फैसला संवैधानिक कानून के हितकारी सिद्धांत के विपरीत हैं, क्योंकि वे केवल राजनीतिक दल से संबंधित विधायकों के बहुमत को जीतकर दलबदल की बुराई को बेरोकटोक करने की अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष के फैसले में, ल्लइस निर्विवाद तथ्य की कोई सराहना नहीं है कि श्री शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने और उनकी दलीलों और उनकी जिरह में की गई स्वीकारोक्ति कि वे 21 जून 2022 से भाजपा शासित राज्यों गुजरात और असम में थे।

# देश का सबसे बड़ा पर्यटक केंद्र होगा अयोध्या : रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन से शहर में प्रति वर्ष कम-से-कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या स्वर्ण मंदिर और तिरूपति मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है।

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर खर्च करने से उत्तर प्रदेश का यह शहर एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क के साथ नए होटलों और अन्य आर्थिक गतिविधियों के चलते यहां प्रति वर्ष पांच करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3-3.5 करोड़ लोग आते हैं, जबकि तिरूपति मंदिर में 2.5-3 करोड़ लोग आते हैं। विश्व स्तर पर, वेटिकन सिटी में हर साल लगभग 90 लाख पर्यटक आते हैं और सऊदी अरब के मक्का में लगभग दो करोड़ पर्यटक आते हैं।



जेफरीज के अनुसार, धार्मिक पर्यटन अभी भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है। कई लोकप्रिय धार्मिक केंद्र बुनियादी ढांचे की बाधाओं के बावजूद हर साल 1-3 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसलिए, बेहतर संपर्क और बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण एक बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटन ने वित्त वर्ष 2018-19 (कोविड-पूर्व) के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया और वित्त वर्ष 2032-33 तक इसके आठ प्रतिशत की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में नए हवाई अड्डे का चरण -1 चालू हो गया है और यह 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60,000 यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले लगभग 17 होटल हैं। इसके अलावा 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में 1,000 कमरे जोड़ने की है।

# राहुल को असम में शंकरदेव मंदिर जाने से रोका : कांग्रेस

एजेंसी

नगांव (असम)। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बीच असम में बताद्रवा थान में सोमवार को संत श्री श्री शंकरदेव के जन्मस्थान में दर्शन और पूजा करने से रोका गया जिसके बाद श्री गांधी वहीं सड़क पर बैठ गये।

श्री गांधी को मंदिर प्रवेश की अनुमति नहीं देने की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा के आदेश पर उठाया गया है जबकि मंदिर प्रबंध समिति पहले ही दर्शन की अनुमति दे चुकी थी। पुलिस ने श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो कांग्रेस नेता वहीं सड़क पर बैठने को मजबूर हो गये। पार्टी ने कहा कि श्री गांधी ने अनुमति ली थी लेकिन कल देर रात मंदिर जाने के आदेश के रद्द किया गया। इस बीच श्री गांधी ने ट्वीट किया,ल्लभारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। मैंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। अमर्यादित सत्ता के विरुद्ध मर्यादा का यह संघर्ष हम आगे बढ़ाएंगे।

पुलिस ने जब श्री गांधी को मंदिर जाने से रोका तो उन्होंने पूछा, क्या मामला है भाई। मैंने क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। हमें आमंत्रित किया गया था और आप हमसे कह रहे हैं कि हम मंदिर नहीं जा सकते। हम जबरदस्ती कुछ नहीं करने जा रहे हैं। हम उनसे पूछ रहे हैं कि कारण क्या है। हम किसी को परेशान नहीं करने जा रहे हैं। हमें वहां आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने घटना की निंदा करते हुए कहा,पूर्व अनुमति के बावजूद राहुल जी को बताद्रवा जाने से रोका गया। हम लोकतंत्र के एक नए चरण में प्रवेश कर चुके हैं जहां भाजपा तय करेगी कि किसे और किस समय मंदिर जाना चाहिए। तानाशाही शासन को एहसास होना चाहिए कि उसके दिन गिने-चुने हैं। देश की जनता इस तरह की मनमर्जी की अनुमति नहीं देगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि 11 जनवरी को स्थानीय कांग्रेस विधायक शिबामोनी बोरा और राणा गोस्वामी ने बताद्रवा थान सत्राधिकार को श्री गांधी के मंदिर आने की इच्छा से अवगत कराया और सत्राधिकार ने इसका स्वागत और समर्थन किया है। बाद में स्थानीय सांसद गौरव गोगोई ने भी बताद्रवा थान सत्राधिकार को यही बात दोहराई और उनकी तरफ से स्वीकृति दी गई। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि अनुमति मिलने के बाद 20 जनवरी शाम को मुख्यमंत्री ने अचानक घोषणा कर दी कि श्री गांधी 22 जनवरी को सुबह नहीं बल्कि तीन बजे के बाद बताद्रवा थान जा सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### बाल रूप में...

वस्त्र पहनेंगे। नये बालरूप विग्रह के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने पुणे के हेरिटेज एंड हैण्डवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट से हथकरघे पर कपड़े तैयार कराए हैं। इनकी बुनाई में देश के 10-15 लाख कारीगर शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद 23 जनवरी से ब्रह्म मुहूर्त में करीब 3 बजे से गर्भगृह की स्वच्छता करने, पूजन और श्रृंगार की तैयारी की जाएगी। 3:30 से 4 बजे के करीब, तय समय पर भगवान के दोनों विग्रह और श्रीयंत्र को मंत्रों से जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती होगी। इसके बाद विग्रहों का अभिषेक, शृंगार भोग होगा। शृंगार आरती होगी। यह 4:30 से 5 तक होगी। सुबह 8 बजे से दर्शन शुरू होंगे। दोपहर, करीब एक बजे मध्याह्न भोग आरती होगी। दो घंटे दर्शन बंद रहेंगे, भगवान विश्राम करेंगे। दोपहर 3 बजे से दर्शन फिर शुरू होंगे, जो रात 10 बजे तक लगातार जारी रहेंगे। इसी बीच, शाम 7 बजे संध्या आरती होगी।

### भारत के उत्कर्ष,...

पावन अयोध्या व सरयू को प्रणाम करता हूं। दैवीय अनुभव कर रहा हूं। दिव्य आत्माएं व दैवीय विभूतियां हमारे आसपास हैं। सभी दिव्य चेतनाओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज प्रभु से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ और त्याग तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी। हम सदियों तक यह कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्यारे देशवासियों त्रेतायुग में राम के आगमन पर पूज्य संत तुलसीदास ने लिखा कि प्रभु का आगमन देख समस्त देशवासी हर्ष से भर गए। जो आपत्ति आई थी उसका अंत हो गया। उस कालखंड में वह वियोग सिर्फ 14 साल का था, इस युग में सैकड़ों वर्षों का वियोग देशवासियों ने सहा है। कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है। संविधान की पहली प्रति में भगवान राम विराजमान हैं। संविधान में राम के होने के दशकों बाद भी प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। उन्होंने भारत की न्यायपालिका का आभार व्यक्त किया जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्यायबद्ध तरीके से ही बना है। आज कीर्तिन व उत्सव हो रहे हैं। देश दीपावली मना रहा है। आज शाम घर-घर राम ज्योति जलाने की तैयारी है। कल मैं श्रीराम के आशीर्वाद से रामसेतु के आरंभ बिंदु पर था। जिस घड़ी प्रभु समुद्र पार करने को निकले थे वह एक पल था, जिसने कालचक्र को बदला था। वहां पर मैंने पुष्प वंदना की। एक विश्वास जगा कि जैसे उस समय कालचक्र बदला था, उसी तरह कालचक्र फिर से बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा। 11 दिन के व्रत के दौरान उन स्थानों पर जाने का प्रयास किया, जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े थे। इसी पुनीत व पवित्र भाव के साथ सागर से सरयू तक की यात्रा का अवसर मिला। हर जगह राम-राम का वही उत्सव छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रभु राम तो भारत की आत्मा के कण-कण से जुड़े हैं। हम भारत में कहीं भी किसी की अंतरआत्मा को छुएंगे तो एकत्व की अनुभूति होगी। यही भाव सब जगह मिलेगा। इससे अधिक देश को समायोजित करने वाला सूत्र और क्या हो सकता है। मुझे देश के कोने-कोने में अलग-अलग भाषाओं में रामायण सुनने का अवसर मिला है। राम को परिभाषित करते हुए ऋषियों ने कहा है कि जिसमें रम जाएं वही राम हैं। राम पर्वत से लेकर परंपराओं में समाए हुए हैं। हर युग में लोगों ने राम को जिया है। सभी ने अपने अपने शब्दों में राम को अभिव्यक्त किया है। यह रामरस जीवन प्रवाह की तरह निरंतर बहता रहता है। प्रचीन काल से भारत के लोग रामरस का आचमन करते रहते हैं। राम के आदर्श व शिक्षाएं सब जगह एक समान हैं। देश उन्हें याद कर रहा है, जिनके कारण हम इस शुभ दिन को देख रहे हैं। अनगिनत रामभक्तों, कारसेवकों और संतों के हम ऋणी हैं। यह उत्सव का क्षण तो है ही यह क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता की बोध का भी है। यह सिर्फ विजय का नहीं विनय का भी अवसर है। पीएम ने कहा कि दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने ही इतिहास में उलझ जाते हैं। ऐसे देशों ने जब भी इतिहास की उलझी हुई गांठों को खोलने की कोशिशें कीं, कई दिक्कतें आईं। हमारे देश ने इतिहास की इस गांठ को जिस गंभीरता व भावुकता से खोला है वह यह बताती है कि हमारा भविष्य अतित से बहुत सुंदर होने जा रहा है। कुछ लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जानते हैं। मंदिर का निर्माण किसी आग को नहीं बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। राममंदिर समाज के हर वर्ग के उज्जवल भविष्य की प्रेरणा लेकर आया है। आह्वान किया कि आइए और महसूस कीजिए कि राम आग नहीं हैं। राम ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं राम समाधान हैं। राम सबके हैं। राम वर्तमान नहीं अनंतकाल हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से पूरा विश्व जुड़ा है उससे राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हो रहे हैं। जैसा राम भारत में वैसे ही पूरे विश्व में हैं। यह प्राण प्रतिष्ठा वसुदैव कुटुम्बकम के विचार की प्रतिष्ठा है। श्रीराम के रूप में साक्षात भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की प्राण प्रतिष्ठा है। मानवीय मूल्यों व आदर्शों की प्राण प्रतिष्ठा है। आज संपूर्ण विश्व को स?र्वे भवंतु सुखीना सर्वे संत निरामया का संदेश मिला है। यह मंदिर मात्र एक देव मंदिर नहीं है यह भारत की दृष्टि व दर्शन का मंदिर है। यह राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं। भारत का आधार व विचार हैं। राम भारत का विधान व चेतना हैं। राम नित्य और निरंतर हैं, व्यापक हैं विश्वात्मा हैं। जब राम की प्रतिष्ठा होती है तो उसका प्रभाव वर्षों तक नहीं हजारों वर्षों के लिए होता है। महर्षि वाल्मीकि ने कहा है कि राम 10 हजार सालों के लिए राज्य पर प्रतिष्ठित हुए हैं। जब त्रेता में राम आए थे तो हजारों वर्षों तक रामराज्य की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या प्रत्येक रामभक्त व भारतीय से कुछ सवाल कर रही है। भव्य मंदिर तो बन गया अब आगे क्या? पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। यह सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को एक कालजयी पथ के शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजार वर्ष के बाद की पीढ़ी राष्ट्र निमाण के आज के कार्यों को याद करेगी। यही समय है, सही समय है। एक हजार साल के भारत की नींव रखनी है। पीएम ने कहा कि आज के युग की मांग है कि हमारी चेतना का विस्तार राम से राष्ट्र तक होना चाहिए। हनुमान जी की भक्ति, सेवा व समर्पण को हमें बाहर नहीं खोजना पड़ता है। प्रत्येक भारतीय में यह होता है। यह भारत का आधार बनेगा। देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार यही है। मां सबरी से अप्रतिम विश्वास जागता है। वह कहती थीं राम आएंगे। प्रत्येक भारतीय में जन्मा यही विश्वास भव्य भारत का आधार बनेगा। निषाद राज की मित्रता सभी बंधनों से परे है। उनका राम के प्रति सम्मोहन कितना मौलिक है। आज देश में निराशा के लिए रत्ती भर भी स्थान नहीं है। गिलहरी के योगदान को याद करना चाहिए। हर प्रयास की अपनी ताकत व योगदान होता है। सबके प्रयास की यही भावना भव्य दिव्य भारत आधार बनेगी। लंकापति रावण परम ज्ञानी थे लेकिन जटायू महाबली रावण से भिड़ गए। उन्हें भी पता था कि वह रावण को पराजित नहीं कर पाएंगे लेकिन चुनौती दी। हम संकल्प लें कि राष्ट्र निर्माण के लिए अपने जीवन का पल-पल लगा देंगे। रामकाज से राष्ट्रकाज के लिए सब करेंगे। प्रभु श्रीराम की हमारी पूजा स्व से उठकर समस्त के लिए होनी चाहिए। प्रभु को जो भोग चढ़ेगा वह विकसित भारत के लिए परिश्रम का प्रसाद भी होगा। उन्होंने कहा कि यह भारत के विकास का अमृतकाल है। युवा शक्ति व ऊर्जा से भरा हुआ है। यह स्थितियां न जाने कितने सालों बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है बैठना नहीं है। देश के युवाओं के सामने वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है। विरासत पर गर्व करते हुए भारत का नवप्रभात लिखना है। भारत समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा। आने वाला समय सफलता का है। अब सिद्धी का है। यह राम मंदिर साक्षी बनेगा भारत के उत्कर्ष का। भव्य व विकसित भारत के अभ्युदय का। लक्ष्य सामयिकता और संगठित शक्ति से जन्मा है जो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। भारत आगे बढ़ने वाला है। हम सबने इस कालखंड का इंतजार किया है। हम विकास की ऊंचाई पर जाकर ही रहेंगे। इसी भाव के साथ रामलला के चरणों में प्रणाम करते हुए सबको शुभकामनाएं दी।

### रामलला के साथ...

स्वभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम अयोध्या से बाहर क्यों गए इसके पीछे कलह कारण था। श्रीराम वनवास में गए और पूरी दुनिया का कलह मिटाकर लौटे। आज 500 वर्ष बाद श्रीराम फिर लौटे हैं। रामलला के इस युग में फिर लौट के आने का प्रकरण जो भी आज श्रवण कर रहा है उसका कल्याण निश्चित है। उन्होंने कहा, 'दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज काहु नहीं व्यापा...सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति। कहा कि रामराज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन है, वह अब हमारे व्यवहार से साकार हो सकता है। संयमित व्यवहार की तपश्चर्या हम सबको करनी होगी। भागवत ने कहा कि श्रीमद्भागवत में धर्म के जो चार चरण बताए गए हैं, उनका हमें पालन कर इस ब्रह्म सत्य को अंगीकार करना होगा। हम सबसे हैं और सब हमारे हैं, इसे मानने से ही हम सत्य का आचरण कर सकेंगे। दूसरा चरण है करुणा का, जिसके जरिए हमें समाज में सभी की सेवा करनी है। शुचिता तीसरा चरण है, जिसके जरिए हमें स्वच्छता को भी बढ़ावा देना है। हम अगर अपने को संयम में रखेंगे तो पृथ्वी सभी मानवों को जीवित रखेगी। लोभ नहीं करना और संयम का पालन करते हुए अनुशासित रहना ही सच्ची राम भक्ति है। इनसे जीवन में पवित्रता आती है। वह बोले, हम साथ चलेंगे-बोलेंगे और मन-वाणी, वचन-क्रम को एकीकृत कर भारत को विश्वगुरू बनाएंगे। हमें इस व्रत को आगे लेकर जाना है।

### श्रीराम जन्मभूमि...

अपमान और यातनाएं सहीं पर धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, ''विश्व हिंदू परिषद्, हजारों श्रेष्ठ संत और असंख्य नामी-गुमनामी लोगों के संघर्ष का आज सुखद व सुफल परिणाम आया है। यह विशाल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर युगों-युगों तक अविरल अविनाशी सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा। शाह ने राम मंदिर निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी जताया। शाह ने राजधानी दिल्ली में स्थित बिरला मंदिर में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का सीधा प्रसारण देखा।

### भाग्यवान है हमारी पीढ़ी...

रामकृपा से अब कभी कोई भी अयोध्या की परिक्रमा में बाधक नहीं बन पाएगा। अयोध्या की गलियों में गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं होगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। अपितु राम नाम संकीर्तन से गुंजायमान होगी। उन्होंने कहा कि आज इस ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर भारत का हर नगर- हर ग्राम अयोध्याधाम है। हर मार्ग श्रीरामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। रोम रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं। आज रघुनन्दन राघव रामलला, हमारे हृदय के भावों से भरे संकल?प स्वरूप सिंहासन पर विराज रहे हैं। आज हर रामभक्त के हृदय में प्रसन्नता है, गर्व है और संतोष के भाव हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आखिर भारत को इसी दिन की तो प्रतीक्षा थी। भाव-विभोर कर देने वाली इस दिन की प्रतीक्षा में लगभग पांच शताब्दियां व्यतीत हो गईं, दर्जनों पीढ़ियां अधूरी कामना लिए इस धराधाम से साकेतधाम में लीन हो गईं, किन्तु प्रतीक्षा और संघर्ष का क्रम सतत जारी रहा। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत 'रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः श्लोक से की। उन्होंने उद्घोष किया, प्रभु श्रीरामलला की जय! सरयू मइया की जय! भारत माता की जय! जय जय श्रीसीता राम ! उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा- प्रभु श्रीरामलला के भव्य- दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि, संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य के जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो। संन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाति, विचार- दर्शन, उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2014 में 'आगमन' के साथ ही भारतीय जनमानस कह उठा था...'मोरे जिय भरोस दृढ़ सोई। मिलिहहिं राम सगुन सुभ होई? उन्होंने कहा कि अभी गर्भगृह में वैदिक विधि-विधान से रामलला के बाल विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा के हम सभी साक्षी बने। अलौकिक छवि है हमारे प्रभु की। बिल्कुल वैसे, जैसा संत तुलसीदास ने वर्णन किया है...नवकंज लोचन। कंज मुख। कर कंज। पद कन्जारुणम। धन्य है वह शिल्पी, जिसने हमारे मन में बसे राम की छवि को मूर्त रूप प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विचारों और भावनाओं की विह्वलता के बीच मुझे पूज्य संतों और अपनी गुरु परंपरा का पुण्य स्मरण हो रहा है। आज उनकी आत्मा को असीम संतोष और आनन्द की अनुभूति हो रही होगी, जिन परंपराओं की पीढ़ियां श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ में अपनी आहुति दे चुकी हैं, उनकी पावन स्मृति को यहां पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि, संपूर्ण भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्र की सामूहिक चेतना जागरण के ध्येय में भी सफल सिद्ध हुआ। सदियों के बाद भारत में हो रहे इस चिरप्रतिक्षित नवविहान को देख अयोध्या समेत भारत का वर्तमान आनन्दित हो उठा है। उन्होंने कहा कि भाग्यवान है हमारी पीढ़ी, जो इस राम-काज के साक्षी बन रहे हैं और उससे भी बड़भागी हैं वो जिन्होंने सर्वस्व इस राम-काज के लिए समर्पित किया है और करते चले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस अयोध्या को 'अवनि की अमरावती और 'धरती का वैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशिप्त रही। उपेक्षित रही। सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पददलित होती रही, चोटिल होती रही। राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाये रखा, लेकिन हर एक नए दिन के साथ हमारा संकल्प और दृढ़ होता गया। और आज देखिए... पूरी दुनिया अयोध्या के वैभव को निहार रही है। हर कोई अयोध्या आने को आतुर है। अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव उतर आया है। दिख रहा है। यह धर्म नगरी 'विश्व की सांस्कृतिक राजधानी' के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है। पूरा विश्व दिव्य और भव्य अयोध्या का साक्षात्कार कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सुनियोजित एवं तीव्र गति से अयोध्यापुरी का विकास हो रहा है, वह प्रधानमंत्री के दृढ़संकल्प, इच्छाशक्ति एवं दूरदर्शिता के बिना संभव नहीं था। कुछ वर्षों पहले तक यह कल्पना से परे था कि अयोध्या में एयरपोर्ट होगा। यहां नगर के भीतर 4 लेन सड़क होगी। सरयू में क्रूज चलेंगे। अयोध्या की खोई गरिमा वापस आएगी, लेकिन मित्रों! डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यह सब सपना साकार हो रहा है। 'सांस्कृतिक अयोध्या, आयुष्मान अयोध्या, स्वच्छ अयोध्या, सक्षम अयोध्या, सुरम्य अयोध्या, सुगम्य अयोध्या, दिव्य अयोध्या और भव्य अयोध्या के रूप में पुनरोद्धार के लिए हजारों करोड़ रुपये लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम की पैड़ी, नया घाट, गुप्तार घाट, ब्रह्मकुंड आदि विभिन्न कुंडों के कायाकल्प, संरक्षण, संचालन और रखरखाव का कार्य हो रहा है। रामायण परंपरा की 'कल्चरल मैपिंग' कराई जा रही है, राम वन गमन पथ पर रामायण वीथिकाओं का निर्माण हो रहा है।

### समृद्ध आध्यात्मिक...

अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक व रामायण शोध संस्थान की ओर से अयोध्या की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम और विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूल किट दिये जाएंगे। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ी पुरस्कृत होंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शनी होगी। अवध शिल्प ग्राम में हुनर हाट लगेगी। 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर भी कई कार्यक्रम होंगे और 26 जनवरी की शाम को राजभवन में पुरस्कार वितरण समारोह होगा।

# देश भर से श्रीराम मंदिर निर्माण में मिला है योगदान : चंपत राय

एजेंसी



अयोध्या । श्रीरामजन्म तीर्थ भूमि ट्रस्ट के महासचिव एवं विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने मंच का संचालन करते हुए अयोध्या में श्रीराम भव्य-नव्य मंदिर निर्माण में मिले देशभर से योगदान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से अयोध्या में युगों-युगों तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि देशभर से स्वर्ण, चांदी समेत बहुत कुछ मिला है। उन्होंने बताया कि एटा के जलेसर से 24 कुंतल का विशाल घंटा स्वेच्छा से भेजा है। गुजरात के दमगर समाज ने विशाल नगाड़ा भेंट किया है। जनकपुर यानि मिथिला सीतामणी बक्सर और रामजी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से बड़े थाल 'भार' आए हैं। भार का अर्थ संत आदि समझते हैं। भार में अनाज, चौवड़ा, सोना-चांदी, फल, मेवा, वस्त्र हैं। जोधपुर के एक महंत ने छह कुंतल घी बैलगाड़ियों से लाया गया है। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि युगों-युगों तक श्रीराम मंदिर के निर्माण की जमीन को मजबूत करने और नींव में मध्यप्रदेश के छतरपुर से गिट्टी आई है। राख रायबरेली से लाई गई है। तेलांगना और कर्नाटक से ग्रेनाइट आया है। मंदिर में राजस्थान के भरतपुर का पत्थर है। सेफद रंग मार्बल राजस्थान के मकराना का है। मंदिर के दरवाजों की लकड़ी महाराष्ट्र के वल्लार शाह की है। उस पर चढ़ा सोना मुम्बई के एक डायमंड के व्यापारी ने भेंट किया है। भगवान की मूर्ति जिस पत्थर से बनी है वह कर्नाटक का है। इसे मैसूर के कारीगर अरूण योगीराज ने बनाई है। यह प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल अव्यस्था का स्वरूप है। मंदिर की सीढ़ियों पर दो गज, सिंह, एक जगह हनुमान और गुरूड़ आदि राजस्थान के मूर्तिकार ने ने बनाए हैं। लकड़ी के दरवाजों की नक्काशी का कार्य हैदराबाद के कारीगारों ने किया है। ये सारे कारीगर तमिलनाडु के थे। मार्बल के काम में राणा मार्बल के कारीगरों ने सम्पन्न किया है। भगवान के वस्त्र कपड़े दिल्ली के कारीगर मनीष त्रिपाठी अपने हाथ से अयोध्या में ही तैयार किए हैं।

# अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में रामोत्सव का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नाथ राय के नेतृत्व में रामोत्सव का आयोजन आज दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज लखनऊ में किया गया भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण अयोध्या धाम में बाल रूप मूर्ति स्थापित होने की खुशी पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के द्वारा 11बजे सुबह भजन पूजन अपनी पत्नी के साथ उपस्थित हो कर किये अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के द्वारा सम्मान किया गया ।इस कार्यक्रम में ओंकार शंखधर एण्ड पार्टी के द्वारा सुंदरकांड का पाठ सुबह 11बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक किया गया । इसके बाद अग्निहोत्री बंधु द्वारा 2:00 बजे से 5:30 बजे तक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसके बाद श्री हनुमान जी एवं भगवान श्री राम जी की आरती कर सवा कुंटल लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद दीपोत्सव का कार्यक्रम कर पूरे हजरतगंज को सजाया जाएगा लगभग 1100 दीप अखिल भारतीय भोजपुरी समाज एवं अन्य लोगों द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज लखनऊ में दीप जलाकर उत्सव मनाया गया। भगवान राम के अयोध्या धाम में बाल रूप में मूर्ति स्थापित होने पर भव्य और दिव्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महा आरती में माननीय. मुकेश शर्मा जी विधान परिषद सदस्य भाजपा, श्री आनंद द्विवेदी जी नगर अध्यक्ष भाजपा लखनऊ एवं श्री अनिल सिंह विशेष सचिव गृह तथा अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राम रतन यादव, मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय,अभिषेक प्रकाश शाही,उपेंद्र राय, रंजन शर्मा ,कपिल देव कुशवाहा, विक्रम कुशवाहा ,मनोज राय, तीरथ राम राम विलास यादव आदि सैकड़ों लोग रामोत्सव में शामिल हुए।

# प्रभु की कृपा भयऊ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू

एजेंसी



**ऐतिहासिक गौरवमयी स्वर्णिम दिन के साक्षी बने सनातनी**

**सात समुन्दर पार भी भारतीय संस्कृति की झलक**

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदर कांड की यह चौपाई 'प्रभु की कृपा भयऊ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू' बारम्बार याद आ रही है और कुछ इसी तरह का भाव मन में लिए कोई खुशी से नाच रहा था तो कोई मिठाई खिलाकर बधाइयां बांट रहा था। सभी लोग एक दूसरे को 'जय श्रीराम' कह कर अभिवादन कर रहे थे और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान कर रहे थे। कहीं आतिशबाजी की जा रही थी तो कहीं दीये जलाए जा रहे थे। घर, मंदिर एवं परिसर में अखंड रामायण पाठ, सुंदर कांड, भजन-कीर्तन आदि मंगल कार्य किए जा रहे थे। कमोबेश यही स्थिति देश भर की थी। दीपावली सा माहौल देश भर में देखा गया। अयोध्या नगरी तो दुल्हन की तरह सजी हुई थी। ऐसा लग रहा था मानो अयोध्या का पुराना गौरवमयी अतीत वापस लौट आया हो। सोशल मीडिया पर भी राममय माहौल था। सात समुन्दर पार भी अनेक देशों में भारतीय संस्कृति की भगवा ध्वजपताका पूरे शान से फहरा रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देखकर सभी देशवासी एवं प्रवासी भारतीयों में नवचैतन्य का संचार हुआ और सभी का रोम-रोम हर्षित हो उठा। लोग अपनी भावनाओं को शब्दों में बखान नहीं कर पा रहे थे। इस कार्यक्रम का सभी न्यूज चैनलों पर सजीव प्रसारण किया जा रहा था। पूरा देश कुछ समय के लिए थम सा गया था। सभी लोग अपने-अपने घरों में परिवारजनों के साथ सजीव प्रसारण देख रहे थे। चारों ओर से केवल टीवी पर वेदमंत्रों की पवित्र ध्वनि कानों को सुनाई दे रही थी। घर बैठे ही ऐसा लग रहा था मानो लोग तन से न सही, लेकिन मन से अयोध्या पहुंच गए हैं और प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम स्थल पर बैठकर इस अद्भुत दृश्य को अपनी आंखों से देख रहे हैं। भारत सहित पूरे विश्व भर में फैले करोड़ों-करोड़ों लोग एकसाथ इस ऐतिहासिक गौरवमयी स्वर्णिम दिन के साक्षी बने। राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित कर्तव्यपरायण प्रधानमंत्री मोदी ने जब रामलला के समक्ष साष्टांग दंडवत प्रणाम किया तब पूरा देश प्रफुल्लित होकर नतमस्तक हो गया और भाव-विभोर होकर भक्ति के महासागर में डुबकी लगाने लगा। सभी का हृदय गदगद हो गया। सभी श्रद्धालुओं की अंतरात्मा राममय हो गई। इस अविस्मरणीय ऐतिहासिक दृश्य को देखकर किसी की आंखों से आंसू छलके तो किसी के चेहरे पर मधुर मुस्कान दिखाई दी।

# अयोध्या के गुरुकुल में निषाद राज और राम एक साथ पढ़ते थे : डॉ संजय निषाद


एजेंसी



अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि अयोध्या के गुरुकुल में निषाद राज और दशरथ नंदन राम एक साथ पढ़ते थे। त्रेता युग में राम ने निषाद राज को गले लगाया था। वन गमन के समय राम ने श्रृंगवेरपुर में रात्रि विश्राम किया था। वनवास से वापसी में भी राम श्रृंगवेरपुर में रुके थे। हम सौभाग्यशाली हैं कि आज हमारी आंखों के सामने राम टेंट से भव्य नव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। डॉ. संजय निषाद राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने अयोध्या आए थे। डॉ. संजय निषाद ने हिंदुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि वनवास से वापस आने के बाद जब श्री राम राजा बने तो उस समय दुनिया में बहुत से राजा थे। राम ने अपनी कैबिनेट में निषाद राज को बुलाया था। राम जब 14 वर्ष बाद आए तो अयोध्या में अपार हर्ष था। आज इतने वर्षों बाद राम आ रहे हैं तो कितनी खुशियां होंगी। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। संजय निषाद ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल वोट की राजनीति के चलते राम का विरोध करते हैं जबकि अपने घर में सुबह शाम पूजा करते हैं। राम का नाम लेने वाले पाप समझते थे। दर्शन करना तो दूर की बात थी। मोदी प्रधानमंत्री बने तो आए दर्शन किया और आज मंदिर भी बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। कभी माता शबरी के आश्रम में भगवान श्री राम गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अवसर सबको मिला लेकिन काम किसी ने नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन किया और आज मंदिर भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतांत्रिक ढंग से राम मंदिर बना है, उसी प्रकार निषाद राज के किले से मस्जिद हटाएंगे। मुस्लिम लोगों से हमने अपील की है कि उनके धर्म में लिखा है कि किसी भी विवादित स्थल पर इबादत करना गुनाह है।

# मोदी जैसा तपस्वी राष्ट्रीय नेता प्राप्त होना सामान्य बात नहीं : गोविंद देव गिरि

एजेंसी



अयोध्या । गोविंद देव गिरि जी महाराज ने कहा कि आज अयोध्या अत्यंत उल्लास, समाधान और कृतज्ञता से भरा हुआ है। संपूर्ण राष्ट्र नहीं, पूरे विश्व में भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा से आलोकित होने का पर्व आरंभ हो चुका है। यह केवल एक मंदिर में एक मूर्ति की प्रतिष्ठा नहीं है। यह देश की अस्मिता, स्वाभिमान और आत्मविश्वास की प्रतिष्ठा है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यह संभव हो सका है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद गोविंद दे गिरि जी महाराज ने रामभक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कारण तो अनेक होते हैं लेकिन अनेक कारण मिलते-मिलते आखिर वे एक विशिष्ट स्तर तक पहुंच जाते हैं। उस स्तर पर कोई महापुरुष हम लोगों को उपलब्ध होता है। उस विभूति के कारण युग परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार का परिवर्तन लाने के लिए अपने जीवन को साधना पड़ता है। इस प्रकार जीवन साधने वाले हमारे इस देश की परंपरा के अनेक महान रत्नों में आज हम लोगों को समय, युग और सनातन की आवश्यकता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्राप्त हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गोविंद देव गिरि जी महाराज ने कहा कि यह देश ही नहीं विश्व का सौभाग्य है कि एक राजर्षि हम लोगों को प्राप्त हुआ। आपके हाथ प्रतिष्ठा होने की बात थी। वह स्वभाविक भी था। वह होना ही था लेकिन मुझे इस बात का आश्चर्य हुआ जब लगभग 20 दिन पूर्व सूचना मिली कि प्रधानमंत्री को प्रतिष्ठा के लिए क्या-क्या अनुष्ठान करके सिद्ध करना चाहिए। उसकी नियमावली लिखकर भेजें। जिस प्रकार देश का राजनैतिक माहौल है, कोई भी आ करके किसी भी समय कुछ भी कहकर चला जाता है। प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि ऐसा तपस्वी राष्ट्रीय नेता प्राप्त होना सामान्य बात नहीं है।

# भारत की प्राचीन संस्कृति के गौरव का बोध करा रही रामनगरी

एजेंसी



**5000 सफाईमित्र, 155 सफाई व अन्य उपयोगी उपकरण भक्तों की सेवा में समर्पित**

अयोध्या। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को जगविख्यात अयोध्या धाम (रामनगरी) भारत की प्राचीन संस्कृति के गौरव का बोध करा रही है। इसके लिए योगी सरकार विशेष तैयारी कर रखी है। वहीं नगर विकास विभाग अयोध्या धाम की स्वच्छता और दिव्यता को उच्च मानक पर ले जाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। 5000 सफाईमित्र, 155 सफाई व अन्य उपयोगी उपकरण, 200 ई-बस व ऑटो और 800 पोर्टेबल टॉयलेट्स जहां पूरी अयोध्या को स्वच्छ व सुंदर बनाने में जुटे हैं, वहीं प्रदूषण मुक्त माहौल भी उपलब्ध करा रहे हैं।


दरअसल, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को और भव्य व दिव्य बनाने के लिए सभी नगरीय निकायों को सजग रहने के निर्देश दिए थे। इसके फलस्वरूप सभी नजदीकी निकायों ने मानवबल, मशीन व उपकरणों को अयोध्या भेजा है। 5000 से अधिक सफाई मित्रों ने 24 घंटे काम कर अयोध्या को स्वच्छ बनाया है। 800 पोर्टेबल टॉयलेट, 155 सफाई मशीन व अन्य उपकरण भी लगाए गए हैं। अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं को सुविधाजनक एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए नगर विकास विभाग की ओर से छह रूटों पर पांच अलग-अलग कलर कोड में 200 इलेक्ट्रिक बस व 25 ई-आटो संचालित हैं। वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें व ई-ऑटो श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में जानी जाएंगी। इससे लोगों को वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति मिली है। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए पांच सीसीटीवी एवं 10 पैनिक बटन की व्यवस्था है और इसे सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत पुलिस हेल्पलाइन डायल यूपी-112 से जोड़ा गया है। अयोध्या धाम बस स्टेशन पर कंट्रोल रूम ( 918853364763) बनाए गए हैं। प्रमुख स्टॉपेज, तीर्थ स्थलों, रेलवे व बस स्टेशनों पर इन इलेक्ट्रिक बसों का रूट मैप भी लगवाया गया है। अयोध्या जाने वाले मुख्य मार्गों पर दुनिया भर की विभिन्न भाषाओं में अयोध्या धाम की दूरी और दिशा दर्शाने वाले शाइनेज लगाए गए हैं। लखनऊ और गोरखपुर नगर निगम ने अयोध्या धाम की बेहतर व्यवस्था के लिए पर्याप्त मैन पावर और मशीनरी शीघ्र उपलब्ध कराई है। श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए शेल्टर होम्स के साथ अलाव की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ठहरने के लिए रैन बसेरा, पेयजल, महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग टॉयलेट बनाए गए हैं।

# माथे पर तिलक और मधुर मुस्कान, आभामंडल ऐसा, जिसे निहारते रहे रामभक्त


एजेंसी

**दुनिया के लिए अद्भुत व स्वर्णिम क्षण रहा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा**

**पटाखे छोड़ खुशियां मना रहे थे रामधुन में मगन युवा, अखंड पाठ की गूंज**









अयोध्या। हो गई प्राण प्रतिष्ठा, आ गए प्रभु श्रीराम... 22 जनवरी 2024 का अभिजीत मुहूर्त न केवल श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बल्कि देश-दुनिया के लिए भी अद्भुत व स्वर्णिम क्षण था। संपूर्ण सनातन व संपूर्ण मानव समाज श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बना। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त बच्चे हों या बुजुर्ग अथवा महिला सभी सनातनियों की निगाह टीवी पर थी। एक ओर भजन-कीर्तन, अखंड पाठ गूंज रही थी तो दूसरी ओर रामधुन में मगन युवा पटाखे छोड़ खुशियां मना रहे थे।

सनातन काल में 14 वर्ष वनवास के बाद जब प्रभु श्रीराम वापस अयोध्या लौटे तो उस समय हर कोई चाहता था कि भगवान श्रीराम से सबसे पहले मैं मिलूं, लेकिन राम तो एक थे और भक्त अनेक। उस समय भगवान श्रीराम की ऐसी महती कृपा हुई कि एक क्षण में भगवान श्रीराम सबको मिल गए। इस चमत्कार का जिक्र रामचरित मानस में है, जिसमें लिखा है-छन महिं सबहि मिले भगवाना। उमा मरम यह काहुँ न जाना?

रामचरित मानस में यह भी लिखा है कि सकल राममय जानि। प्रत्येक व्यक्ति राम है, प्रत्येक व्यक्ति के अंदर विराजमान जीव आत्मा उस ब्रह्म का ही अंश है, इसलिए सभी ने एक-दूसरे को राम समझकर आपस में गले मिल लिया। ठीक वही क्षण 22 जनवरी 2024 को दिखा। पूरा विश्व रामनगरी अयोध्या में मंत्रोच्चारण के बीच सविधि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बना।

स्वर्ण व फूलों से सुशोभित रामलला का दर्शन कर रामभक्त धन्य हो गए। काले पत्थर से बनी प्रतिमा में श्रीराम की बेहद मनमोहक छवि नजर आ रही थी। आभामंडल ऐसा, जिसे निहारते ही जाने का मन कर रहा था। माथे पर तिलक और मधुर मुस्कान अद्भुत छटा बिखेर रही थी। रामलला की इस मूर्ति में मुकुट के साइड सूर्य भगवान, शंख, स्वस्तिक, चक्र और गदा नजर आ रहा था। मूर्ति में रामलला के बाएं हाथ धनुष-बाण अलौकिक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार के स्वरूप भी थे। मत्स्य, कूर्म,वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि। इसके अलावा प्रतिमा के एक ओर हनुमान तो दूसरी ओर गरुड़ नजर आ रहे हैं। रामलला की यह मूर्ति कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पत्थर से बनाया गया है, यानी कि पत्थर में कोई भी दूसरा पत्थर नहीं जोड़ा गया है। इस मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। मूर्ति की ऊंचाई 4.24 फीट और चौड़ाई तीन फीट है। इस मूर्ति में भगवान श्रीराम को पांच साल के बाल स्वरूप को दर्शाया गया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063